संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 01 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive




केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि देश के ऊर्जा भविष्य में कोयला क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 59 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



सफलता उसी व्यक्ति को मिलती हैं, जिसका स्वयं की इन्द्रियों पर बस हो।- भगवत गीता

## मन की बात



बाहरी प्रकृति केवल आंतरिक प्रकृति बड़ी है।

-स्वामी विवेकानंद

# उत्तराखंड में एवलांच, 57 मजदूर दबे

- 16 का रेस्क्यू: बद्रीनाथ हाईवे पर बर्फ हटाने के काम में लगे थे, 4 की हालत गंभीर

**रेस्क्यू**

- हिमस्खलन से चीन सीमा पर बीआरओ का कैंप ध्वस्त, सेना ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत-चीन सीमा पर उत्तराखंड में जोशीमठ के माणा क्षेत्र में शुक्रवार को हुए हिमस्खलन से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) का जीआरईएफ कैंप ध्वस्त हुआ है। बीआरओ में भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को इसी कैंप में बुलाया जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से बात की है। उन्होंने बताया कि प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। भारतीय सेना ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है और सेना की स्थानीय इकाइयों ने बचाव कार्य चलाया है। सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से घटना के बारे में जानकारी लेने के बाद बताया कि माणा क्षेत्र में आज हुए दुर्भाग्यपूर्ण हिमस्खलन से बीआरओ का जीआरईएफ कैंप ध्वस्त हुआ है। स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें अवगत कराया है कि प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। सेना की स्थानीय इकाइयों ने भी बचाव कार्य चलाया है। सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में भारी बर्फबारी जारी है और जीआरईएफ जोशीमठ और माणा के बीच सड़क को साफ करने का काम कर रहा है। बचाव और चिकित्सा सहायता में सहायता के लिए जोशीमठ से अतिरिक्त चिकित्सा संसाधन भेजे जा रहे हैं। सेना के मध्य क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालने वाली सूर्या कमांड ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब 07:15 बजे माणा क्षेत्र और बद्रीनाथ के बीच स्थित एक बीआरओ लेबर कैंप हिमस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे 57 श्रमिक आठ कंटेनरों और एक शेड के अंदर दब गए।



### गृह मंत्री ने हिमस्खलन की घटना पर धामी से की बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चमोली में हिम स्खलन की घटना पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और आईटीबीपी और एनडीआरएफ के महानिदेशक से बात की। उन्होंने कहा कि हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर फटने के संदर्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, डीजी आईटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से बात की। हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय प्रशासन बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से लगा हुआ है। एनडीआरएफ की दो टीमें भी जल्द ही घटना स्थल पर पहुंच रही हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

### जयशंकर ने यूरोपीय संघ के नेताओं संग की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आज भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की बैठक शुरू होने से पहले विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यूरोपीय संघ के नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीयमंत्री पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। यह वास्तव में सौभाग्य और गर्व की बात है कि मैंने कल महात्मा गांधी के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित कर यह यात्रा शुरू की।

## पीएम मोदी ने लेयेन के साथ की द्विपक्षीय वार्ता



**समीक्षा की**

- पीएम मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने एक व्यापक व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिशनर्स की यह भारत यात्रा अभूतपूर्व है।

# कांग्रेस ने किसानों की बदहाली पर जताई चिंता, एमएसपी की गारंटी दिए जाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश में किसानों की बदहाली पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दिए जाने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि किसानों को एमएसपी की गारंटी दिये बिना उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हो सकता है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने आज कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत सरकार ने समर्थन मूल्य को पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने के लिए एक समिति बनाई थी। 22 फरवरी 2025 तक इस समिति की करीब 7 मीटिंग और उप समिति की 39 मीटिंग हुई हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ 22 फरवरी को देश के कृषि मंत्री भोपाल से दिल्ली के लिए उड़ान भरते हैं। यात्रा में उन्हें विमान की कुर्सी पर बैठने में तकलीफ होती है और वे सोशल मीडिया पर कोहराम मचा देते हैं। दूसरी तरफ किसान बीते कई साल से यातनाएं भोग रहे हैं लेकिन उनके बारे में कोई बात नहीं करता। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने किसानों को पहले दिया जा रहा बोनस बंद कर दिया और वादा करने के बावजूद लागत का 50% से ऊपर समर्थन मूल्य नहीं दिया।









# एसडीएम ने उपमंडल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** एसडीएम प्रवेश कादियान ने शुक्रवार को उपमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ के हाजरी रजिस्टर, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, प्रसुती वार्ड, फामेर्सी में जाकर चेकिंग की। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि वे अपनी ड्यूटी इमानदारी से करें। अगर उसके बाद भी कोई लापरवाही करता है तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से दी जाए। इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिए जाने में किसी प्रकार की कोई



समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराएं, जिससे उस समस्या का समाधान किया जा सके और किसी को कोई परेशानी न हो। अस्पताल में मशीन, साफ-सफाई, पानी, दवा एवं मरीजों की दी जाने वाली सुविधाएं आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर एसएमओ डा. टीना आनंद, एसएमओ डा. संजय कौशिक, बाल रोग विशेषज्ञ डा. रोहतास भल्ला, डा. पुनीत गांधी, डा. ह्योति मान, स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश धनखड़, फार्मासिस्ट सुनील खोखर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

एसएमओ डा. टीना आनंद ने एसडीएम प्रवेश कादियान को बताया कि अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए नगरपालिका को जमीन स्वास्थ्य विभाग को देनी है, यह प्रक्रिया लटकी हुई है। एसडीएम ने कहा कि वह इस संबंध में जानकारी ले कर जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करवाएंगे। एसएमओ ने शिकायत करी कि अस्पताल के मुख्य गेट के सामने गलत तरीके से वाहन पार्क किए जाते हैं।

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07241931 | ग्रेविटी कॉक | 111128 नग | 25-03-25 |
| 02 | 10255031 | प्रीमियम वूल रिच ब्लैंकेट | 340437 नग | 28-03-25 |
| 03 | 10255027 | सुपीरियर क्वालिटी पिलो फॉर 2 ए एंड 3 ए | 366718 नग | 28-03-25 |
| 04 | 10255032 | अल्ट्रासॉफ्ट कॉटन–रिच बाथ टॉवल | 49707 नग | 28-03-25 |
| 05 | 10255029 | अल्ट्रासॉफ्ट कॉटन–रिच हैण्ड टॉवल | 57405 नग | 28-03-25 |
| 06 | 77259016 RGC | गलूड जॉइंट फॉर 52 किलो ग्राम रेल | 2000 नग | 14-04-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 101/2024–2025 दिनांकः– 28.02.2025 653/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एसडीएम ने शहर के परीक्षा केंद्रों को जांचा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भिवानी बोर्ड द्वारा संचालित 10वीं की परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में हुई। एसडीएम प्रवेश कादियान ने शहर के जनता वरिष्ठ माध्यमिक माध्यमिक सहित ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक परीक्षा चल रही थी। एसडीएम ने चेताया कि परीक्षा के दौरान अगर कही बाहरी हस्तक्षेप मिलता है तो उसके लिए पुलिस कर्मी जिम्मेदार होंगे और परीक्षा केंद्र के अंदर कोई नकल करते पाया व नकल मिले तो ड्यूटी स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि परीक्षा में नकल रोकने के लिए प्रशासन द्वारा टीमें गठित की है।

## उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा संख्याः NR-Proj-UMB-25001B **कार्य का नामः** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन (164 आरकेएम/328 टीकेएम) के सानेहवाल–जालंधर–अमृतसर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री–बिड कार्फ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 103.4 Cr. | 5320500/- | 24 | NIL | 02.04.2025 at 15:00 hrs | 02.04.2025 at 15:30 hrs | हाँ |

| बिडिंग प्रणाली | बिडिंग टाइप | स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू | प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम) | मिनियम डीक्रिमेंट % | सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच : एमएम) |
|---|---|---|---|---|---|
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 |

**कार्य की समान प्रकृतिः** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग", निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोटः**– तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा सूचना क्रमांकः NR/Proj/UMB/Advt./06 तारीख : 27.02.2025** 646/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता/सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **21.03.2025 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/हॉर्टिकल्चर/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली किशनगंज के कार्य क्षेत्र में उत्तर रेलवे मंडल अस्पताल में हरित क्षेत्र का विकास एवं रख–रखाव के कार्य हेतु। | रुपये 59,99,918.00 | रुपये 1,20,000.00 | 30 महीने |
| बी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/पहाड़गंज के कार्य क्षेत्र में बाहरी प्लास्टर की मरम्मत, बीम, छज्जा, बालकनी, सनशेड आदि की मरम्मत और एस सी आई और जी. आई स्टैक की मरम्मत के प्रावधान हेतु। | रुपये 99,99,997.63 | रुपये 2,00,000.00 | 06 महीने |
| सी | सहायक मंडल अभियंता/हॉर्टिकल्चर/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/सरदार पटेल मार्ग के कार्य क्षेत्र में रेलवे ऑफिसर्स एन्क्लेव में हरित क्षेत्र का विकास के कार्य हेतु। | रुपये 99,99,990.44 | रुपये 2,00,000.00 | 12 महीने |
| डी | सहायक मंडल अभियंता/सम्पत्ति–I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/पहाड़गंज के कार्य क्षेत्र में पी.के. रोड रेलवे कॉलोनी में बाहरी सफेदी और पेंटिंग आदि के कार्य हेतु। | रुपये 99,99,998.78 | रुपये 2,00,000.00 | 06 महीने |
| ई | सहायक मंडल अभियंता/हॉर्टिकल्चर/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली किशनगंज के कार्य क्षेत्र में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवन की वार्षिक सामान्य मरम्मत और सफेदी पेंटिंग के लिए शेष कार्य 30.06.2025 की अवधि तक हेतु। | रुपये 70,00,892.05 | रुपये 1,40,000.00 | 06 महीने |

1. निविदा दिनांकः **21.03.2025 को 15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

**पत्र संख्याः–128–डब्लयू/269/ओ.ई.टी./निविदा सूचना/24–25/डब्लयू–ई/टेंडर. नः 22 (ए, बी, सी, डी, ई) दिनांकः 27.02.2025** 645/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रमोद कुमार टंडन पुत्र एल.पी. टंडन निवासी डी-2/2033, वसंत कुंज, नई दिल्ली** अन्य पताः **619, इंद्रप्रस्थ बिल्डिंग, बी.के. रोड़, नई दिल्ली** ने केस वाइड एफआईआर नं. **81/20, अन्तर्गत धारा 420/468/471/120बी आईपीसी के तहत थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद कुमार टंडन** मिल नहीं रहे/रही हैं, और मुझे समाधानाप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद कुमार टंडन** फरार हो गये/गई हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस वाइड एफआईआर नं. **81/20, अन्तर्गत धारा 420/468/471/120बी आईपीसी के तहत थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रमोद कुमार टंडन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री यशदीप चहल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-01, कमरा नं. 21, प्रथम तल मुख्य भवन, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/2522/NDD/2025 (Court Matter)**

## प्राध्यापिका श्रेष्ठा शर्मा ने जेआरएफ परीक्षा की पास



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन गर्ल्स कालेज की अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका श्रेष्ठा शर्मा ने जेआरएफ व अंग्रेजी प्राध्यापिका मीनाक्षी ने नेट की परीक्षा पास की है। श्रेष्ठा शर्मा पिछले 2 सत्र से जैन कालेज गनौर में अर्थशास्त्र पढ़ा रही हैं। इससे पहले वह 4 बार नेट पास कर चुकी हैं। भविष्य में सतत विकास विषय पर वह अनुसंधान करेंगी। वहीं अंग्रेजी पढ़ा रही मीनाक्षी ने कठिन मेहनत के बाद दूसरे प्रयास में नेट की परीक्षा पास की।

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अमि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल पर डीएसडीसी ट्रेनों के संचालन के संबंध में आरओबी/एफओबी के तहत आवश्यक 25 केवी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 2,37,26,550.04/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,68,600/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 11.03.2025 (10.30 बजे) से 25.03.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 25.03.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-16) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : **31D-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 27.02.2025** 647/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. सुनील, पुत्रः मुशी लाल, पताः के–297, मंगोल पुरी, दिल्ली, 2. शशि कपूर, पुत्रः धर्मबीर, पताः एल–830, मंगोल पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 656/19, U/s: 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. सुनील, 2. शशि कपूर** मिल नही रहें है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **1. सुनील, 2. शशि कपूर** फरार हो गयें है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **1. सुनील, 2. शशि कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री ईब्वानी अग्रवाल,
जेएमएफसी–03, उत्तर पश्चिम, कमरा नंबर 107
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2402/OD/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित उर्फ गंजा** पुत्र प्रेम पाल, **निवासी** बी-438, बलबीर विहार, किराड़ी, दिल्ली ने **FIR. No. 297/19 U/S 394/397/411 IPC थानाः अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित उर्फ गंजा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित उर्फ गंजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 297/19 U/S 394/397/411 IPC, थानाः अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री राजिन्द्र कुमार**
एएसजे, कमरा नं. 212
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2552/RD/2025 (court matter)**

## ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार



**गन्नौर।** बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को ब्लाक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार व उपाध्यक्ष अरुण शर्मा को शपथ दिलाई गई। एसडीएम प्रवेश कादियान ने ब्लाक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार व उपाध्यक्ष अरूण शर्मा को शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने भी शिरकत की। कादियान का शपथ कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम प्रवेश कादियान व बीडीपीओ पूनम चंदा ने स्वागत किया। शपथ ग्रहण करने के बाद विधायक ने ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह अपने खंड के विकास के लिए पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से काम करें। अनिल कुमार ने कहा कि गन्नौर ब्लाक में बिना किसी भेदभाव के कार्य करवाने का काम करेंगे।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2025-33 **दिनांकः** 25.02.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन : मिसलेनियस रिपेयर एंड अदर एसोसिएटेड इन वेरियस सबवे एंड ब्रिज अंडर एडीईएन ललितपुर जूरिडिक्शन।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹ 22696959.20 **अमानत राशिः** ₹ 263500.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 21.03.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

- निविदा **दिनांक 21.03.2025** को **15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

**381/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **गुरप्रीत सिंह, पुत्रः धर्मपाल, निवासीः 238, नेशनल पब्लिक स्कूल के पास, दयाल नगर, शाहबाद मारकंडा, कुरूक्षेत्र, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Case No.4101/2019 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना हौज़ क़ाज़ी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **गुरप्रीत सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **गुरप्रीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **गुरप्रीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2025** को या

आदेशानुसार
सुश्री आराधना,
जेएमएफसी एनआई अधिनियम-01
कमरा नंबर 201- सीबीए–द्वितीय
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2485/CD/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजित पिता** हरी चंद **निवासी** वीपीओ–कलिंगा, तहसील–भिवानी, जिला–भिवानी–127021, ने **Case Reg. 3153/2020, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन केएन काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case Reg. 3153/2020, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन केएन काटजू मार्ग, रोहिणी जिला, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **अजित** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु सहलोथ**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर जिला, कमरा नंबर 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2055/RD/2025 (Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 62–अम्बाला/2024–25 दिनांक 27.02.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एसएमएल (शिमला, चरण–II) सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ़ बनाना। | 1,04,87,821 | 2,02,400 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 2 | एडीईएन/एसएमएल (कालका, चरण–II) सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ बनाना। | 1,56,71,029 | 2,28,400 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 3 | एडीईएन/एसएमएल (रैंडम रबल चिनाई कार्य) के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएमएल खंड में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ बनाना। | 74,43,581 | 1,48,900 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 4 | एडीईएन/एसएमएल (रैंडम रबल चिनाई कार्य) के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/केएलके सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ बनाना। | 74,43,380 | 1,48,900 | 06 महीने | 24.03.2025 |
| 5 | (01) रेल विहार स्टेडियम अंबाला कैंट में मिट्टी भरने और क्रिकेट पिच के निर्माण के माध्यम से ग्राउंड लेवलिंग का प्रावधान और (02) अंबाला कैंट में रेल विहार स्टेडियम ग्राउंड में ड्रेनेज सिस्टम और परिधीय रनिंग ट्रैक का निर्माण। | 1,58,31,977 | 2,29,200 | 04 महीने | 24.03.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **649/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# विस में हेल्थ डिपार्टमेंट पर कैग रिपोर्ट पेश

## मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं, स्टाफ की कमी, बड़े ऑपरेशन के लिए लंबा इंतजार

**रिपोर्ट आई**

**21 क्लीनिकों में टॉयलेट, 15 क्लीनिकों में बिजली और 6 क्लीनिकों में टेबल तक नहीं थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा (विस) में हेल्थ डिपार्टमेंट से जुड़ी कैग रिपोर्ट रखी। 7 पन्नों की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। नर्स और डॉक्टर्स की संख्या पर्याप्त नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य प्रोग्राम में फंडिंग की कमी है। एंबुलेंस में जरूरी उपकरण नहीं हैं। आईसीयू की कमी है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की कम से कम 21 मोहल्ला क्लीनिक में टॉयलेट नहीं है। अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा कोविड-19 के दौरान केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को जो रकम दी थी, उसका इस्तेमाल ही नहीं किया गया। इस रिपोर्ट पर सोमवार को सदन में चर्चा होगी। इस बीच विधानसभा से सस्पेंड आप विधायकों ने राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा है।

आप सरकार कोविड के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से दिए गए 787.91 करोड़ रुपए में से सिर्फ 582.84 करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर पाई। पीपीए किट, मास्क और दवाओं के लिए जारी 119.85 करोड़ रुपए में से 83.14 करोड़ रुपए का इस्तेमाल नहीं हुआ। मोहल्ला क्लीनिकों में जरूरत की बुनियादी चीजें नहीं थीं। 21 क्लीनिकों में टॉयलेट, 15 क्लीनिकों में बिजली और 6 क्लीनिकों में टेबल तक नहीं थे। जनवरी, 2025 तक दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 546 मोहल्ला क्लीनिक थे।

आयुष डिस्पेंसरी का भी यही हाल था। 49 डिस्पेंसरी में से 17 में बिजली, 7 में टॉयलेट और 14 में पीने के पानी की सुविधा नहीं थी। अस्पतालों में बिस्तरों की कमी के बावजूद सिर्फ 1357 बेड बढ़ाए गए। जबकि सरकार ने 2016-17 से 2020-2021 तक के बजट में कुल 32 हजार बेड बढ़ाने का वादा किया था।

आप सरकार के दौरान सिर्फ तीन नए अस्पताल बने। इसमें तीसरे अस्पताल की लागत टेंडर की लागत से बहुत ज्यादा थी। राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 6 मॉड्यूलर/सेमी-मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, स्टोन सेंटर, ट्रांसप्लांट आईसीयू और वार्ड, किचन, 77 प्राइवेट कमरे, 16 क्लव बेड, 154 सामान्य बेड और रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल चालू हालत में नहीं थे।

जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 7 मॉड्यूलर, किचन, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, मेडिकल गैस पाइपलाइन, 10 उउव बेड और 200 जनरल बेड चालू नहीं थे। बेड ऑक्यूपेंसी 20 से 40% थी। लोक नायक अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे इमरजेंसी सर्विस के लिए स्पेशलाइज डॉक्टरों की कोई परमानेंट व्यवस्था नहीं थी।

27 अस्पतालों में से 14 में आईसीयू, 16 में ब्लड बैंक, 8 में ऑक्सीजन, 15 में मॉच्युरी और 12 अस्पतालों में एम्बुलेंस नहीं थी।

शराब नीति पर रिपोर्ट में 2002 करोड़ का नुकसान सीएम रेखा गुप्ता ने 25 फरवरी को सदन में दिल्ली शराब नीति पर कैग रिपोर्ट पेश की थी।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की सीबीआई जांच नहीं होगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ मामले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका आनंद लीगल ऐड फोरम ट्रस्ट ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि इस घटना के चश्मदीद गवाहों के मुताबिक इसमें करीब दो सौ लोगों की मौत हो गई थी। याचिका में कहा गया था कि इस घटना में मृत लोगों की संख्या कम बताकर हादसे के पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आपके पास क्या सबूत हैं कि इस हादसे में दो सौ लोगों की मौत हो गई। कोर्ट ने राहत पाने के लिये वैसे लोगों को सीधे अदालत से संपर्क करने को कहा जिनके परिजनों को इस घटना में जान गंवानी पड़ी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में वकील विशाल तिवारी ने भी याचिका दायर कर केंद्र और सभी राज्यों को मिलकर एक विशेषज्ञ कमेटी बनाने की जरूरत बताई जो क्राउड मैनेजमेंट और भगदड़ की घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करे।




दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। गृह मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में हो रही इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, गृह विभाग के मंत्री अशीष सूद, दिल्ली पुलिस के कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

# स्कूटी सवार बदमाशों ने चलाई गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में गुरुवार देर रात स्कूटी सवार बदमाशों ने एक युवक घर के बाहर गोलीबारी की। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी में स्कूटी सवार दो युवक गोलीबारी करते हुए दिख रहे हैं। फिलहाल पुलिस जेल में बंद बदमाशों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर रात भजनपुरा इलाके में एक युवक के घर पर गोलीबारी की सूचना पुलिस को मिली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को चार कारतूस के खाली खोल मिले।

# अतिशी की चिट्ठी पर विजेन्द्र गुप्ता का पलटवार



**कानून सम्मत**

**आतिशी के पत्र पर अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पलटवार करते हुए कार्रवाई को उचित और कानून सम्मत ठहराया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र से निलंबित आम आदमी पार्टी की विधायक औ सदन में विपक्ष की नेता आतिशी के पत्र पर अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पलटवार करते हुए कार्रवाई को उचित और कानून सम्मत ठहराया है। शुक्रवार को विजेन्द्र गुप्ता ने अपने पत्र में आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 12 सालों तक सत्ता में काबिज रहे विपक्ष को सदन में कार्य संचालन से संबंधित नियमों और विनियमों की जानकारी नहीं है। विजेन्द्र गुप्ता ने आतिशी को लिखे पत्र का दवाब देते हुए कहा कि यदि कोई सदस्य उपराज्यपाल के सदन में उपस्थित रहते हुए उनके अभिभाषण को बाधित करता है, चाहे वह भाषण, बिंदु-विशेष उठाने, वाकआउट करने या किसी अन्य माध्यम से हो, तो इसे उपराज्यपाल के प्रति अनादर एवं सदन की अवमानना माना जाएगा, और इसे अनुशासनहीन आचरण की श्रेणी में रखकर आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस स्थापित नियम का पालन करते हुए तथा संसदीय प्रक्रियाओं के अनुरूप, एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया और बहुमत से पारित हुआ, जिसके तहत सदन के कार्य में व्यवधान डालने वाले 21 विधायकों को तीन दिनों के लिए निलंबित किया गया। यह निर्णय मनमाना नहीं था बल्कि संसदीय नियमों और पूर्व मिसालों पर आधारित था। विजेन्द्र गुप्ता ने अपने पत्र कहा कि नियम 277, बिंदु 3 (डी) स्पष्ट रूप से कहता है, "जो सदस्य सदन की सेवा से निलंबित किया गया है, उसे सदन के परिसर में प्रवेश करने और सदन एवं समितियों की कार्यवाही में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जाएगा।" अतः, यह स्पष्ट है कि जब कोई सदस्य निलंबित होता है, तो उसे इन परिसीमित क्षेत्रों में प्रवेश से वंचित किया जाता है, जो कि एक स्थापित संसदीय परंपरा है। दुख की बात है कि दिल्ली की जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों, विशेष रूप से कैग रिपोर्ट्स पर चर्चा करने की बजाय, विपक्ष ने सदन में व्यवधान उत्पन्न करने का मार्ग अपनाया।

# विद्यार्थियों के लिए फूलों में हैं व्यापारिक संभावनाएं: कुलपति




**रचनात्मकता**

**पुष्प प्रदर्शनी में दिल्ली-एनसीआर के के 68 कॉलेजों, संस्थानों और छात्रावासों ने हिस्सा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के उत्तरी परिसर स्थित गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में डीयू की 67वीं पुष्प प्रदर्शनी 2025 का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। पुष्प प्रदर्शनी में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 68 कॉलेजों, संस्थानों और छात्रावासों ने हिस्सा लिया। टिकाऊ प्रथाओं के लिए शुरू किया गया शताब्दी कप इस बार मिरांडा हाउस कॉलेज ने जीता। पुष्प प्रदर्शनी में राष्ट्रपति भवन की प्रदर्शनी ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अद्वितीय मंच है, जहां से सभी को कुछ न कुछ अच्छा मिलता है। विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों से व्यापारिक संभावनाओं की जानकारी भी मिलती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में हथकरघा अहम योगदान देगा। इसमें स्थिरता और ग्रोथ दोनों हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र को विशेष बल मिलेगा। हथकरघा उद्योग में महिलाओं की भागीदारी करीब 70 प्रतिशत है, इसलिए यह महिला सशक्तीकरण में अहम योगदान दे रहा है। कुलपति ने प्राचीन भारत की समृद्धि में हथकरघा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कभी भारत के ढाका की मलमल दुनिया का सबसे कीमती कपड़ा होता था। ब्रिटिश काल में इस उद्योग को तबाह कर दिया गया और यह कपड़ा भी गायब हो गया। इसके साथ ही कुलपति ने पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ केवल देते हैं, किसी से लेते कुछ नहीं। इसलिए दूसरों के हित में अपना हित देखने का ज्ञान हमें पेड़ों से लेना चाहिए। फ्लावर शो की अध्यक्ष प्रो. रजनी अब्बी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि फ्लावर शो रचनात्मकता को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और समाज की भलाई के लिए सामुदायिक जुड़ाव के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डीयू उद्यान समिति की अध्यक्ष प्रो. रूपम कपूर ने पुष्प प्रदर्शनी के बारे में जानकारी प्रस्तुत की और इसमें सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञपित किया। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह और कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता सहित अनेकों प्रिंसिपल, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# तीन महीने से मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर रहा गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई

**नई दिल्ली:** पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश-1 में हुए जिम संचालक नादिर शाह हत्याकांड में गिरफ्तार गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी जोया खान ने पूछताछ में खुलासा किया है कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई तीन महीने से मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहा है। बिश्नोई इस समय गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। इधर, जोया के घर से पिस्टल और 5 कारतूस बरामद हुए हैं।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जोया खान को ये पता था कि नादिर शाह की हत्या होनी है। उसे हत्या की पूर्व में जानकारी थी। साथ में ये भी पता था कि हत्या कैसे होनी है।

# चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के मुखर्जी नगर इलाके में लाखों के आभूषण की चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर व रिसीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) की मदद से दबोचा है। इनकी पहचान दिल्ली के गोपालपुर निवासी इमरान और रिसीवर सचिन वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से पौने छह लाख नकद और चोरी के टूटे हीरे और मोती के आभूषण बरामद किए हैं। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुखर्जी नगर थाना पुलिस को 16 फरवरी को चोरी की एक शिकायत मिली। शिकायतकर्ता नवीन कुमार चोपड़ा ने पुलिस को बताया कि किसी ने उनके घर का ताला तोड़कर लाखों की नकदी व सोने के आभूषण चोरी किए हैं। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी के साथ ही एफआरएस से मामले की जांच की। डीसीपी के अनुसार पुलिस ने एफआरएस के जरिए आरोपित इमरान की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर उसके घर से 5,87,000 रुपये नकद और अपराध के समय पहने हुए कपड़े और जूते बरामद किए गए।

## हथियार के साथ फोटो और वीडियो अपलोड करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने हथियार के साथ फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर डालने वालों के खिलाफ एक अभियान चलाया है। इसी के तहत कारवाई करके उनको गिरफ्तार भी कर रही है। जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान नजफगढ़ निवासी विवेक के रूप में हुई है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने शुक्रवार को बताया कि विवेक गैंगस्टरों से प्रभावित होकर काम छोड़ दिया और हथियार खरीदकर ले आया। पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करके आसपास के लोगों को डराने लगा।

# पेंसिल की नोक की तरह पैरों की पतली हड्डियों में आई जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दुर्लभ रोग से पीड़ित 9 साल की बच्ची ने खड़े होने का सपना ही छोड़ दिया था। घुटने से नीचे और एड़ी से ऊपर दोनों पैरों की हड्डियां पेंसिल की नोक की तरह कमजोर हो गई थीं। अक्सर खड़े होने पर हड्डियां टूट जाती थीं, लेकिन दोनों पैरों की सर्जरी के बाद बच्ची अब चलने में सक्षम है। द्वारका स्थित निजी अस्पताल में जांच के दौरान बच्ची को न्यूरो फाइब्रो मैटोसिस टाइप-2 (एनएफ2) के साथ जन्मजात स्यूडो आर्थ्रोसिस का पता चला। यह हड्डियों की मजबूती और उपचार को प्रभावित करने वाली एक दुर्लभ स्थिति है। बच्ची को छह साल की उम्र में ही सर्जरी से गुजरना पड़ा था, लेकिन इसके बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ था। डॉ. विक्रम खन्ना ने कहा कि मुख्य चुनौती हड्डियों के सिरों का आपस में न जुड़ना था, जिसका मतलब है कि हड्डियां उम्मीद के मुताबिक ठीक नहीं हो पाईं। इसके अलावा उसकी बोन मेरो बहुत पतली थी और पूरी हड्डी की गुणवत्ता खराब थी, जिससे उपचार मुश्किल हो रहा था। डॉक्टर के अनुसार, भले ही हम उसका इलाज करने में कामयाब हो गए, लेकिन रिफ्रैक्चर का जोखिम बहुत अधिक था।

# सांसद तिवारी ने विधायकों के साथ किया यमुना घाट का दौरा



**निरीक्षण**

**आज सोनिया विहार दूसरा पुस्ता यमुना घाट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने भाजपा विधायकों के साथ शुक्रवार को दिल्ली के सोनिया विहार के यमुना घाट का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान यमुना सफाई के संबंध में अधिकारियों से बातचीत की। सांसद मनोज तिवारी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज सोनिया विहार दूसरा पुस्ता यमुना घाट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। यमुना रिवर फ्रंट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिससे घाट को और भव्य स्वरूप दिया जा सके। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में आरती, पूजन व सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने की योजना बनाई गई है। मनोज तिवारी ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने दिल्ली की जनता से यमुना रिवर फ्रंट बनाने का वादा किया था। यमुना नदी को दिल्ली की पहचान बनाने को भी कहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा जल्द ही सोनिया विहार क्षेत्र का सौंदर्यीकरण करेगी ताकि यहां रहने वाले नागरिकों को यमुना नदी के किनारे आने की सुविधा मिल सके और उनका जीवन बेहतर हो। तिवारी ने बताया कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यहां प्रचार के लिए आए थे, तब उन्होंने यमुना की सफाई को लेकर के चिंता जताई थी। भाजपा इस परियोजना को जल्द ही पूरा करने के लिए कामों में जुट गई है। इस दौरान करावल नगर से विधायक कपिल मिश्रा, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान, निगम पार्षद अनुपम पांडे और बृजेश सिंह मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि यमुना की सफाई का कार्य भाजपा के घोषणा पत्र में सबसे अहम था। भाजपा ने दिल्ली की जनता से यमुना रिवर फ्रंट बनाने का वादा किया था।


# अगस्ता घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग केस में मिशेल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**सुनवाई**

**जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि क्रिश्चियन मिशेल के भागने का खतरा है और अगर वो एक बार भाग गया तो उसे जांच के लिए दोबारा प्रत्यर्पित कराना काफी मुश्किल होगा। मिशेल के वकील ने कहा कि उसका पासपोर्ट एक्सपायर हो चुका है। मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अधिकतम सात साल की सजा का प्रावधान है और मिशेल छह साल से अधिक समय तक जेल में गुजार चुका है। सुप्रीम कोर्ट सीबीआई के मामले में जमानत दे चुका है। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 हेलीकॉप्टरों की खरीद में 3600 करोड़ रुपये के घोटाले का है। सीबीआई के मुताबिक मिशेल ने इस घोटाले की कुछ रकम 2010 के बाद हासिल की और कुछ 2010 के बाद। 3600 करोड़ रुपये के इस घोटाले में ईडी ने मिशेल को जनवरी 2019 में गिरफ्तार किया था। मिशेल को दुबई से प्रत्यर्पित कर दिसंबर 2018 में भारत लाया गया था। 23 अक्टूबर 2020 को कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 19 सितंबर 2020 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में क्रिश्चियन मिशेल, राजीव सक्सेना, अगस्ता वेस्टलैंड इंटरनेशनल के डायरेक्टर जी सापोनारो और वायुसेना के पूर्व प्रमुख एसपी त्यागी के रिश्तेदार संदीप त्यागी समेत 13 को आरोपी बनाया गया है। इस चार्जशीट में पूर्व सीएजी और पूर्व रक्षा सचिव शशिकांत शर्मा को आरोपित नहीं बनाया गया है, क्योंकि उनके खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए अभी सीबीआई को कोई स्वीकृति नहीं मिली है।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजी दिल्ली: आधी रात को कारोबारी के घर पर फायरिंग



**जांच जारी**

**कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, उसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। भजनपुरा स्थित यमुना विहार में आधी रात को स्कूटी सवार बदमाशों ने कारोबारी के घर पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। कारोबारी की आंख खुली तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। स्कूटी सवार दो बदमाश गोलियां चला रहे थे। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। फौरन मामले की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहंच गए। क्राइम टीम और एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। छानबीन के दौरान टीम को चार खोखे बरामद हुए हैं। मना जा रहा है कि डराने की नियत से गोलियां चलाई गई हैं। फिलहाल, पीड़ित किसी भी तरह की रंजिश या जबरन वसूली के लिए गोली चलाने की बात से इंकार कर रहा है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि पीड़ित शाहनवाज (39) परिवार के साथ यमुना विहार के अपने मकान में रहते हैं। बृहस्पतिवार रात को वह खाना खाकर अपने कमरे में सो रहे थे। इस बीच 1.05 बजे उन्होंने अचानक गोली चलने की आवाज सुनी। उन्होंने खिड़की से बाहर झांककर देखा तो स्कूटी सवार दो लड़के गोलियां चला रहे थे। कुछ गोलियां बदमाशों ने पीड़ित के दरवाजे पर चलाईं जबकि बाकी हवा में गोलियां चलाई। बदमाशों के चले जाने के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही थाने की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शाहनवाज का बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमला करने वालों की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, उसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार बुरी तरह डरा हुआ है। परिवार ने पुलिस से हिफाजत की मांग की है। पुलिस बाकी लोगों से पूछताछ कर

# केजरीवाल पर खूब बरसे उनके पुराने साथी कपिल

**नई दिल्ली:** विधानसभा सत्र के दौरान सीएजी रिपोर्ट की परत दर परत खोलने में सत्ता पक्ष के नेता जुटे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने आप पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आक्रामक तेवर अख्तियार किए हैं। 10 साल में सीएजी की कोई भी रिपोर्ट केजरीवाल सरकार ने विधानसभा में पेश नहीं की। वहीं, मंत्री कपिल मिश्रा ने सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान कहा कि घोटालों की सूची इतनी बड़ी है कि इसे खोलते-खोलते कई दिन निकल जाएंगे।

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए जनता भाजपा को समर्थन दे: सैनी

## -मुख्यमंत्री ने जाखल नगरपालिका के चेयरमैन प्रत्याशी के पक्ष में की चुनावी जनसभा, नगरपालिक रतिया की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना को मुख्यमंत्री ने भाजपा में शामिल कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/फतेहाबाद। हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को जाखल में भाजपा के नगरपालिका चेयरमैन प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल के समर्थन में अनाज मंडी में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से अपील की कि आगामी 2 मार्च को भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश और देश के विकास को नई गति दी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय निकायों में भाजपा की सरकार होने से योजनाओं का लाभ जनता तक तेजी से पहुंचता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीब वर्गों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई हैं। इनमें बुढ़ापा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, किसान सम्मान निधि और रोजगार के अवसरों का सृजन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पारदर्शी नीतियों और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के कारण ही हरियाणा तेजी से प्रगति कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि नगरपालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल को विजयी बनाएं ताकि विकास की गति को और तेज किया जा सके। जनसभा में रतिया नगरपालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना को मुख्यमंत्री ने भाजपा **में शामिल करवाया।**

**तीन गुना गति से होगा जाखल का विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जाखल नगरपालिका के चेयरमैन चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के जीत के साथ ही तीन गुना तेज गति से विकास भी होगा। उन्होंने जनसभा में लोगों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि बिना भेदभाव के विकास कार्य तेज गति से कराये जायेगे। लाड़वा में जिस तरह के विकास कार्य होंगे उसी तर्ज पर जाखल के विकास की गति को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। निकाय चुनाव में पूरे हरियाणा में भाजपा के पक्ष में एक तरफा माहौल बना हुआ है। नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद के चुनावों में प्रदेश की जनता भाजपा पर विश्वास व्यक्त करेगी। जनता हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस को जीरो पर आउट करेगी।

**भाजपा ने 100 दिन में 18 संकल्प पूरे किए, 10 के लिए मंजूरी आने वाली**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्थानीय शहरी निकाय चुनाव में कांग्रेस के लोग दुष्प्रचार करते हुए कह रहे हैं कि भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए। दरअसल कांग्रेस लोगों को बरगलाने का प्रयास कर रही है। भाजपा संकल्प पत्र के वादे पूरे कर रही है। 100 दिनों के अंदर भाजपा 18 वादे पूरे कर चुकी है। 10 पर काम शुरू है और उनके लिए आर्थिक अनुमति जरूरी है, जो मंजूर होकर आने वाली है। ऐसे करके 28 वादे भाजपा ने पूरे कर दिए हैं।

**महिलाओं को 2100 रुपए देने के लिए अलग से बजट होगा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिलाओं को 2100 रुपए देने का वादा किया था। अलग से बजट अलॉट किया जाएगा। इसी बजट सत्र में हम इस योजना के लिए अलग से बजट लेकर आएंगे। उसके बाद प्रदेश में महिलाओं को 2100 रुपए मिलने की ऐतिहासिक शुरूआत हो जाएगी।

**विपक्ष ने झूठ बोलकर बरगलाने का काम किया, युवाओं की भर्ती कांग्रेस ने रुकवाई**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम करता है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने युवाओं की सरकारी नौकरी का रिजल्ट रुकवा दिया था। कांग्रेसी चुनाव आयोग और कोर्ट में चले गए थे, लेकिन मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में ली पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी दी। हरियाणा के इतिहास में इतनी बड़ी भर्ती पहले कभी नहीं हुई।

**हमने वादे पूरे किए, मुफ्त डायलिसिस और 500 में दे रहे हैं गैस सिलेंडर**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा तेज गति से काम कर रही है। संकल्प पत्र के वादे पूरे किए जा रहे है। सरकार के गठन के साथ ही मरीजों को मुफ्त डायलिसिस देने के वायदे को पूरा किया गया है। प्रदेश के सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और पीजीआई में डायलिसिस के पैसे नहीं लगते। इसके साथ ही हर घर गृहणी योजना के तहत प्रदेश में 15 लाख परिवारों को 500 रुपए में सिलेंडर दिया जा रहा है। सभी पात्र परिवारों को जिनकी आय सालना 1 लाख 80 हजार है उन्हें इस योजना से जोड़कर 500 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा।

**लोगों को दिया जमीन और मकानों का मालिकाना हक**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के अनुसार पात्र परिवारों को प्लॉट दिए हैं। इसके अलावा पट्टेदारों की जमीन का मालिकाना हक दिया गया है। पंचायती जमीन पर जिनके मकान 20 साल से ज्यादा समय से बने हुए हैं।





### वोट की अपील

भाजपा सरकार ने बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीब वर्गों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई हैं: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## विकास को प्राथमिकता देकर जाखल के लोग भाजपा को जिताएं: बराला

**चुनावी** जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों में प्रदेश की जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी। उन्होंने जाखल नगरपालिका चेयरमैन प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल को जिताने की अपील करते हुए विकास को प्राथमिकता देकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद ही जाखल में विकास की एक नई शुरूआत हुई थी। 18 करोड़ रुपये की लागत से मंजूर रेलवे अंडर पास का काम शुरू है और इसे जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जाखल के विकास के लिए दिल खोलकर विकास कराया है और यह गति भविष्य में भी जारी रहेगी।



**जाखल में विकास की गति को रुकने नहीं देगें: बबली**

पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने जाखल नगरपालिका के चेयरमैन प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल को जिताने और ट्रिपल इंजन की सरकार में अपना योगदान देने को कहा। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा कि जो विकास कार्य भाजपा सरकार में शुरू करवाए गए है उनको आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा की विकास करवाने के लिए सरकार का पूरा सहयोग जाखल को दिया जाएगा। कार्यकताओं को आह्वान करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि वे 2 मार्च को होने वाले चुनावों में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए घर- घर सबसे सम्पर्क करें।इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिशंबर वाल्मीकि, अनूप धानक, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक रविंद्र बलियाला, दुड़ाराम, जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, नगरपालिका चेयरमैन के प्रत्याशी सुरेंद्र मित्तल, प्रभारी सुरेंद्र आर्य, महामंत्री अशोक जाखड़, जगजीत हुड्डा, श्रीनिवास गोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नेता मौजूद रहे।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश मेहता भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अम्बाला/रतिया।** आगामी 2 मार्च को होने वाले अम्बाला नगर निगम के मेयर उपचुनाव के मतदान से पहले ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। नगर निगम में डिप्टी मेयर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश मेहता ने आज भाजपा में शामिल होने की घोषणा कर दी। आज ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनसभा के मंच पर पहुंच राजेश मेहता ने यह राजनीतिक विस्फोट करके सबको चौंकाने का काम किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजेश मेहता का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।







मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में अपने खिलाफ कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़े त्रिलोचन सिंह द्वारा भाजपा में शामिल होने का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने घर- घर जाकर हर कांग्रेसी को भाजपाई बनाने का काम करके कांग्रेस मुक्त करनाल करने का काम किया है। उन्होंने आशा जताई कि उसी प्रकार राजेश मेहता भी एक-एक वोट कमल के फूल पर डलवाकर कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त करवाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में राजेश ने भाजपा सदस्यता ग्रहण करते हुए न केवल मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया बल्कि कहा कि वह मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री असीम गोयल की जनहितैषी नीतियों को देखते हुए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेवारी लगाएगी उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।

मालूम हो कि राजेश मेहता ने 2020 में नगर निगम चुनाव कांग्रेस के समर्थन से जीता था और परिणाम के तुरंत बाद विनोद शर्मा के नेतृत्व वाली हरियाणा जनचेतना पार्टी का दामन थाम कर नगर निगम में डिप्टी मेयर बने थे। हाल ही के विधानसभा चुनाव में जब हजपा के मुखिया विनोद शर्मा ने भाजपा को समर्थन की घोषणा की तो वे फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मतदान से ऐन पहले भाजपा में शामिल हो गए। इसे अंबाला शहर कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि मेहता स्थानीय स्तर पर एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं।

**प्रीति खन्ना भाजपा में शामिल**

हरियाणा मुख्यमंत्री की रैली के दौरान रतिया नगर पालिका की चेयरपर्सन प्रीति खन्ना भाजपा में शामिल हो गईं।

## बाल छप्पर फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर। यमुनानगर** पुलिस ने बीती 11 फरवरी को गांव बाल छप्पर में गोली चलाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में जबकि दूसरे आरोपी को लेकर चार दिन का रिमांड मांगा गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुक्रवार को जिला पुलिस उप अधीक्षक राजेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अपराध शाखा -1 की टीम ने 27 फरवरी की रात को थाना छप्पर में बस अड्डा के नजदीक एक नौजवान युवक अनिकेत वासी सरस्वती नगर को एक अवैध देशी पिस्टल, 2 मैगजीन व 7 जिंदा रौंद के साथ काबू किया।

## ओलम्पिक, एशियाई व कामनवेल्थ खेलों की नर्सरियां खोली जाएंगी





**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा सरकार ने प्रदेश में ओलंपिक , एशियाई तथा कामनवेल्थ खेलों के लिए खिलाड़ियों की पौध तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने "खेल नर्सरी योजना 2025 - 26" बनाई है। इस योजना के तहत स्थापित नर्सरियों में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को ध्यान में रख कर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी ,निजी शिक्षण संस्थानों , पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये हैं। इन संस्थानों में केवल ओलम्पिक , एशियाई व कामनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेलों के लिए ही खेल नर्सरियां खोली जाएंगी। इच्छुक संस्थान विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीति को देशभर में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पिछले कई वर्षों से हरियाणा के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा मैडल लेकर आ रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल विजेताओं को जहां सरकारी नौकरी दी जाती हैं वही अच्छी खासी ईनामी धनराशि भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि ओलंपिक खेलों में मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को हरियाणा में सर्वाधिक राशि दी जाती है। ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

### प्रक्रिया

हरियाणा के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा मैडल लेकर आ रहे हैं

## बेरोजगारी के मुद्दों को विधानसभा में उठाएगी कांग्रेस: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस आने वाले विधानसभा सत्र में पेपर लीक, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठेगी। क्योंकि एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं और बीजेपी पेपर लीक माफिया को संरक्षण दे रही है। इस सरकार के दौरान बोर्ड की परीक्षाओं से लेकर भर्ती तक हरेक पेपर में घोटाले हुए हैं। लेकिन अब तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक के बाद एक घोटाले उजागर हो रहे हैं। यहां तक कि हाईकोर्ट ने खनन घोटाले पर सरकार को आइना दिखाया है। बावजूद इसके सरकार कितने बड़े घोटाले पर पर्दा डालने में लगी है। भ्रष्टाचार की तरह प्रदेश में बेरोजगारी और अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

## सैलजा ने संकेतक लगवाने को लेकर केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने एनएच-9 डबवाली से हिसार तक खराब पड़ी लाइटें और कुछ स्थानों पर लाइट का प्रबंध करने व संकेतक लगवाने के लिए केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग नितिन गडकरी को पत्र लिखते हुए कहा है कि लाइट और संकेतक के अभाव में वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है, गलत दिशा में जाकर उन्हें भटकना पड़ता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हिसार-सिरसा चारमार्गीय एनएच-9 पर फतेहाबाद नगर स्थित है जब यात्री हिसार से फतेहाबाद और फतेहाबाद से सिरसा की ओर प्रवेश करता है इस मार्ग पर पहली बार आने वाले यात्रियों खासकर रात में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि इन दोनों ही स्थानों पर न तो लाइट का कोई प्रबंध है और न ही किसी प्रकार के संकेतक लगाए गए है। ऐसे में सिरसा आने वाले यात्री वाहन डबवाली की ओर चला जाता है और फतेहाबाद आने वाले वाहन भी गलत दिशा में चले जाते हैं। इसके अतिरिक्त हिसार से डबवाली के बीच मुख्य-मुख्य कस्बों और गांवों के पास 41 किमी लंबा नाला बनाया गया है जिस पर 61 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है, नाले का स्लैब टूटने के कारण वह वर्तमान में अनुपयोगी है, बरसाती पानी की निकासी न होने पर करोड़ों रुपये की बबार्दी हुई है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने पत्र में लिखा है कि एनएच-9 पर अनेक स्थानों पर लाइटें बंद पड़ी है, गांव मोरीवाला, भावदीन, डिंग मोड, गिल्लाखेड़ा, ढाणी चानन, दरियापुर, फतेहाबाद बाईपास, रतिया बाईपास, भूना बाईपास, बड़ोपल, धांगड, खाराखेडी, अग्रोहा आदि स्थानों पर यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बारे में उनकी ओर से 12 दिसंबर 2024 को भी पत्र लिखकर अवगत करवाया था। जिसके जवाब में कहा गया था कि हिसार-डबवाली खंड पर 2622 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की और प्रकाश व्यवस्था चालू कर दी गई है।

## एन्हांसमेंट के समाधान के लिए 14 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने " हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण" से प्राप्त प्लॉट धारकों की बार -बार आने वाली एन्हांसमेंट की परेशानी को दूर करने की दिशा में एक और कदम उठाया है। राज्य सरकार ने "विवादों से समाधान योजना 2024" के तहत प्लॉट धारकों को एक अन्य अवसर प्रदान किया है , अब उक्त प्राधिकरण से प्लॉट ले चुके लोगों को एन्हांसमेंट के समाधान के लिए 14 मई 2025 तक आवेदन करने की अनुमति दी गई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने प्लॉट धारकों को "विवादों से समाधान योजना 2024" के तहत कम राशि में भुगतान करने का एक बार फिर से सुनहरा अवसर दिया है। इसमें प्लॉटधारक अपनी बकाया एन्हांसमेंट राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। इसमें कोई कानूनी जटिलता भी नहीं है।

उन्होंने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट , फ्लोरवाइज रजिस्ट्रेशन , ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी , साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आवंटियों और प्लॉटधारकों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपए से अधिक की छूट प्रदान करती है। योजना का 223 आवंटी पहले ही लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने " हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण" से प्राप्त प्लॉट धारकों को समय रहते अपनी एन्हांसमेंट की परेशानी को दूर करने का आह्वान किया है। एन्हांसमेंट के समाधान के लिए आवेदक पर आगामी 14 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

## नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी जल्दी ही भूपेंद्र हुड्डा को मिलने के आसार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कांग्रेस आला कमान हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी एक बार फिर पूर्व मुख्यमत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ही सौंप सकता है। पिछली विधानसभा में भी हुड्डा ही नेता प्रतिपक्ष थे। विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस सत्ता की प्रबल दावेदार थी लेकिन नब्बे सदस्यों के सदन में 37 सीट ही हासिल कर सकी। सूत्रों के अनुसार प्रदेश के अधिकतर विधायकों की राय के बाद कांग्रेस हाईकमान हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने पर राजी हो गया है। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आगामी सात मार्च से शुरू होने जा रहा है। इससे पूर्व हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने की घोषणा की जा सकती है।



सूत्रों के अनुसार हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर कोई गैर जाट चेहरा लाया जा सकता है। यह चेहरा पंजाबी या दलित समाज से हो सकता है। इस बारे में नए प्रभारी बीके हरिप्रसाद की भी राय ली जा चुकी है। इसके लिए 3 नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं।

पंजाबी चेहरे पर सहमति बनी तो थानेसर से विधायक अशोक अरोड़ा नए प्रदेश अध्यक्ष हो सकते हैं। वह इस दौड़ में शामिल नेताओं में सबसे अनुभवी हैं। इनेलो में रहते हुए वह प्रदेश अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। दलित समुदाय से झज्जर से विधायक गीता भुक्कल और अंबाला से सांसद वरुण चौधरी का नाम सबसे आगे है। इन तीनों नामों पर हुड्डा गुट भी सहमत है।आलाकमान ने हुड्डा और उनके विरोधी गुट के बीच संतुलन का फॉमूर्ला अपनाया तो राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला भी अध्यक्ष हो सकते हैं। उनके लिए सिरसा सांसद कुमारी सैलजा का गुट भी लॉबिंग कर रहा है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भी सुरजेवाला के नाम पर राजी हैं। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा अध्यक्ष चौधरी उदयभान अनुसूचित जाति से आते हैं। इससे पहले भी कुमारी सैलजा और अशोक तंवर दलित नेता के तौर पर संगठन संभाल चुके हैं। अगर कांग्रेस उदयभान को हटाकर किसी दूसरे समुदाय से अध्यक्ष बनाती है तो दलित समाज की नाराजगी बढ़ सकती है। ऐसे में माना जा रहा है कि दलित नेता को ही यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

इसके बाद वरुण चौधरी या गीता भुक्कल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद मिल सकता है।

### भरोसा जताया

विधायकों की राय के बाद कांग्रेस हाईकमान हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने पर राजी हो गया

## न्यूज़ फ्लैश

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सच्चे राष्ट्र सेवक एवं आदर्श शिक्षाविद के प्रतीकः कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सच्चे राष्ट्र सेवक एवं आदर्श शिक्षाविद के प्रतीक हैं। उन्होंने ही 1956 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी। इसलिए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। वे शुक्रवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आर्ट फैकल्टी लॉन में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बोल रहे थे।
इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. कुसुमलता, प्रो. परमेश कुमार, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. अजायब सिंह, डॉ. सोमबीर जाखड़, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. दीपक राय बब्बर सहित गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## कर्मचारी 5 मार्च को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, 28 फरवरी** : हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैंप कार्यालय करनाल की शाखा जन स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार को जलघर बिरला मंदिर में प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राम रतन शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा व जिला सचिव राम रतन शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कार्यरत अधिकारी वर्ग कर्मचारियों को हरियाणा सरकार द्वारा दी हुई सुविधाओं को लागू करने में आनाकानी कर रहे हैं। हम पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों व विकास एवं पंचायत विभाग के प्रमुखों से कई दफा कर्मचारियों की मांगों को हल करने के लिए लिखित में व मौखिक रूप से बातचीत कर चुके हैं। परंतु यह अधिकारी कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं की वर्ष 2006 से जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बहुउद्देशीय कार्यकताओं को नियमित किया जाए। वह जब तक नियमित नहीं किए जाते हैं उनको हरियाणा कौशल रोजगार निगम के बराबर वेतनमान दिया जाए। सरकार से मांग है कि विकास एवं पंचायत विभाग में कार्यरत जल कर्मियों को अप्रैल 2020 से 31 दिसम्बर 2023 तक का जो न्यूनतम वेतनमान का एरियर बकाया है उसका भुगतान जल्द किया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को बी एंड आर व सिंचाई विभाग की तर्ज पर 25500 का वेतनमान दिया जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम में कार्यरत कर्मचारियों का अनुभव ठीक किया जाए और जो वह कर्मचारी कार्य कर रहे हैं उसके मुताबिक ही उनको पदनाम दिए जाएं। जन स्वास्थ्य विभाग की स्कीमों को नगर निगम व पंचायत को ना दी जाए। कर्मचारियों को मेडिकल की सुविधा कैशलेस दी जाए। अपनी मांगों को लेकर के हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 कैंप कार्यालय करनाल की जिला कमेटी द्वारा 5 मार्च को मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र का घेराव करते हुए कर्मचारी की 21 सूत्रीय मांगों का मांग पत्र सौंपा जाएगा।

# व्यवसायियों ने भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन को 85 किलो लड्डुओं से तौला

**- जनता आज समझ चुकी है कि उनके मेयर बनते ही सोनीपत नगर निगम क्षेत्र का सर्वांगी विकास काफी तेजी से होगाः राजीव जैन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** सोनीपत कच्चे क्वार्टर मार्केट के व्यवसायियों ने एकजुटता के साथ अपना पूर्ण समर्थन भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन को देकर सोनीपत निगम क्षेत्र की जनता से उन्हें भारी मतों से जीत दिलवाकर मेयर बनाने की अपील की। इस दौरान व्यवसायियोंने भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का जोरदार स्वागत कर उन्हें 85 किलो लड्डुओं से तौलते हुए हुए विजयी होने का आशीर्वाद देकर उनका मुंह मीठा कराया। राजीव जैन ने कहा कि जनता आज समझ चुकी है कि उनके मेयर बनते ही सोनीपत निगम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास काफी तेजी से होगा और यह नगर निगम एक मॉडल रूप में उभरकर प्रदेश का आदर्श नगर निगम बनेगा।
सरदार मंजीत सिंह, अनमोल परुथी,राकेश चोपड़ा, यशपाल अरोड़ा, जवाहर चांदना, नरेश छाबड़ा, धर्मपाल, अमित कौशिक, अनूप, मनीष राई, मनीष एमके, करण तनेजा, सोनू कथूरिया, अंकुश मल्होत्रा, अशोक वधवा, नोनू सेठी आदि स्थानीय व्यवसायियों ने कहा कि पिछले 38 सालों से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन समाज के हर वर्ग की मदद के लिए 24 घंटे तत्पर दिखाई दिए हैं। लोगों की हर मुसीबत में उनका साथ दिया है। कच्चे क्वार्टर मार्केट में आगजनी की घटनाओं के बाद व्यवसायियों को निजी स्तर पर और सरकारी-प्रशासनिक स्तर पर मदद उपलब्ध करवाया है। ऐसे में समाज के सभी वर्गों के साथ व्यवसायियों की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी एकजुट होकर सोनीपत के मेयर के पद पर राजीव जैन को आसीन करें। उन्होंने राजीव जैन को आश्वासन दिया कि आने वाली 2 मार्च को सोनीपत नगर निगम के मेयर उप चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलवाएंगे। राजीव जैन ने उन्हें भरोसा दिलवाया कि सोनीपत की जनता की आवाज बनकर आपके सभी छोटे-बड़े काम तेजी से करवाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे चुनाव प्रचार के दौरान मिले आप सभी से मिले प्यार और समर्थन से हमारा हौसला और भी दृढ़ हुआ है।
भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने शुक्रवार को श्रीराम शर्मा पार्क एमजी मॉल के पीछे, शिव मंदिर के साथ वाली गली, बाबा कॉलोनी टाटा शोरूम के पास, एमसी मार्केट एसोसिएशन, 8 मारला, कच्चे क्वार्टर मार्केट, रौनक गार्डन सामुदायिक केंद्र नजदीक खाटू श्याम मंदिर कालूपुर चुंगी, ईदगाह रोड, मयूर विहार, अंबेडकर कॉलोनी शिव मंदिर के पास, भगत सिंह कॉलोनी, भगतपुरा ओल्ड डीसी रोड, कैलाशपुर सहित विभिन्न जगहों पर सभाओं को संबोधित करते हुए यह बातें कही।

## आशा वर्कर रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले की एक कालोनी से 39 साल की आशा वर्कर संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। वह पिछले 15-20 दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी। वह वीरवार की सुबह करीब पौने 11 बजे घर से गांव रावर के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। जब परिजनों ने उसकी तलाश की और हर संभव जगह पूछताछ की, तब भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार परिजन थाना सेक्टर 32-33 पहुंचे और महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे आशा वर्कर के पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी बीते कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी।

## दहेज लेने से इनकार करते हुए, एक रुपये में रिश्ता तय



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी।**
**खरखौदा।** शहरवासी डॉ. अनिल दहिया ने अपने बेटे राहुल का रिश्ता मात्र एक रुपये में तय कर समाज के लिए मिसाल पेश की है। उन्होंने दहेज लेने से इनकार करते हुए कहा कि बेटियां स्वयं में सबसे बड़ी संपत्ति होती हैं और विवाह के लिए किसी भी लेन-देन की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। राहुल का विवाह मेजर जनरल समर की बेटी श्यामोली के साथ 2 मार्च को संपन्न होगा। इस निर्णय की क्षेत्र में सराहना हो रही है। डॉ. दहिया ने कहा कि यदि लोग इस परंपरा को अपनाएं तो दहेज प्रथा जैसी कुरीति समाप्त हो सकती है।इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर, रमेश कौशिक, विधायक पवन खरखौदा, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुखबीर फरमाणा, एसडीएम संजय बिश्नोई, दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया, पूर्व सरपंच कृष्ण दहिया, बबीता दहिया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अंग्रेजी भाषा के महत्व एवं बोलचाल पर लेक्चर दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने साई ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल लाडवा में जाकर स्कूल के सभी शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा के महत्व एवं बोलचाल के तौर तरीकों पर एक लेक्चर दिया। इस मौके पर अध्यक्ष राहुल भारद्वाज एवं प्रिंसिपल कविता सिंगल जी ने राजीव परुथी जी को सम्मानित किया। मौके पर राजीव परुथी ने सभी टीचर स्टाफ को अंग्रेजी भाषा के महत्व को बताया एवं बोलने के काफी आसान तरीका बताएं एवं सिखाएं राजीव परुथी ने कहा हर टीचर को सीखते रहना चाहिए। टीचर ने अपनी पढ़ाई छोड़ दी यदि टीचर अपने आप को अपडेट नहीं करेगा तो वह बच्चों को वही सिखाएगा जो उसने सीखा है परंतु आज के जमाने के साथ वही टीचर चल सकता है। जो अपने आप को अपडेट करेगा राजीव परुथी ने सभी टीचर्स को अपील की की आपको अपडेट रहना है सीखते रहना है अपनी पढ़ाई नहीं छोड़नी है। राजीव परुथी ने आज के तौर तरीकों के साथ बच्चों को सीखने के टिप्स दिए मौके पर काफी शिक्षकों ने सवाल पूछे राजीव परुथी ने सभी को अपने नेचर के अंदर बदलाव लाने को कहा राजीव ने कहा शिक्षक के हाथ में है की बच्चों को राम बनाना है।

**निशाना बनाया**
**बोलने के काफी आसान तरीका बताएं एवं सिखाएं राजीव परुथी ने कहा हर टीचर को सीखते रहना चाहिए**

## कोमल ने डोर टू डोर भाजपा का चुनाव प्रचार कर कमल खिलाने की अपील की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** नगर निगम पानीपत के चुनाव 9 मार्च को होंगे। इन चुनाव को लेकर शहर के सभी 26 वार्डों में राजनैतिक सरगर्मियां चरम पर है। मेयर पद प्रत्याशी कोमल सैनी ने आज शहर के लगभग दस वार्डों में भाजपा के पार्षद उम्मीदवारों को साथ लेकर डोर टू डोर भाजपा का चुनाव प्रचार कर कमल खिलाने की अपील की। यूं तो भाजपा 24 घंटे सातों दिन चुनाव के मूड में रहती है। भाजपा के पक्ष में पूरे हरियाणा में एक लहर चल रही है।फिर भी इन चुनाव का महत्व अन्य चुनावोंसे अधिक है।इस बार केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जब स्थानीय निकाय चुनाव में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी तो ट्रिपल इंजन सरकार विकास कार्यों का भी एक नया इतिहास रचनाएगी। सभी 26 वार्डों में चुनाव कार्यालय पूरी जिम्मेदारियां के काम कर रहें है और संबंधित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को सभी सुविधाएं चुनाव संबंधित उपलब्ध करवा रहे है। 1 मार्च शनिवार को हरि नगर रामस्वरूप चौक पर आर्य बैंक्वेट हाल में प्रातः 9 वार्ड 26 की भाजपा प्रत्याशी कुसुम भट्ट के चुनावी कार्यलय का उद्घाटन किया।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| एन.आई.टी. | 116, 117, 118, 119, 121, 122, 123, 124, 125, 126, 127, 128-2024-25-डब्ल्यू-4 |
| **1. कार्य का नाम (स्थान के साथ)** | |
| 116 | डीएलआई-बीटीआई सेक्शन पर डेन-IV के सेक्शन में गैंग रेस्ट शेल्टर का प्रावधान। **कार्य की समान प्रकृतिः** भवन/क्वार्टर का निर्माण |
| 117 | डीईएन-IV के अंतर्गत एडीईएन/आरओके के खंड में पैरापेट दीवार को ऊपर उठाना तथा पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करना, पुलों पर निरीक्षण सीढ़ियां उपलब्ध कराना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रेक कार्य के अलावा कोई अन्य सिविल कार्य |
| 118 | पैरापेट दीवार को ऊपर उठाना और पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करना, एडीईएन/जेएचआई के सेक्शन में पुलों पर निरीक्षण सीढ़ियां उपलब्ध कराना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 119 | DEN-IV के अंतर्गत ADEN/ROK के सेक्शन में LC-12 और LC-18 के बीच विभिन्न स्थानों पर सेक्शन का जल निकासी कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 121 | DEN-IV के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत NRW, TUN, KZH में पानी की पाइप लाइन की मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 122 | डीईएन-IV के अंतर्गत एडीईएन/जेएचएल के अनुभाग में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर सड़क की सतह, जल व्यवस्था और स्पीड ब्रेकर की मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 123 | डीईएन-IV के अंतर्गत एडीईएन/जींद के अनुभाग में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग पर सड़क की सतह, जल व्यवस्था और स्पीड ब्रेकर की मरम्मत। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 124 | आरसीसी संरचना के संरचनात्मक सदस्यों की मरम्मत, दरारें के लिए रासायनिक एंकरिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से सतह को घिसना और एंटी कार्बोनेटिंग कोट संरक्षण के साथ सभी सुदृढ़ीकरण का उपचार और घूर्णन काटने वाले उपकरण का उपयोग करके आरसी में ड्रिलिंग छेद ADEN/JHI के तहत गहराई तक। **कार्य की समान प्रकृतिः** प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत। |
| 125 | आरसीसी संरचना के संरचनात्मक सदस्यों की मरम्मत का कार्य, दरारों के लिए रासायनिक एंकरिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से घिसी हुई सतह और सभी सुदृढ़ीकरणों का उपचार एंटी कार्बोनेटिंग कोट सुरक्षा के साथ और घूर्णन काटने वाले उपकरण का उपयोग करके आरसी में ड्रिलिंग छेद ADEN/JHL के तहत गहराई तक किया जाता है। **कार्य की समान प्रकृतिः** प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत |
| 126 | आरसीसी संरचना के संरचनात्मक सदस्यों की मरम्मत, दरारें के लिए रासायनिक एंकरिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से सतह को घिसना और एंटी कार्बोनेटिंग कोट संरक्षण के साथ सभी सुदृढ़ीकरण का उपचार और घूर्णन काटने वाले उपकरण का उपयोग करके आरसी में ड्रिलिंग छेद ADEN/ROK के तहत गहराई तक। **कार्य की समान प्रकृतिः** प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ओवर हेड टैंक/आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना का निर्माण/मरम्मत |
| 127 | ADEN/ROK अनुभाग में प्रीकास्ट ड्रेन आदि के निर्माण के माध्यम से यार्ड ड्रेनेज में सुधार **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |
| 128 | पैरपेट दीवार को ऊपर उठाना और पुल के पहुंच मार्गों को मजबूत करना, एसएसई/डब्ल्यू/जेएचएल के खंड में पुलों पर निरीक्षण सीढ़ियाँ उपलब्ध कराना। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 116 | ₹ 9,21,38,057.84 | 117 | ₹ 1,99,99,537.42 | 118 | ₹ 1,99,99,978.65 |
| | 119 | ₹ 74,93,672.64 | 121 | ₹ 99,99,809.84 | 122 | ₹ 74,99,859.27 |
| | 123 | ₹ 74,99,857.47 | 124 | ₹ 99,98,640.63 | 125 | ₹ 99,98,640.63 |
| | 126 | ₹ 1,25,00,068.39 | 127 | ₹ 1,99,99,825.54 | 128 | ₹ 70,34,250.86 |
| 3. अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा)। | | | | | |
| | 116 | ₹ 9,21,38,057.84 | 117 | ₹ 2,50,000.00 | 118 | ₹ 2,50,000.00 |
| | 119 | ₹ 1,49,900.00 | 121 | ₹ 2,00,000.00 | 122 | ₹ 1,50,000.00 |
| | 123 | ₹ 1,50,000.00 | 124 | ₹ 2,00,000.00 | 125 | ₹ 2,00,000.00 |
| | 126 | ₹ 2,12,500.00 | 127 | ₹ 2,50,000.00 | 128 | ₹ 1,40,700.00 |
| 4. काम की समाप्ति अवधि | 116 | 12 महीने | 117 | 09 महीने | 118 | 09 महीने |
| | 119 | 12 महीने | 121 | 09 महीने | 122 | 09 महीने |
| | 123 | 09 महीने | 124 | 09 महीने | 125 | 06 महीने |
| | 126 | 06 महीने | 127 | 12 महीने | 128 | 09 महीने |

| | |
|---|---|
| 5. निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 25.03.2025 को 15:00 बजे तक तथा 25.03.2025 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान, निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है आदि | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

**सं.: 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/116, 117, 118, 119, 121, 122, 123, 124, 125, 126, 127, 128 दिनांक: 28.02.2025** 656/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## यूक्रेन भेजने के नाम पर 8.5 लाख रुपए ठग लिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ट्रांसपोर्ट एजेंट ने सरकारी स्कूल के चपरासी से बेटे को यूक्रेन भेजने के नाम पर 8.5 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने पहले भरोसा दिलाया कि एक महीने के भीतर वीजा और टिकट की व्यवस्था कर देगा, लेकिन बाद में फर्जी वीजा और टिकट देकर लापता हो गया। ठगी का शिकार हुए व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी, जिसके बाद धोखाधड़ी और इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।
पीड़ित शमशेर सिंह एक सरकारी स्कूल में चपरासी हैं। पीड़ित ने बताया कि उसकी मुलाकात सुरेंद्र नाम के व्यक्ति से हुई। सुरेंद्र ने उसे अपने जीजा सुनील से मिलवाया, जो ट्रांसपोर्ट एजेंट होने का दावा करता था। नवंबर 2022 में सुनील को स्कूल में बुलाया गया, जहां उसने दावा किया कि वह विदेश भेजने का काम करता है और पासपोर्ट देने के एक महीने के भीतर ही विदेश भिजवा देगा।
शमशेर सिंह ने अपने बेटे मनदीप को विदेश भेजने का फैसला किया और सुनील को पासपोर्ट सौंप दिया। कुछ ही दिनों बाद सुनील ने खर्चा बताकर पैसे मांगे और 31 अक्टूबर 2022 को 2 लाख रुपए खाते में जमा करवा लिए। इसके कुछ दिन बाद सुनील ने मनदीप के लिए यूक्रेन का वीजा निकलवाने की बात कहकर 3 लाख रुपए और मांगे। जनवरी 2023 में शमशेर सिंह ने उसे पैसे दे दिए। वीजा आने के बाद सुनील ने उन्हें टिकट भेजी, लेकिन वह फर्जी निकली। पैसे लेने के कुछ दिनों बाद एजेंट लापता हो गया और मोबाइल उठाना बंद कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि काफी मशक्कत के बाद जब सुनील से संपर्क हुआ तो उसने मनदीप को यूरोप के अजरबैजान देश भेज दिया। अजरबैजान से कुछ ही दिनों बाद उसे वापस बुला लिया और कहा कि अब वह सिमरिया का वर्क वीजा दिलवा देगा। इसके लिए उसने फिर से पैसे मांगे और फर्जी वीजा दे दिया।
पीड़ित ने बताया कि सुनील ने अब तक उससे 8.5 लाख रुपए ठग लिए थे। इनमें से 1 लाख रुपए नकद, 5.5 लाख रुपए बैंक खाते में और 2 लाख रुपए बेटे की विदेश यात्रा के लिए दिए गए थे। इसके अलावा मनदीप की शॉपिंग पर 1 लाख और यात्रा खर्च के लिए 1 लाख रुपए अतिरिक्त खर्च हुए। जब शमशेर सिंह ने पैसे वापस मांगे तो सुनील ने धमकाते हुए कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो वीजा कैंसिल करवा दूंगा।


**महत्वपूर्ण सूचना**
**खाटू श्याम जी मेला-2025 के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**
खाटू श्याम जी मेला-2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

**09725/09726 जयपुर - शकूरबस्ती - ढेहर का बालाजी मेला स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 30 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09725 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09725 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09726 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09726 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:00 | जयपुर जं. | ---- | ---- |
| 07:07 | 07:10 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | -- |
| 14:30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 15:50 |

**चलने की तिथिः 09725 जयपुर जं. से और 09726 शकूरबस्ती से प्रतिदिन दिनांक 01.03.2025 से 15.03.2025 तक।**
**स्थान** : सामान्य।
**ठहराव** : ढेहर का बालाजी, नीन्दड़ बनाड़, चौमूं सामोद, गोविन्दगढ़ मलिकपुर, रींगस, श्री माधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, अस्थल बोहर और बहादुरगढ़ स्टेशन

**09727/09728 मदार जं.-कुरूक्षेत्र जं.-मदार जं. मेला स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09727 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09727 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09728 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09728 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ----- | 09:20 | मदार जं. | 08:00 | ----- |
| 19:40 | ---- | कुरूक्षेत्र जं. | ---- | 21:25 |

**चलने की तिथिः 09727 मदार जं. से और 09728 कुरूक्षेत्र जं. से प्रतिदिन दिनांक 05.03.2025 से 08.03.2025 और 09.03.2025 से 12.03.2025 तक।**
**स्थान** : सामान्य।
**ठहराव** : किशनगढ़, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्री माधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना और कैथल स्टेशन।

**विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखेंः- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
666/25
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर विजिट करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## केंद्र व प्रदेश सरकार ने रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाएः रफल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पानीपत नगर निगम के वार्ड 8 के दलबीर नगर में शुक्रवार को चुनावी जन सभा को नगर निगम चुनाव मीडिया प्रभारी व वार्ड चुनाव प्रभारी ईश कुमार राणा ने संबोधित किया किया। जन सभा की अध्यक्षता भाजपा ने व वार्ड चुनाव संयोजक सुमित गर्ग ने की। मुख्य अतिथि वार्ड भाजपा पार्षद पद प्रत्याशी सुदेश कश्यप रही। भाजपा नेता रफल सिंह ने इस कार्यक्रम के बारे विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के साथ हुआ। इस जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पार्षद पद प्रत्याशी सुदेश कश्यप ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार ने अपने दस साल के शासन के दौरान रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाए है। जिसका परिणाम यह हुआ कि स्थानीय निकाय चुनाव में भी पूरे हरियाणा में भाजपा की लहर चल रही है। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता पूरी शिद्दत से जुटें हुए है। कार्यकताओं के मेहनत व जनता के आशीर्वाद से नगर निगम में कमल खिलना तय है।
चुनाव प्रभारी एवं नगर निगम चुनाव प्रभारी ईश कुमार राणा ने कहा की भारत एक आध्यात्मिक राष्ट्र है भारतीय संस्कृति विश्व की सर्व श्रेष्ठ संस्कृति है।और विश्व के अधिकतर धर्मों का जन्म भारत हुआ है।और यह हमारे लिए गर्व व गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करके भारत को पुनः भारत को जगद गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।यही नहीं उन्होंने कुशल अर्थशास्त्री की तरह भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है।आज भारत विश्व की पांचवीं आर्थिक शक्ति बन गया है।शीघ्र ही तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ा देश ही नहीं एक बड़ा व्यापारिक देश भी है।यही कारण है कि दुनिया के सभी शक्तिशाली देश भारत से मजबूत संबंधन बनाना चाहते है।यदि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना है।


**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मण्डल चिकित्सालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, दिल्ली-110006 भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए समान कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंडो को पूरा करने वाले अनुभवी और स्थापित वेंडर्स (फर्म/डिस्ट्रीब्यूटर/केमिस्ट शॉप्स) के रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु एक पैकेट प्रणाली में ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण** -

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग दिल्ली एवं विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र दिल्ली मण्डल (दिल्ली एन सी आर एरिया, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में स्थापित) में लोकल पर्चेज (खुदरा खरीद) की मेडिसिन्स, सर्जिकल आइटम्स और कांसुमाब्लेस की आपूर्ति हेतु वेंडर्स (फर्म/डिस्ट्रीब्यूटर/केमिस्ट शॉप्स) के रेट कॉन्ट्रैक्ट हेतु। |
| अनुमानित लागत मूल्य 02 (दो) वर्ष के लिए | रूपये 5,59,27,704.00 (पांच करोड़ उनसठ लाख सताइश हजार सात सौ चार) केवल। |
| धरोहर राशि | रूपये 5,59,280.00/- (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ अस्सी) केवल। |
| कार्य की अवधि | कार्य के शुरु होने की तिथि से 02 (दो) वर्ष तक तथा 06 माह के अधिकतम अतिरिक्त अवधि हेतु। |
| निविदा बंद होने व खुलने का समय व पता | जमा करने का समय 19.03.2025 (बुधवार) के 13:00 बजे तक व खुलने का समय उसी दिन 13:30 बजे उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग दिल्ली-110006 के कार्यालय पर |
| वेबसाइट का पता | भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। Tender No. NRDHDLI-LP-2425A |
| ऑफर की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |

धरोहर राशि जमा न करने पर बिना सूचना निविदा रद्द कर दी जाएगी। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलिआं अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। बोलियां केवल ऑनलाइन ही जमा की जानी है। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल बोलियों/प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदाकारों को भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम आई.आर.ई.पी.एस. साइट यानि **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन, शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि आवश्यक हो, केवल इसी वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे।
पत्र स. 43-मेड/उरेमचि/एलपी (रिटेल)/विज्ञापन/2025 दिनांक - 27.02.2025 657/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# प्रोसेस्ड, फास्ट फूड से बढ़ता स्वास्थ्य संबंधी जोखिम

**भारत की खा**द्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण बदल रही है। यह प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का भी कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण मोटापा, टाइप 2 मधुमेह और हृदय सम्बंधी विकार जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण सम्बंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। फास्ट फूड का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य और खाने की आदतों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फास्ट फूड, जिसमें कैलोरी, चीनी और खराब वसा अधिक होती है, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी बीमारियों के विकास के जोखिम और वजन बढ़ाता है। फास्ट फूड के लगातार सेवन से बच्चे स्वस्थ खाद्य पदार्थों की तुलना में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे संतुलित आहार और पौष्टिक भोजन चुनने की उनकी संभावना कम हो जाती है। आजकल, बहुत से युवा फास्ट फूड पसंद करते हैं क्योंकि यह सुविधाजनक, स्वादिष्ट और जल्दी बनने वाला होता है। इसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में जानते हुए भी वे इसे खाना जारी रखते हैं। व्यस्त जीवन शैली में, फास्ट फूड को जल्दी से जल्दी खाना सुविधाजनक है। वे भीड़ का अनुसरण करते हैं क्योंकि उनके दोस्त भी इसे पसंद कर सकते हैं। स्वाद के लिए स्वास्थ्य का जोखिमः फास्ट फूड जल्दी से जल्दी खाने और स्वाद के लिए बनाया जाता है और यह ज्यादा पका हुआ, अत्यधिक प्रोसेस्ड होता है। मानव शरीर बिना प्रोसेस्ड, अत्यधिक रेशेदार और कम से कम पके हुए खाद्य पदार्थों के लिए बना है इसलिए वे पूरी तरह से अनुपयुक्त हैं। फास्ट फूड से शुगर स्पाइक्स इंसुलिन प्रतिरोध, वजन बढ़ने, वसा संश्लेषण और मधुमेह में पैदा करते हैं। भारत में फैलते फास्ट फूड उद्योग में बर्गर, पिज्जा, पानी-पूरी व चाट मसाला कियोस्क और पावभाजी-समोसा के ठेले शामिल हैं। बढ़ता मोटापा, मधुमेह की समस्याः मोटापा और मधुमेह दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारे शरीर को स्वस्थ कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, जिसे मक्खन, दूध और अंडे जैसे खाद्य पदार्थों से प्राप्त किया जा सकता है। हमारे शरीर को खराब कोलेस्ट्रॉल से नुकसान होता है। सड़क पर फास्ट फूड तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले खाना पकाने के तेल में उच्च ट्राइग्लिसराइड (खराब कोलेस्ट्रॉल) सामग्री होती है, जिसे खाने से खतरनाक बीमारियाँ हो सकती हैं। सात्विक आहार जो हिंदू रीति-रिवाजों का प्रमुख हिस्सा है, उनकी जगह आधुनिक आहार ले रहे हैं। पारंपरिक खानपान की प्रथाएँ, पारिवारिक भोजन और सामाजिक बंधन सभी फास्ट-फूड संस्कृति से प्रभावित हो रहे हैं। अकेले खाने और स्विगी और जोमैटो जैसी ऑनलाइन भोजन वितरण सेवाओं के बढ़ने के परिणामस्वरूप लोगों के साथ मिलकर खाने का तरीका बदल गया है। विज्ञापन का मायाजालः फास्ट फूड कंपनियाँ अपने उत्पादों को कूल और मनोरंजक दिखाने के लिए भ्रामक विज्ञापन का उपयोग करती हैं, जो इसके विस्तार की एक और वजह है लोगों और खासकर युवाओं को आकर्षित करने के लिए इसके प्रचार के लिए दुनिया के नामीगिरामी हस्तियों का चेहरा इस्तेमाल होता है और आकर्षक नारों व टैगलाइन का सम्मोहन अलग होता है।

# घातक है ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती प्रवृत्ति



-रोहित माहेश्वरी

> "द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज खेलते समय तमाम बच्चे इसलिए अपंग हो गए क्योंकि उन्होंने अपने पैर माइनस 25 डिग्री बर्फ में 15 मिनट तक रखे थे। इसी तरह द फायर चैलेंज में बच्चे अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाते हैं और द कटिंग चैलेंज में अपने शरीर में घाव कर टास्क पूरा करने के लिए वीडियो अपलोड करते हैं। यदि बच्चे की दिनचर्या में बदलाव नजर आए। उसका पूरा कामकाज पबजी के इर्द-गिर्द ही दिखाई देने लगे तो समझिए वह इस खेल की गिरफ्त में जा रहा है। उसका स्वभाव आक्रामक और गुस्सैल हो सकता है। पबजी खेलने से रोकने पर वह हिंसक हो उठता है या गाली-गलौज भी कर सकता है। इस खेल की लत में आया बच्चा आमतौर पर गुमसुम दिखाई देता है। उसकी याददाश्त में कमी आना, बात बिगड़ने के संकेत हैं"

**एक समय** वह भी था जब बच्चों को घर से बाहर खेलने जाने के लिए मना किया जाता था। दिनभर घर से बाहर रहकर खेलने के लिए उन्हें डांट भी पड़ती थी लेकिन अब समय बदल गया है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चे खेलने के लिए घर से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऑनलाइन वीडियो गेम और स्मार्टफोन है। वीडियो गेम खेलने वाले स्मार्टफोन सात-आठ हजार रुपये तक में आसानी से मिल रहे हैं। वहीं गूगल प्ले-स्टोर पर मुफ्त मोबाइल गेम भी मिल जाते हैं। दरअसल, ऑनलाइन वीडियो गेमिंग का बाजार बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है इसी के साथ बढ़ रहा है इसका दुष्परिणाम। कई वीडियो गेम्स बच्चों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो रहे हैं। ब्लू व्हेल जैसे गेम्स की वजह से कई मौतें भी हो चुकी हैं। आइए जानते हैं कुछ वीडियो गेम्स के बारे में जो बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं, उन्हें हिंसक बना रहे हैं और यहां तक की जान देने के लिए भी उकसा रहे हैं। ऑनलाइन गेम से पनप रहे जानलेवा खतरों को लेकर दुनियाभर में चिंता जताई जा रही है। ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बच्चों को बचाने के लिए कई देश इस समय अलर्ट मोड पर हैं। ब्राजील, चीन, वेनेजुएला, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ऐसे गेम्स पर प्रतिबंध है, जो हिंसक प्रवृत्ति पैदा करते हैं। चीन में 18 साल से कम उम्र वालों को शुक्रवार, शनिवार, रविवार या फिर सार्वजनिक छुट्टी के दिन सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम की अनुमति है। सख्त नियमों के बावजूद ब्राजील के एक किशोर ने ऑनलाइन चैलेंज पूरा करने के लिए खुद को बटरफ्लाई फ्लूड का इंजेक्शन लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले महीने लखनऊ में एक बीडीएस छात्र ने आत्महत्या का खौफनाक कदम उठाने से पहले अपने दोस्तों को ऑनलाइन गेम खेलने के लिए नोटिफिकेशन भेजा था। वहीं, लखनऊ के दूसरे मामले में ऑनलाइन गेम की लत के शिकार दसवीं के छात्र ने मोबाइल गेम में नुकसान के बाद आत्महत्या कर ली। घर में छोटे बच्चे हैं, तो फिर आपने भी गौर किया होगा कि वे जल्द ही मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हो जाते हैं। जब तक पैरेंट्स बच्चों को मोबाइल न दे, तब तक यह संभव भी नहीं है। कहीं न कहीं इसकी शुरूआत



अभिभावक ही करते हैं। लेकिन जब एक बार बच्चों को मोबाइल की लत लग जाती है, तो फिर मोबाइल फोन न देने पर गुस्सा करना, रोना, चीखना और चिल्लाना आम बात हो जाती है। बच्चों को बिजी रखने के लिए खुद ही अभिभावक फोन पर गेम्स और वीडियो चलाकर दे देते हैं। हालांकि शौकिया तौर पर कुछ देर गेम खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब यह शौक एक बुरी लत में बदल जाता है, जिसे गेमिंग की लत या फिर गेमिंग डिसआर्डर भी कहते हैं। गूगल प्ले स्टोर और एपल के एप स्टोर पर कई गेम ऐप्स मौजूद हैं, जो आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। कई बार इसे शौकिया खेलने के लिए डाउनलोड करते हैं, लेकिन यह बहुत जल्दी लत में तब्दील हो जाती है। ऑनलाइन या वीडियो गेम की लत नशे से भी बुरी है। खासकर पबजी जैसे गेम बच्चों को हिंसक भी बना रहे हैं। गेमिंग की लत को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीमारी यानी गेमिंग डिसआर्डर के रूप में चिन्हित किया है। खासकर बढ़ते बच्चों में गेमिंग की लत उनके आगे बढ़ने में बहुत बड़ी बाधा है। गेमिंग के दौरान अलग-अलग लेवल पार करना बच्चे अपनी उपलब्धि मानते हैं। ऐसे में बिना सोचे-समझे वह गेम खेलते चला जाता है। एक्साइटमेंट के लिए वह कुछ भी कर गुजरने से हिचकता नहीं है। यह खेल मानसिक रूप से भी कमजोर बनाता है। खिलाड़ी असल दुनिया से दूर एक वर्चुअल यानी आभासी दुनिया में होता है। कई बार तो गेम में जीतने पर रिवार्ड की सुविधा भी होती है। देखा जाए, तो यह एक तरह से बच्चों को उकसाने का तरीका ही है। ऑनलाइन गेम चैलेंज को लेकर बच्चों से जुड़ीं ये तो कुछ ही घटनाएं हैं। इससे पहले भी ब्लू वेल चैलेंज, द पास आउट चैलेंज, द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज, द फायर चैलेंज और द कटिंग चैलेंज जैसे ऑनलाइन गेम दुनियाभर में हजारों बच्चों की जान ले चुके हैं। ब्लू वेल चैलेंज से दुनियाभर में 130 लोग और द पास आउट चैलेंज में एक हजार बच्चों की मौत खुद अपना गला दबाने या साथी का गला दबाने से हो चुकी है। द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज खेलते समय तमाम बच्चे इसलिए अपंग हो गए क्योंकि उन्होंने अपने पैर माइनस 25 डिग्री बर्फ में 15 मिनट तक रखे थे। इसी तरह द फायर चैलेंज में बच्चे अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाते हैं और द कटिंग चैलेंज में अपने शरीर में घाव कर टास्क पूरा करने के लिए वीडियो अपलोड करते हैं। यदि बच्चे की दिनचर्या में बदलाव नजर आए। उसका पूरा कामकाज पबजी के इर्द-गिर्द ही दिखाई देने लगे तो समझिए वह इस खेल की गिरफ्त में जा रहा है। उसका स्वभाव आक्रामक और गुस्सैल हो सकता है। पबजी खेलने से रोकने पर वह हिंसक हो उठता है या गाली-गलौज भी कर सकता है। इस खेल की लत में आया बच्चा आमतौर पर गुमसुम दिखाई देता है। उसकी याददाश्त में कमी आना, बात बिगड़ने के संकेत हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार बच्चों के मां-बाप इस आदत पर लगाम लगाने में खुद को असहाय पा रहे हैं। यह सिर्फ खर्च की बात नहीं है, बल्कि बच्चों के दिमाग पर जो इस खेल का असर हो रहा है, वह आगे जाकर जानलेवा हो सकता है। यदि पेरेंट्स इसे सामान्य मान रहे हैं, तो ये उनकी भूल है।

आपत्तिजनक व हिंसक कंटेंट के कारण 15 देश अलग-अलग तरह के ऑनलाइन गेम्स पर पाबंदी लगा चुके हैं। वेनेजुएला 2009 में ही वीडियो गेम्स बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने पर रोक लगा चुका है। ब्राजील बहुत ज्यादा हिंसा वाले गेम बंद किए। चीन 18 साल से कम उम्र वालों को सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टी के दिन अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम खेलने की इजाजत है। ऑस्ट्रेलिया में हिंसक, आपत्तिजनक व विवादित कंटेंट वाले ऑनलाइन गेम्स की अनुमति नहीं है। जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, जर्मनी, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई, ईरान और पाकिस्तान भी कई पाबंदियां लगा चुके हैं। वहीं, भारत अभी तक ऑनलाइन गेम्स को लेकर कोई सख्त कानून नहीं बना पाया है। हालांकि, भारत पबजी जैसे कई चाइनीज ऑनलाइन गेम्स पर दो साल पहले ही पाबंदी लगा चुका है, लेकिन अब भी ये गेम उपलब्ध हो रहे हैं। मोबाइल गेम्स की लत से बच्चों और किशोरों, यहां तक कि वयस्कों में हिंसक प्रवृत्ति बढ़ रही है। कुछ मामलों में मोबाइल लेने से बच्चे डीप डिप्रेशन में चले जाते हैं। इसे टेक्नॉलॉजी एडिक्शन कह सकते हैं। जो बच्चे गन वायलेंस वाले वीडियो गेम खेलते हैं, उनमें गन पकड़ने और ट्रिगर दबाने की ज्यादा इच्छा होती है। रिसर्च के बाद यह नतीजे सामने आये हैं। तमाम अध्ययन बताते हैं कि 80 फीसदी बच्चों में ऑनलाइन चैलेंज जीतने का लालच उन्हें आपराधिक प्रवृत्ति का बना रहा है। यह जरूरी है कि अभिभावक, बच्चों के लिए मोबाइल के इस्तेमाल को सीमित कर दें। ऐसा इसलिए भी कि अधिक समय पर मोबाइल पर व्यस्त रहने वाले बच्चों में ऑनलाइन गेम की लत लगने की आशंका ज्यादा रहती है।

ऑनलाइन गेम चैलेंज पूरा करने के लिए बच्चों के घर छोड़ने तथा गेम में फेल होने पर आत्महत्या के मामले भी सामने आ चुके हैं। भारत में भी ऑनलाइन गेम की रोकथाम के लिए सरकार को सख्त कानून बनाना होगा, वहीं अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रहने के जतन करने होंगे।

## कविता

### जीवन पथ

तुम अपने पथ को
सुपथ करते जाओ
जीवन में जय पराजय
तो चली रहती हैं।

तुम स्वयं के लिए
मार्ग सुगम बनाते जाओ
जीवन में कठिन
डगर तो आते रहते हैं।

तुम हार कर भी
जरा जीतना सीखो
लोग दुनिया जीत कर भी
स्वयं से हार जाते हैं।

तुम जीवन रथ पर
चढ़कर दौड़ना सीखो
लोग तो पथ पर कांटे
कहीं ना कहीं बिछाते रहेंगे।

डॉ.राजीव डोगरा

# मानवीय तरक्की के लिए वन्य जीवों को सजा न भुगतनी पड़े

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**पृथ्वी पर** जीवन का आधार वन्यजीव है, जिस समय धरती से वन्यजीव का अस्तित्व पूर्ण रूप से समाप्त होगा, तब मानवीय जीवन बड़े ही दर्दनाक तरीके से खत्म हो जायेगा। वन्य जीवों के कारण जंगल समृद्ध होते है, जंगलों से जल स्त्रोत समृद्ध होते है, पेड़ों से मिट्टी का क्षरण रूककर उपजाऊ भूमि का बचाव होता है। सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र बेहतर ढंग से कार्य करते है, समय पर पर्याप्त वर्षा होती है, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, प्राणियों की खाद्य श्रृंखला सुचारु रूप से चलती हैं। मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष कम होता है। प्राकृतिक आपदाओं में कमी आती है, फसलें लहलहाती है, समाज के हर तबके को पोषक तत्वों से भरपूर स्वास्थवर्धक अन्न प्राप्त होता है। बीमारियां कम होती है, अशुद्धता, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग जैसे बुराइयों पर अंकुश लगाना संभव होता है। देश आत्मनिर्भर बनता है, प्राकृतिक संसाधन संपन्न बनते है। देश में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान, उत्पादों का निर्यात बढ़ता है और आयात में कमी आती है। मनुष्य का जीवनमान स्तर सुधरता है, और ऐसे ही मानव और देश सही मायने में तरक्की करता है। अगर देखा जाए तो मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही वन्यजीवों पर आधारित है। मनुष्य लगातार प्रकृति को बर्बाद करता आया है, जबकि वन्यजीवों के बदौलत मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है, क्योंकि वन्यजीव ही जंगल, वन, प्रकृति के प्रमुख रक्षक है। इस वर्ष 2025 विश्व वन्यजीव दिवस की थीम "वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश" यह है। यह विषय वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्तीय समाधान की तत्काल आवश्यकता पर है, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय तंत्रों की आवश्यकता है। देश में बढ़ती आबादी की सुख-सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों और सिमित स्त्रोतों पर असीमित दबाव बना हुआ है। सुंदर चहचहाते पंछियों को हम पहले ही शहरों से दूर भगा चुके है। नगर अब महानगरों का रूप धारण कर रहे है, शहरों के आसपास के गांव, जंगल, खेत, जल स्त्रोत, प्राकृतिक संसाधन तेजी से सिकुड़ रहे है। शहरों और महानगरों से गुजरने वाली नदियां अब नालों का स्वरुप धर चुकी है, बड़े-बड़े विषैले कूड़े के पहाड़, ई-अपशिष्ट और बिओमेडिकल वेस्ट लगातार बढ़ रहे है। मानवीय जीवन के लिए आवश्यक हर उत्पाद के लिए कच्चा माल प्रकृति से प्राप्त होता है, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन के कारण आपदाओं और जानलेवा बीमारियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## विचार

# क्यों क्रूर बदमाशी का रूप ले रही है रैगिंग?

**प्रियंका सौरभ**

**भारतीय** उच्च शिक्षा संस्थानों में कई वर्षों से, रैगिंग एक गंभीर प्रकार की बदमाशी और उत्पीड़न की समस्या रही है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मनोवैज्ञानिक आघात, आत्महत्या और यहाँ तक कि हत्या जैसे हिंसक अपराध भी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और 2009 से यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियमों के बावजूद घटनाएँ जारी हैं। 2012 और 2023 के बीच रैगिंग के परिणामस्वरूप 78 छात्रों की मृत्यु से प्रवर्तन में विफलता उजागर हुई। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में, रैगिंग मुख्य रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों के कारण होती है। भारतीय सामाजिक संरचनाओं द्वारा सुदृढ़ कठोर पदानुक्रम में वरिष्ठ छात्र कनिष्ठों पर अपना प्रभुत्व जताते हैं। यह इंजीनियरिंग कॉलेजों में शक्ति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करता है जब वरिष्ठ जूनियर से अपमानजनक कार्य करवाते हैं। आक्रामकता का महिमामंडन करने वाली अति-पुरुषवादी संस्कृति छात्रों को रैगिंग की परंपराओं का पालन करने के लिए मजबूर करती है। मेडिकल स्कूलों में छात्रों को "लचीलापन बनाने" के नाम पर धीरज-आधारित असाइनमेंट पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उच्च शिक्षा संस्थान अत्यधिक हिंसा होने तक हस्तक्षेप को हतोत्साहित करते हैं क्योंकि वे रैगिंग को एक दीक्षा अनुष्ठान के रूप में देखते हैं। जादवपुर विश्वविद्यालय (2023) में रैगिंग को "बॉन्डिंग प्रक्रिया" के रूप में लिखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की असामयिक मृत्यु हो गई। प्रतिशोध का डर, प्रभावी गवाह सुरक्षा की कमी और सामाजिक कलंक पीड़ितों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से अनिच्छुक बनाते हैं। 2009 में, अमन काचरू ने पहले शिकायत दर्ज नहीं की क्योंकि वह वरिष्ठ प्रतिशोध से डरता था, भले ही उसके साथ बार-बार दुर्व्यवहार किया गया हो। साथियों का दबाव या इसके बारे में संदेह कई छात्रों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से रोकता है। रैगिंग को प्रभावी ढंग से समाप्त करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए, सुनिश्चित करें कि तत्काल अनुशासनात्मक उपाय किए जाएँ, जैसे निष्कासन, कानूनी मुकदमा और अपराधी को ब्लैकलिस्ट करना। कठोर समाधान समयसीमा और खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करें। पारदर्शी जवाबदेही के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हेल्पलाइन का एक नया संस्करण आवश्यक है क्योंकि वर्तमान हेल्पलाइन पर्याप्त तेजी से प्रतिक्रिया नहीं देती है। अनिवार्य कार्यशालाओं, संवेदनशीलता अभियानों और मेंटरशिप कार्यक्रमों को लागू करके सकारात्मक वरिष्ठ-जूनियर सम्बंधों को प्रोत्साहित करें और दृष्टिकोण बदलें। एम्स दिल्ली रैगिंग के मामलों को कम करता है और नए छात्रों को परामर्श सत्र देकर एक सहायक संस्कृति को बढ़ावा देता है। संभावित मुद्दों को अधिक गंभीर होने से पहले पहचानने के लिए व्यवहार ट्रैकिंग, सरप्राइज चेक और छात्रावासों में सीसीटीवी गाने का उपयोग करें। आईआईटी मद्रास ने बातचीत की निगरानी के लिए सीसीटीवी और छात्र प्रोफाइलिंग का उपयोग करके रैगिंग की घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी की है। एक संगठित मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करें जहाँ वरिष्ठ नए कर्मचारियों की सकारात्मक तरीके से मदद करने के लिए नेतृत्व प्रमाणपत्र या अकादमिक क्रेडिट प्राप्त कर सकें। वरिष्ठ छात्र बिट्स पिलानी के "बडी सिस्टम" के माध्यम से जूनियर का मार्गदर्शन करते हैं, जो बदमाशी के बजाय रचनात्मक सम्बंधों को बढ़ावा देता है। नए छात्रों के लिए सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण वातावरण की गारंटी देने के लिए व्यवहार सम्बंधी आकलन को उच्च शिक्षा संस्थानों की प्रणालियों में शामिल किया जाना चाहिए। सक्रिय अवलोकन संभावित खतरों के बारे में जानकारी प्रकट कर सकता है। संगठित सलाह कार्यक्रमों का समर्थन उपचार में सहायता कर सकता है।

रैगिंग की समस्या का कोई एकल, सार्वभौमिक रूप से लागू समाधान नहीं है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इस प्रकार होती है भीड़ में भीड़ की गिनती

**विवेक रंजन**

**कुंभ** के आयोजन में करोड़ों लोग पहुंचे। उनकी संख्या को लेकर बहस हो रही है। जन सामान्य जानना चाहते हैं कि आखिर यह आंकड़ा निकाला कैसे जाता है।

वैज्ञानिक उपकरणों, संसाधनों , आर एफ तकनीक, लेजर आदि से वहां पर वास्तविक गणना सरल होती है जहां सीमित बंद क्षेत्र या सभागार में टिकिट या प्रवेश द्वार से प्रवेश दिया जाता है। किन्तु खुले क्षेत्र में हर तरफ से आते जाते लोगों को गिनना एक कठिन काम है, वहां वैज्ञानिक तरीके से अनुमान लगाया जाता है ।

एक निश्चित क्षेत्र में मौजूद कुल लोगों को भीड़ कहा जाता है । सबसे सीधा तरीका वास्तव में भीड़ में प्रत्येक व्यक्ति की गिनती करना है। किन्तु यह संभव नहीं। अतः लोगों की गिनती के कई वैज्ञानिक तरीके विकसित किए गए हैं।

**घनत्व-आधारित गणना**

घनत्व मानचित्र किसी विशेष क्षेत्र में स्थित लोगों की कुल संख्या का पता लगाने हेतु सर्वाधिक प्रयुक्त किया जाता है। इकाई क्षेत्र में लोगों की संख्या की गणना के मानक निर्धारित कर , कुल क्षेत्रफल के गुणक द्वारा उपस्थित लोगों की अनुमानित संख्या निकाली जाती है। यदि पूरे क्षेत्र में घनत्व समान होता है तो यह विधि लगभग सही आकलन करने में सक्षम है।

**जैकब्स विधि**

बड़े आयोजनों , विरोध प्रदर्शनों और रैलियों में भीड़ की गिनती करने की सबसे आम तकनीक जैकब्स विधि है। जिसका नाम इसके आविष्कारक हर्बर्ट जैकब्स के नाम पर रखा गया है। जैकब्स की विधि में भीड़ द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र को खंडों में विभाजित किया जाता है । प्रत्येक खंड में लोगों की औसत संख्या निर्धारित करना और कब्जे वाले खंडों की संख्या से गुणा कर अनुमान लगाया जाता है।

इस तरह के अनुमानों में सहायता करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों में लेजर, उपग्रह, हवाई फोटोग्राफी, 3-डी ग्रिड सिस्टम, रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज और आसमान से निगरानी करने वाले गुब्बारे शामिल हैं । भीड़ के चित्रों में यदि प्रति पिक्सेल घनत्व बहुत अधिक है तो पैटर्न बेस्ड गणना मॉडल सबसे उपयुक्त होता है।

# मास्टर जी की नई चुनौती

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**ग्राम लीलापुर में** एक सरकारी विद्यालय है, जो अपने अनोखे शैक्षणिक माहौल के लिए दूर-दूर तक मशहूर है। विद्यालय का नाम है सरकारी प्राथमिक विद्यालय झ्र बाल सुल्तानपुर। इस विद्यालय में शिक्षा देने वाले गुरुजन और शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के बीच का रिश्ता ऐसा है, जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। गाँव के बच्चे इतने खास हैं कि मास्टर जी ने अब तक सारे नीतिशास्त्र और शिक्षाशास्त्र का कचूमर निकाल दिया है। उनकी जेब में अब गांधी जी की तस्वीर वाली किताबें नहीं, बल्कि आत्मरक्षा के गुप्त नुस्खे पाए जाते हैं। विद्यालय का हर दिन यहाँ नए नाटक का मंजर दिखलाता है।

**सुबह की घंटी और साज़िशें**

सुबह की प्रार्थना के दौरान जब मास्टर रामभरोसे जी ने बच्चों से कहा, ह्लसब पंक्ति में खड़े हो जाओ,ह्व तो आठवीं कक्षा के क्लास लीडर, सोनू ने तुरंत जवाब दिया, ह्लमास्टर जी, पंक्ति में खड़े होना लोकतंत्र के खिलाफ है। हमें हमारी आजादी चाहिए! रामभरोसे जी ठिठक गए। उनके अंदर का गांधीवादी शिक्षक कहीं लुप्त हो गया और एक डरे-सहमे क्लर्क की आत्मा जाग उठी। उन्होंने तुरंत कहा, बिल्कुल, बिल्कुल, आजादी सबका अधिकार है। बस, आप लोग शांति बनाए रखें।

**कक्षा का रणक्षेत्र**

जब पढ़ाई का समय आया, तब स्थिति और गंभीर हो गई। कक्षा में दाखिल होते ही मास्टर जी को एहसास हुआ कि बोर्ड पर किसी ने चॉक से ह्लमास्टर जी, रिटायरमेंट कब ले रहे हो?ह्व लिख दिया था। वह गहरी साँस लेते हुए बोले, ह्लबच्चों, आज हम गणित पढ़ेंगे।ह्व सोनू फिर खड़ा हो गया। ह्लमास्टर जी, गणित हमें गुलामी की ओर ले जाता है। हमें क्रांतिकारी विषय पढ़ाइए, जैसे कि विद्रोह या आंदोलन।

मास्टर जी को लगा जैसे वह कोई शिक्षा नहीं, बल्कि कोई युद्ध जीतने की कोशिश कर रहे हों। वह धीरे-धीरे बोर्ड की ओर बढ़े, पर तब तक पीछे से किसी ने उनकी कुर्सी पर गोंद चिपका दी। लंच ब्रेक में, मास्टर जी अपने टिफिन खोलने ही वाले थे कि उनके टिफिन के अंदर से एक मेंढक कूदकर बाहर आ गया।

# संकल्प पत्र के माध्यम से तैयार किया विकास का रोड मैप: नायब सिंह सैनी

## अपने वायदे के अनुसार शहरों का विकास कार्य तीन गुणा तेज गति के साथ शुरू कर देगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/इस्माइलाबाद :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के शहरों में संतुलित विकास करने के लिए संकल्प पत्र के माध्यम से विकास का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इस योजना के तहत 12 मार्च के बाद प्रदेश सरकार अपने वायदे के अनुसार शहरों का विकास कार्य तीन गुणा तेज गति के साथ शुरू कर देगी। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस्माइलाबाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की गारंटी ली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को इस्माइलाबाद अनाजमंडी में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी के साथ हरियाणा प्रदेश के शहरों और गांवों का विकास तीन गुणा तेज गति के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार करेगी। इस सरकार ने लोकसभा, विधानसभा से पहले प्रदेश की जनता के साथ जो वायदे किए थे, उन वायदों को शपथ लेने से पहले ही पूरा करने का काम शुरू कर दिया था। यह सरकार अपने एक-एक वायदे को समय रहते पूरा करने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 100 दिन के कार्यकाल में लोगों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए, इस समय अवधि के दौरान 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी, किडनी के रोगियों के लिए निशुल्क डायलसिस की सुविधा प्रदान की, शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण का कानून बनवाया, 15 लाख से अधिक महिलाओं को 500 रुपये में गैस

**विकास पर बल**

**15 लाख से अधिक महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा: सीएम सैनी**

सिलेंडर दिया जा रहा है। सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 15 हजार से अधिक लोगों को प्लॉट दिए। यह प्रक्रिया अब भी जारी है और पात्र लोग फॉर्म भर रहे हैं। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में पहले चरण में 14 कस्बों और शहरों में 15 हजार 250 गरीब परिवारों को 30-30 गज के प्लाटों के आवंटन-पत्र सौंपे गए हैं। हरियाणा ऐसा पहला राज्य है, जहां किसानों की सभी 24 फसलें एम.एस.पी. पर खरीदी जा रही हैं। हमने पट्टेदार किसानों को जमीन का मालिकाना हक दिया है। पंचायती भूमि पर जिन लोगों के मकान 20 साल से ज्यादा समय से बने हुए हैं, ऐसे परिवारों को इन मकानों का मालिक बनाया है।

उन्होंने कहा कि 20 साल से अधिक समय से किराये या लीज अथवा लाइसेंस फीस पर चल रही पालिकाओं की दुकानों व मकानों की मलकीयत उन पर काबिज व्यक्तियों को ही दी जाएं। इसके लिए हमने एक नीति बनाई कि, जिसमें काबिज व्यक्ति को मालिकाना हक के लिए कलैक्टर रेट से भी कम रेट की अदायगी करनी होगी।

# अनियमिताएं पाएं जाने पर शुक्रवार को होगा डाहर टोल बंद: उपायुक्त

**चौकसी बढ़ाए**

**बापौली- सनौली क्षेत्र में और अधिक चौकसी बरतने की आवश्यकता है: उपायुक्त डॉ. दहिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**
जिला सचिवालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला टास्क फोर्स (माइनिंग) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए रात्रि के समय भी अधिकारियों को दस्तक देनी होगी। जहां जहां अवैध माइनिंग की संभावना है उन पर और चौकसी बरतनी होगी। उपायुक्त ने कहा कि बापौली- सनौली क्षेत्र में और अधिक चौकसी बरतने की आवश्यकता है। अधिकारी इन क्षेत्रों में चौकन्ना रह कर कार्य करें। जहां पर ज्यादा अंधेरा रहता है उस जगह को चयनित कर वहां पर और चौकसी बढ़ाये। एक टीम गठित करके इस कार्य को अंजाम दें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए और तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग को लेकर शिंकजा कसना होगा। इस मौके पर पुलिस विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने इसराना टोल प्लाजा के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे टोल के दोनों साइड में बड़े बड़े शैड बनवायें, शौचालय साफ सुथरे रखे उन पर किसी भी प्रकार का ताला न लगायें। टोल के आस पास सडको का साफ सुथरा रखे। उपायुक्त ने कहा कि टोल के दोनों तरफ आरओ सहित शुद्ध पानी की व्यवस्था करे। जो वाहन चालक स्थानीय है उनसे मात्र 10 रुपए चार्ज करें। इसका बड़ा सा बोर्ड दोनों साइड में टोल के पास लगायें। उपायुक्त ने कहा कि इन सब पर कार्यवाही न होने पर शुक्रवार को टोल बंद कर दिया जाएगा।

# पाइट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया, प्रोफेसर अमलेंदु ने प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। सर सी.वी. रमन और अन्य महान भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में जेसी बोस यूनिव सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी वाईएमसीए फरीदाबाद से प्रो. डॉ.अमलेंदु पाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने ग्रीन केमिस्ट्री के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं और सतत विकास में विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण है। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जितने अधिक रिसर्च किए जाएंगे, हम उतने अधिक विकसित हो जाएंगे। रिसर्च एवं पेटेंट को हमें अपनी कार्य प्रकृति में लाना होगा। विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनय खत्री ने क्वांटम भौतिकी में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान और इस क्षेत्र में भारत की प्रमुख

**सतत विकास**

**पर्यावरण अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं और सतत विकास में विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण है**

उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के विषय पर समूह चर्चा रही। 13 छात्रों ने मंच पर अपनी राय रखी। कोमल ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विवेक चौहान प्रथम रहे। डॉ. विनय खत्री ने बताया कि पाइट के 30 छात्रों की टीम ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया, जहां उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान और तकनीकी उपलब्धियों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।
इस अवसर पर डॉ. शक्ति अरोड़ा, डॉ. दिनेंद्र प्रसाद, डॉ. पाल, डॉ. रचना, डॉ. ललित, डॉ. सोनी और डॉ. अनु मौजूद रहीं।

# बच्चों से बाल श्रम कराना गैर कानूनी और अपराध - एसआई संदीप

**समिति**

**बाल श्रम करते हुए तीन बच्चों को रेस्क्यू करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**एमडीडी** ऑफ इंडिया की सूचना पर मानव तस्करी विरोधी इकाई ने 3 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवा कर बच्चों को बाल कल्याण समिति में पेश कर उनकी काउंसलिंग करवाई गई। एम. डी.डी. ऑफ इंडिया संस्था द्वारा 'न्याय तक पहुंच-3' अभियान के तहत बाल विवाह एवं बाल श्रम मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संस्था के टीम सदस्य अजय चौहान की शिकायत पर पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई (ए.एच.टी.यू.) टीम ने आज शुक्रवार को एस डी कॉलेज के साथ लगती मार्किट से बाल श्रम करते हुए तीन बच्चों को रेस्क्यू करवाकर बाल कल्याण समिति में पेश किया गया ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में स्टेट क्राइम ब्रांच एस आई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चहल, और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।
एस आई संदीप कुमार ने कहा कि बाल श्रम रोकने के लिए जिले के अलग-अलग इलाकों में जागरूकता अभियान एवं रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे है। बाल श्रम निषेध एवं संशोधन अधिनियम के तहत यदि कोई भी व्यक्ति छोटे बच्चों से बाल श्रम करवा रहा हो तो बाल श्रम की गतिविधि में शामिल व्यक्ति के खिलाफ 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक की राशि का जुर्माना व 6 महीने की सजा का प्रावधान है। मुक्त करवाए गए तीनों बच्चे 10 से 14 साल के हैं। ये बच्चे गरीबी और अनपढ़ता के चलते बाल श्रम कर रहे थे।

# स्कूल संचालक के खातों ने निकाले 3 लाख से ज्यादा रुपये

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा।** क्षेत्र के एक स्कूल संचालक सत्यदेव पाराशर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। एक ग्रुप में आए मैसेज पर विश्वास कर खाता संबंधी जानकारी भरना उन्हें महंगा पड़ गया। ठगों ने उनके दो बैंक खातों से कुल 3,33,321 रुपये निकाल लिए। सत्यदेव पाराशर खांडा गांव के शंभु दयाल शिक्षा सदन स्कूल के प्राचार्य और रिढाऊ गांव के संत हरिदास शिक्षा सदन स्कूल के प्रबंधक हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा से जुड़ी ड्यूटी की सूचना के लिए बनाए गए ग्रुप में

**खाता सील**

**बैंक अधिकारियों ने इसे ठगी का मामला बताते हुए उनके दोनों खातों को सील कर दिया**

एक शिक्षक ने पीएम योजना के नाम से लिंक भेजा था। लिंक खोलकर जानकारी भरने के कुछ घंटे बाद बैंक से फोन आया कि उनके खाते से बड़ी रकम निकाली गई है। बैंक अधिकारियों ने इसे ठगी का मामला बताते हुए उनके दोनों खातों को सील कर दिया।

# सीजेएम ने किया नारी निकेतन व श्रद्धानंद आश्रम का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्रवार को डीएवी कॉलेज में आयोजित सेमिनार में पहुंचे। यहां प्रेजिडेंट नाथी राम गुप्ता, डा. आरपी सैनी, प्रधानाचार्य व स्टाफ ने उनका स्वागत किया।
जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने उपस्थित श्रोताओं को कटेमपरेरी लिटरेचर बारे संबोधित किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की



सचिव इरम हसन भी उपस्थित थी। उन्होंने संबंधित विषय पर कविता सुनाई, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने बहुत सराहा।
इसके बाद चन्द्रशेखर व सुश्री इरम हसन ने नारी निकेतन व श्रद्धानंद आश्रम पहुंचकर वहां महिलाओं व बच्चों से बातचीत की।
उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डॉ चन्द्रशेखर वेंकट रमन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर श्रद्धा भाव के साथ याद किया

**उल्लास भाव**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका रही है तथा विज्ञान के क्षेत्र को सदा प्राथमिकता दी गयी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत के विज्ञान संकाय ने भारतीय भौतिक वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ चन्द्रशेखर वेंकट रमन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर श्रद्धा और उल्लास भाव के साथ याद किया। आज के सेमीनार की विधिवत शुरूआत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, भौतिक विभाग के अध्यक्ष प्रो राकेश सिंगला और प्रो प्रवीण आर खेड़े ने की। उनके साथ डॉ प्रियंका चांदना, डॉ राहुल जैन, प्रो प्रवीण कुमारी, डॉ बिंदु रानी, प्रो प्रोमिला भी सेमीनार का हिस्सा बने। इस अवसर पर डॉ अनुपम अरोड़ा ने बीएससी एवं एमएससी के छात्र-छात्राओं से बातचीत की और उनकी भविष्य की योजनाओं और सर रमन के कार्यों एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। विदित रहे कि वर्ष 1928 में भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन के द्वारा रमन प्रभाव का आविष्कार किया था। डॉ अनुपम अरोड़ा ने महान वैज्ञानिक रमन को याद करते हुए कहा कि पहले लोग यह मानते थे कि समुद्र का गहरा नीला रंग असल में आसमान के नीला रंग के प्रतिबिम्ब के कारण है। 1921 में जब डॉ रमन इंग्लैंड से भारत लौट रहे थे उन्होंने इस बात को ध्यान से देखा और फिर सिद्ध किया कि इसकी असली वजह प्रकाश का प्रकीर्णन है जिसमें प्रकाश पानी के अणुओं पर पड़कर रौशनी का प्रकीर्णन करता है इससे समुद्र गहरा नीला दिखता है। उन्होंने कहा कि क्रिस्टिल की स्पेक्ट्रम प्रकृति, स्टिल डाइनेमिक्स के बुनियादी मुद्दे, हीरे की संरचना और गुणों एवं अनेक रंगदीप्त पदार्थो के प्रकाशीय आचरण पर सीवी रमन का किया शोध आज भी मूल्यवान है। असल में 28 फरवरी 1928 भारत के लिए एक महान दिन था जब प्रसिद्ध भारतीय भौतिक शास्त्री चन्द्रशेखर वेंकट रमन के द्वारा भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में आविष्कार हुआ जिसे बाद में रमन इफेक्ट के नाम से जाना गया। भारत में विज्ञान को नई ऊंचाइयां प्रदान तथा स्वाधीन भारत में विज्ञान के अध्ययन और शोध को जबरदस्त प्रोत्साहन देने का श्रेय सर रमन को ही जाता है। विज्ञान और अंग्रेजी साहित्य के साथ-साथ संगीत में भी उनकी गहरी रूचि थी और यही आगे चलकर उनकी वैज्ञानिक खोजों का कारण बनी। भौतिक में एमए के दौरान वे कक्षा में कम और कॉलेज की प्रयोगशाला में ही अपने प्रयोग और खोजें करने में व्यस्त रहते। प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि भारत के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका रही है तथा विज्ञान के क्षेत्र को सदा प्राथमिकता दी गयी है।

# जनता समाधान शिविर गरीब व्यक्तियों के लिए कर रहे औषधि का कार्य : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हरियाणा को विकसित राज्य बनाने की दिशा में जो कदम उठाये हैं उनसे प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रख कर प्रदेश का समुचित विकास किया जा रहा है। विकास के मामले में आने वाले समय में प्रदेश अन्य राज्यों के लिए उदाहरण व प्रेरणा भी बनेगा। इस सोच को लेकर प्रदेश में विकास को गति प्रदान की जा रही है।
जिला सचिवालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि



अधिकारियों को भगवान ने ये हुनर दिया है की वो हर कार्य को खुशी पूर्वक करें। जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करें। यह हर अधिकारी की बड़ी कामयाबी होगी।
उपायुक्त ने जिस जिले में समस्याएं कम होती है निश्चित रूप से वह जिला तरक्की करता है। समस्याओं का समाधान ही उन्नति की वह सीढ़ी है जिसके पायदान पर पैर रखकर हम चुनौती को मात दे सकते है। समाधान शिविर में हर समस्या ग्रस्त व्यक्ति की समस्या का समाधान होने से उससे मजबूती का अहसास होता है। जिले में निरंतर संचालित किये जा रहे ये जनता

**समीक्षा**

**जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और संस्था द्वारा की जा रहे कार्यों की समीक्षा की**

समाधान शिविर गरीब आदमियों के लिए औषधि का कार्य कर रहे है।
पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में अधिकारी लोगों की समस्याओं का समाधान करके अपनी जिम्मेदारियों का जिस प्रकार से निर्वहन कर रहे है उससे सरकार का विजन कामयाबी की तरफ तीव्रता से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनता समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं का समाधान करके वो खुशी प्राप्त होती है जो किसी भी बाजार में उपलब्ध नहीं है। यह केवल लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद ही प्राप्त होती है।
समाधान शिविर में शुक्रवार को शहरी क्षेत्र व दूर दराज के क्षेत्रों से लोग विभिन्न विभागों से जुड़ी 39 समस्याएं लेकर पहुंचे।
ज्यादातर समस्याओं का उपायुक्त ने अधिकारियों के सहयोग से मौके पर समाधान किया व शेष बची समस्याओं को अति शीघ्रता से निदान करने के निर्देश दिए।

# प्राणायाम से होता है शरीर में रक्त का शोधन: दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा के ग्रीष्मकालीन सत्र का शुभारंभ किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों से इस पार्क में लगाई जा रही मिशन की सबसे पुरानी योग कक्षा में आज प्रातः बरसात के बावजूद भी योग साधकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी। सभी योग साधक समय पर आकर कक्षा में डटे रहे और सभी योग क्रियाएं की। उन्होंने दिन की शुरूआत यौगिक क्रियाओं से करवाई और फिर तरह-तरह के आसन, सूर्य



नमस्कार और सभी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कक्षा के शिक्षकों शिक्षिकाओं नीलम बटला, निधि गुप्ता, वीना धीर, एनपी चौधरी ने विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास करवाया।
दिनेश गुलाटी ने इस दौरान कहा कि प्रातःकाल के समय यौगिक सूक्ष्म व्यायाम करने से शरीर के हर अंग का व्यायाम होता है। शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है। शरीर में ऊर्जा का प्रवाह जागृत होता है और हम दिनभर एक्टिव रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म व्यायाम से शरीर के बाह्य अंग स्वस्थ होते हैं और साथ ही प्राणायाम करने से शरीर के अंदरूनी अंग स्वस्थ रहते हैं।

# लंबे ट्रक चालकों के खिलाफ प्रशासन हुआ सख्त, अनियमिता पाई जाने पर होगी एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिला सडक सुरक्षा कमेटी और स्कूल सुरक्षा वाहन पोलिसी की महत्वपूर्ण बैठक जिला सचिवालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त ने बैठक कहा कि शहर में प्रवेश करने वाले लंबे ट्रक ट्रेफिक व्यवस्था को चुनौती देते है। इन ट्रक चालकों के खिलाफ अधिकारियों को सख्त से सख्त कार्यवाही करनी होगी ताकि ट्रेफिक व्यवस्था को दुरस्त किया जा सके और लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हों।
उपायुक्त ने कहा कि जो ट्रक चालक अपनी लाइन छोडक दूसरी लाइन में प्रवेश करते है तो इससे



यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है ऐसे ट्रक चालकों के खिलाफ जरूरत पडने पर एफआईआर भी दर्ज करनी भी पड़े तो इसके लिए अधिकारियों को पीछे नहीं हटना होगा।
उपायुक्त ने कहा कि शहर के बाहर स्पीड के बड़े बड़े बोर्ड जिन पर मोटे अक्षरों में लिखा हो पानीपत में सीसीटीवी कैमरे से चालान होते है के बोर्ड आपका स्वागत करते है उनका साइज बढ़ाना होगा ताकि शहर में प्रवेश करने वाले बड़े वाहन संचालक इसे स्पष्ट रूप से देख सकें। उपायुक्त ने अधिकारियों को एनएच 44 की रोड वाईडनिंग को यथा शीघ्र संपन्न करवाना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक ट्रेफिक व सडक दुर्घटनाओं से बचा जा सकें।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्पीड ब्रेकर लगवाने को कार्य को लेकर और तेजी लाएं। स्कूल व परिवहन विभाग की बसों के ड्राईवरों के ड्रग टेस्ट करें। उनके परिचय पत्र जारी करें। सैक्टर 13-17 में पार्किंग यूज के लिए खाली पड़ी जमीन को पार्किंग की जगह के रूप में इस्तेमाल करें। 8 फीट के पॉल लगाकर इन पर बायडनिंग करने के निर्देश भी दिए।

**जिम्मेदारी**

**जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए ट्रेफिक पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी है। जो वाहन चालक गलत लाइन पर चलते है**

उपायुक्त ने यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए दो नई खेंचने वाली वैन व पुरानी खेंचने वाली वैन की मुरम्मत करवाने व खरीदने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने एनएचआई अंबाला को निर्देश दिए कि पानीपत में जाम की स्थिति को देखते हुए हनु स्वीटस व बरसत रोड़ के सामने फ्लाई ओवर पर चढ़ने हेतु कट खोलने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।
एसपी लोकेन्द्र सिंह ने बैठक में कहा कि जाम से मुक्ति दिलवाने के लिए ट्रेफिक पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी है। जो वाहन चालक गलत लाइन पर चलते है इन पर मामले दर्ज करें।

## न्यूज फ्लैश

### वोट का प्रयोग कर अपने कर्तव्य को निभाए : मधुसूदन बवेजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : शुक्रवार को हुए जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में वकीलों ने बढ़ चढ़कर मतदान किया। चुनाव में अपना मतदान करने के बाद किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र में नई कार्यकारिणी के चुनाव में सभी वकीलों को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने खासकर युवा वकीलों से अपील की कि बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र में नई कार्यकारिणी के चुनाव में सभी ज्यादा संख्या में भाग ले और नई कार्यकारिणी के गठन में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चुनाव में जो भी नई कार्यकारिणी चुनी जाएगी वह वकीलों को आने वाली परेशानी को दूर करेगी और बार के विकास के लिए नये-नये काम करेगी। इस अवसर पर उनके साथ चुनाव अधिकारी सीनियर अधिवक्ता केके कौशिक, एडवोकेट जय सिंह देशवाल, एडवोकेट नरेंद्र पराशर मौजूद रहे।

### किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र**: किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा आठवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन होटल 93 प्लेनेट में किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ, मुख्य अध्यापिका सुनीता रानी, अध्यापिका ज्योति खनेजा, मेघा मैडम, पूजा मैडम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह की शुरूआत कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा आठवीं के छात्रों को तिलक लगाने से हुई, जिसके बाद सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, हास्य स्किट और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया। कक्षा सातवीं की जीना और यूवी तथा कक्षा आठवीं की वैशाली और हर्षिता द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "निरंतर मेहनत और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।" उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।मुख्य अध्यापिका सुनीता रानी ने इस अवसर पर कहा, "विद्यालय सिर्फ शिक्षा देने का स्थान नहीं है, बल्कि यह जीवन के मूल्यों को सीखने की जगह भी है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ रहे हैं।"समारोह के अंत में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को सम्मानित कर उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मिस फेयरवेल का खिताब मनप्रीत कौर को तथा मिस्टर फेयरवेल का खिताब आदित्य को प्रदान किया गया।

# इतनी नेकी करो जो हमेशा सबको कुछ ना कुछ देते रहो: कविता दीदी

## हम तनाव मुक्त तभी हो सकते हैं जब हम दूसरों को हमेशा देने का भाव रखेंगे: कविता दीदी

**तनावरहित**

▶▶ हम तनाव मुक्त तभी हो सकते हैं जब हम दूसरों को हमेशा देने का भाव रखेंगे: राजयोग शिक्षिका





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला**: ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय 16, कंच घर द्वारा महाशिवरात्रि महापर्व के उत्सव पर अग्रवाल धर्मशाला, सेक्टर-9 में बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता चंडीगढ़ से पधारे वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका व मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी जी ने " *तनाव मुक्त जीवन* " विषय पर बताते हुए कहा कि हम तनाव मुक्त तभी हो सकते हैं जब हम दूसरों को हमेशा देने का भाव रखेंगे। जैसा कि हमने सुना है कि 'नेकी कर दरिया में डाल' अर्थात इतनी नेकी करो जो हमेशा सबको कुछ ना कुछ देते रहो। हमेशा अपने शब्दों में किसी को प्यार देने व उसकी सच्ची प्रशंसा करने का भाव रखें, जिससे उसको मोटिवेशन मिलेगा। अपने प्रियजनों की प्रशंसा करो जो कुछ भी वह हमारे लिए कर रहे हैं उसके लिए उनकी तारीफ करो उनका शुक्रिया करो। पॉजिटिव बातें करने से बीमार व्यक्ति भी बहुत जल्दी स्वस्थ महसूस करता है। मुख्य अतिथि जिला मेजिस्ट्रेट पूजा कुमारी जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में आकर मुझे बहुत शांति मिलती है। इनका तो मंत्र ही है *ओम शांति*। उन्होंने कहा आज हमें इन बहनों द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग के अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सीखने की विशेष आवश्यकता है।
विशिष्ट अतिथि आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज जी ने कहा ब्रह्माकुमारी पूरे विश्व में महिलाओं द्वारा चलाई जाने वाली इकलौती संस्था है। जहां पर भगवान का वास होता है। ये ब्रह्माकुमारी देवी शक्ति बहनें है। कंच घर सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी ने बहुत सुंदर कमेंट्री के द्वारा सबको प्रभु के समीप का अनुभव कराया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। शिव ध्वजारोहण किया गया। सिंगला परिवार ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। संगीत में नृत्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस प्रोग्राम में बहुत से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिन में अनुभव अग्रवाल जी एमडी सुदर्शन परिवार, एक्स सीएमओ विनोद गुप्ता जी, राजन साड़ी से मनोहर लाल जी, मनोहर लाल सचदेवा ,दर्शन लाल सचदेवा मौजूद रहे।

## धमकी देने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**शिकंजा**

▶▶ मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है

**अम्बाला**: अम्बाला पुलिस द्वारा सम्बन्धित अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना महेशनगर में दर्ज हमला कर-के मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में 27 फरवरी 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिँह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी हरीश उर्फ हर्ष व राजेश उर्फ वंशु निवासी ब्बयाल थाना महेशनगर अम्बाला छावनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अमीत निवासी ब्बयाल थाना महेशनगर अम्बाला छावनी ने थाना महेशनगर में 24 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 फरवरी 2025 को आरोपी सुमित मैहरा व अन्य ने गांव ब्बयाल अम्बाला छावनी में उसके साथ मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है।

## यमुनानगर में मां-बेटे पर फायरिंग

**जांच जारी**

▶▶ हमले में महिला की बाजू में गोली लगी,वहीं उसके बेटे के सिर में चोट आई है, पुरानी रंजिश से जुड़ा मामला

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर**: जगाधरी की दुर्गा गार्डन कालोनी के एक घर में घुसकर बदमाशों ने फायरिंग कर हमला कर दिया। हमले में महिला की बाजू में गोली लगी,वहीं उसके बेटे के सिर में चोट आई है। घायलों का नागरिक अस्पताल के इलाज जारी है। यह पूरा मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने अमित के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को जिला पुलिस उप अधीक्षक राजीव मिगलानी ने बताया कि गुरुवार देर रात को चार बदमाश युवकों ने दुर्गा गार्डन निवासी अमित उर्फ बाबू व उसकी मां पर घर में घुसकर चार राउंड फायरिंग की। घायल अमित के सिर पर चोट है व उसकी मां के बाजू में गोली लगी है। उनको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपियों की पहचान मन्नी, वरुण, लवी और पुरूषोतम के रूप में हुई है। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया।

## आर्य पी जी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**प्रतियोगिता**

▶▶ पोस्टर प्रजेंन्टेशन एवं पावरपॉइंट प्रजेंन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैनो-टेक्नोलॉजी, रोबॉटिक्स आदि विज्ञान से जुड़े विषयों पर पोस्टर प्रजेंन्टेशन एवं पावरपॉइंट प्रजेंन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और साथ ही अपनी कलाँ का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय से भौतिकी विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शीला देवी मलिक ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुँचने पर मुख्य अतिथि का प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया व साथ ही कॉलेज प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शिखा गर्ग सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की भारत के महान वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी रमन द्वारा 28 फरवरी, 1928 को रमन इफेक्ट की खोज की गई थी। इसीलिए हर साल इस दिन को ह्लराष्ट्रीय विज्ञान दिवसह्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का थीम है 'विज्ञान और नवाचार में युवाओं को सशक्त बनाना', जो युवाओं को विज्ञान और नवाचार के प्रति प्रेरित करने तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।
इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पहुँची डॉ. शीला देवी मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिकों के सम्मान में मनाया जाता है।

## आप युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाजपा का दामन थामा



**कमल के साथ**

▶▶ रिंकू थाना ने भाजपा के कार्यों और विकासात्मक नीतियों से प्रेरित होकर यह निर्णय लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र**: भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) कार्यालय कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना घटी, जब रिंकू थाना,प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा आम आदमी पार्टी (आप) एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य ने आम आदमी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) का दामन थामा। उन्होंने जिला अध्यक्ष सुशील राणा के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि रिंकू थाना ने भाजपा के कार्यों और विकासात्मक नीतियों से प्रेरित होकर यह निर्णय लिया। उनका कहना था कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश और राज्य में किए जा रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने पार्टी के साथ मिलकर समाज की सेवा करने और प्रदेश की उन्नति में योगदान देने का संकल्प लिया।जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मजबूत और विकासोन्मुखी पार्टी है, और पार्टी में नए सदस्यों का स्वागत हमेशा किया जाता है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि रिंकू थाना पार्टी के साथ मिलकर प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री तेजीन्द्र गोल्डी,जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स सतपाल मास्टर, लाडी पाल, विनकल चौबे सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## प्रदेश भर में नशे के विरुद्ध चल रहे हैं अभियान: डॉ. अशोक कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र**: भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्काइट कुरुक्षेत्र में वाईआरसी शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. सुनील कुमार की अध्यक्षता में जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू के नेतृत्व में हुआ। शिविर में पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित करा उनसे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को देती। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा एमएएनएएस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं।

## परीक्षा को लेकर धारा 163 के तहत आदेश जारी

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आगामी 29 मार्च तक विभिन्न शिक्षण संस्थानों और विद्यालयों में आयोजित माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की परिक्षाओं के मद्देनजर जानमाल की हानि रोकने और आमजन में शांति स्थापित करने के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के इक्टठा होने, किसी भी तरह के आग्रेय अस्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, जेली, गण्डासा व कुल्हाड़ी इत्यादि किसी भी तरह के हथियार लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी।

## 40 संवेदनशील बूथों पर रहेगी पैनी निगाहें: नेहा सिंह



**प्रबंध**

▶▶ चेयरपर्सन और पार्षद पदों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर निकाय आम चुनाव 2025 के अंतर्गत नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन और पार्षद पदों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए है। इस शहर में बनाए गए 108 बूथों में से 40 बूथ संवेदनशील श्रेणी में रखे गए है। इन संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल नियुक्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि थानेसर नगर परिषद में चेयरपर्सन पद के लिए 32 वार्डों में 108 बूथ बनाए गए है, जबकि पार्षद पद के लिए 101 बूथ बनाए गए है। इन बूथों में 40 संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए है जिनमें थानेसर में संवेदनशील बूथ वार्ड 2 में बूथ 4, 5,6,7 में जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल थानेसर,वार्ड 6 में बूथ नंबर 16,17,18 नवयुग सीनियर सेकेंडरी वशिष्ठ कालोनी, वार्ड 7 में बूथ नंबर 20,21,22, राजकीय प्राईमरी स्कूल लायलपुर बस्ती, गीता निकेतन विद्या मंदिर, वार्ड 10 में बूथ नंबर 29, 30, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिपली शामिल है।
उन्होंने कहा कि वार्ड 12 में बूथ नंबर 35,36,37 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीदासपुरा, वार्ड 16 में बूथ नंबर 49,50,51, 52 के लिए राजकीय मिडल स्कूल रतगल, राजकीय मिडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल रतगल, वार्ड 19में बूथ नंबर 60,61,62, राजकीय गर्ल्स हाई स्कूल नाथ मंदिर रेलवे रोड, वार्ड 26 में बूथ नंबर 84,85, यूनिवर्सिटी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड 27 में बूथ नंबर 86 धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, वार्ड 28 में बूथ नंबर 90,91, जय भारती पब्लिक स्कूल दीदार नगर, वार्ड 29 में बूथ नंबर 94,95,96,97, धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, वार्ड 30 में बूथ नंबर 98,99,100,101, आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड 31 में बूथ नंबर 102,103, 104,105 में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सब्जी मंडी थानेसर को संवेदनशील बूथ की श्रेणी में रखा गया है।

## फैलोशिप इन डाइबिटीज से सम्मानित हुए डॉ आशीष अनेजा



चिकित्सक । कार्यक्रम का आयोजन गुजरात के अहमदाबाद शहर में हुआ, जहां डायबिटीज इंडिया सोसायटी की भारत इकाई के अध्यक्ष डॉ बंसी साबू और

**उपलब्धि**

▶▶ हेल्थ सेंटर के प्रशासक एवं मेडिकल ऑफि सर डॉ आशीष अनेजा को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : चिकित्सा क्षेत्र में डायबिटीज में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर के प्रशासक एवं मेडिकल ऑफि सर डॉ आशीष अनेजा को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुए। इस बार विश्व स्तरीय संगठन इंटरनेशनल डाइबिटीज सोसायटी डायबिटीज इंडिया के तत्वाधान में डॉ अनेजा को फैलोशिप इन डाइबिटीज एंड बेस्ट डॉक्टर अवार्ड से नवाजा गया। खुशी की बात ये है कि स्वास्थ्यसेवी कार्यों के दम पर इस सम्मान के लिए चयनित होने वाले कुरुक्षेत्र वासी डॉ अनेजा जिला ही नहीं अपितु हरियाणा के एकमात्र कई इंटरनेशनल डायबिटीज मेंबर्स द्वारा डॉ अनेजा को फैलोशिप एंड बेस्ट डॉक्टर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।
इस दौरान देश-विदेश के सैकड़ों चिकित्सक इंटरनेशनल कान्फ्रेंस के साक्षी बनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते नजर आए। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ सोमनाथ सचदेवा ने डॉ अनेजा के सेवाभाव और डायबिटीज में रिसर्च को सराहा और फैलोशिप एंड बेस्ट डॉक्टर अवार्ड के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।गौरतलब है कि डॉ आशीष अनेजा पिछले कुछ वर्षों में कर्मचारियों तथा आमजन की स्वास्थ्य रक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर डाइबिटीज पर आधारित पांच सौ (500) से अधिक शिविर लगा चुके हैं। शिविरों में हजारों मरीजों का बीपी, ब्लड शुगर सहित स्वास्थ्य निरीक्षण करके मुफ्त दवाईयां बांटी गई। साथ ही निजी केंद्रों पर महंगी दरों पर होने वाले न्यूरोपैथी, ब्रेन एंड स्पाइनल, लीवर स्कैन, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, ईसीजी तथा कैंसर इत्यादि के टेस्ट भी निःशुल्क उपलब्ध कराए।
इसके अलावा सामाजिक एवं बौद्धिक मंचों पर डाइबिटीज के प्रति जागरूकता को लेकर विशेष व्याख्यान तथा रिसर्च जर्नल आदि भी जनसेवार्थ समर्पित किए गए। वहीं दो पुस्तकें प्रकाशित करके बेक्टीरिया, वायरस जैसे रोगाणुओं पर विस्तृत चर्चा के साथ उनके प्रभाव एवं निष्क्रियता की ओर इशारा किया। इन्हीं विशेषताओं और स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए प्रशंसनीय योगदान को देखते हुए उन्हें खास अवार्ड के काबिल समझा गया। डॉ आशीष अनेजा ने फैलोशिप इन डाइबिटीज एंड बेस्ट डॉक्टर अवार्ड मिलने के लिए सबका दिल से धन्यवाद किया।

## पत्रकारों के हितों की बुलंद आवाज बनेगा पत्रकार एकता संघ :अनिल वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : पत्रकार एकता संघ की कुरुक्षेत्र इकाई के प्रचार सचिव अनिल वर्मा का कहना है कि पत्रकार एकता संघ सभी मंचों पर पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद करने का सशक्त माध्यम बनेगा। अनिल वर्मा ने कहा कि आज विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकार साथी मजबूती से खड़े रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, ऐसी स्थिति में कभी- कभी उनके साथ कुछ अनहोनी घटनाएं भी हो जाती हैं जिसके कारण उनको और उनके परिवारजनों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए पत्रकार एकता संघ सरकार से पत्रकारों के हितों में और अधिक घोषणाएं करने बारे मांग पत्र देगा ताकि पत्रकार साथी बिना किसी भय के अपने कर्तव्यों को निभा सकें और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका सराहनीय और अनुकरणीय रूप में निभाते रहें।अनिल वर्मा ने कहा कि गत सप्ताह ही पत्रकार एकता संघ की बैठक में वरिष्ठ पत्रकार और संघ के राज्य उपाध्यक्ष डी आर भटनागर,जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया और अश्विनी वालिया की गरिमामय उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार दलबीर सिंह मलिक को संघ का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया था।इसके अतिरिक्त उपप्रधान संजीव कुमार गोयल,महासचिव गुलशन ग्रोवर, मीडिया प्रभारी हरिदास चनालिया,कोषाध्यक्ष राजकुमार कौशिक,सचिव अजय शर्मा,ऑडिटर राजेश भटनागर,प्रचार सचिव राजेंद्र स्नेही और अनिल वर्मा व संगठन सचिव सूरज कमल सेठ को बनाया गया था।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनाने की घटना में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन ंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**जिले के थाना** खरखौदा की पुलिस टीम ने फर्जी प्रमाण पत्र बनाने की घटना में संलिप्त तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मुकेश बिधलान जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभकग से मिली जानकारी के अनुसार 14 अगस्त साल 2021 को सिविल सर्जन, सोनीपत नें थाना खरखौदा में शिकायत दी कि जन्म-मृत्यु के सी.आर.एस पोर्टल पर पी.एच.सी सिसाना में एक एंट्री सरोज पुत्री लखमीचन्द जन्म तिथि 1



जनवरी1970 माता का नाम-धनपति जारी करने की तिथि-20 जुलाई 2021 जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर बी-2021:6-00169-000056 जन्म स्थान गोहाना व स्थाई पता शामडी दिया गया है। पी.एच.सी सिसाना पता करने पर यह पता चला कि यह एन्ट्री उनके द्वारा नहीं की गई है और न ही उनके पास इसका कोई मैनुअल रिकार्ड है। इसके अतिरिक्त सी.एच.सी खरखौदा पर निखिल पुत्र अशोक माता का नाम रेशमा जन्म तिथि-29 दिसम्बर 2020 जारी करने की तिथि 16 मई 2021 स्थाई पता पुगथला है। इसकी भी एंट्री दिखाई दे रही है। जोकि पी.एच.सी दुभेटा के रिकार्ड में नहीं है। पी.एच.सी सिसाना के सूचना सहायक दीपक ने बताया कि उनके पास पी.एच.सी भैंसवाल कलां के सूचना सहायकः प्रवीन ने व्हाट्सऐप से जन्म प्रमाण पत्र की फोटो भेजकर उसके बारे में जानकारी मांगी थी कि यह सही है या गलत है। जांच करने पर यह फर्जी पाया गया। पी.एच.सी भैंसवाल कलां के सूचना सहायक को पुछताछ के लिए बुलायां तो उसने बताया कि मुझे हमारे मैडीकल अधिकारी डॉ श्याम सुन्दर ने प्रमाण पत्र की जांच के लिए बोला था। उसके उपरान्त डॉ श्याम सुन्दर को पुछताछ के लिए बुलाया तो उसने बताया कि मैं विष्णु नगर गोहाना में सुमित जोकि अपना सैलुन चलाता है उसने बताया कि मैंने अपनी माता का जन्म प्रमाण पत्र किसी व्यक्ति की मदद से बनवाया है।

उसने मुझे कहा कि कृप्या इस प्रमाण पत्र की जांच करवा दें कि यह सही है या गलत है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया था।

# होली पर अभद्र टिप्पणी करने पर उनके विरूध कानूनी कार्यवाही को लेकर ज्ञापन दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। अखंड हिन्दू** स्वाभिमान श्री राम कृष्ण साधना केन्द्र, मुरथल द्वारा राजीव गांधी एजकुेशन सिटी स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में फराह खान (डायरेक्टर, प्रोड्युसर) द्वारा हिंदुओ के त्योहार होली पर अभद्र टिप्पणी करने पर उनके विरूध कानूनी कार्यवाही को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि हमारी संस्था सनातन धर्म व संस्कृति के लिए समाज में निशुल्क कार्य करती है बालीवुड हमेशा से सनातन धर्म पर अभर्दता पूर्वक कार्य करता रहा। हाल ही में बालीवुड की फिल्मो की निमार्ता एवं निर्देशक फराह खान ने हमारे हिन्दुओ के विशेष आस्था भरे त्यौहार होली पर अभद्र टिप्पणी की है उसने



अपने विकृत विचारो एवं सनातन विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन करते हुये कहा की होली टपोरियो,छपरियो का त्यौहार है। मनीष राई ने कहा कि हिन्दु धर्म के विशेष त्यौहार होली पर अभद्र टिप्पणी करना गैर कानूनी है जिससे साबित होता है कि फराह खान कानून व्यवस्था को स्वयं से अधिक नही मानती। छपरी का अर्थ असामाजिक तत्वो व गैर जिम्मेदार व्यक्ति को दशार्ता है। उसका सीधा-सीधा अर्थ हिन्दुओ को अपमानित करना सिद्ध होता है क्योकि होली हिन्दुओ का प्रमुख त्यौहार है। इस मौके पर मनीष राई, भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल, आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### रिश्तेदारों ने विधवा से की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक महिला** ने 9 लोगों पर पति की संपत्ति हड़पने और बैंक खाते से 3 लाख रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक 2024 में उसके पति की मौत के बाद जयपुर में आकर आरोपियों ने दस्तावेज लेकर बैंक में धोखाधड़ी की। महिला के रिश्तेदारों ने करनाल में स्थित दुकान पर भी कब्जा कर लिया गया, जबकि 25 लाख की एफडी पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के जरिए स्टे लिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू चार चमन निवासी पीड़िता रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके पति की अचानक तबीयत बिगड़ी और उन्हें 18 नवंबर 2024 को जयपुर के एमएस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 20 नवंबर को उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिवार ने 21 नवंबर को करनाल के अर्जुन गेट स्थित शिवपुरी में अंतिम संस्कार कर दिया। रेखा का आरोप है कि 26 नवंबर को उनके पति के परिजन जयपुर आए और कहा कि उन्हें कुछ जरूरी दस्तावेजों की जरूरत है। विश्वास में लेकर उन्होंने अपने पति के सभी असली दस्तावेज ननद और भतीजे को सौंप दिए। उन्होंने बैंक से अनुरोध किया कि जब तक पैसा ट्रांसफर नहीं हो जाता, तब तक खाते को होल्ड पर रखा जाए। लेकिन जब 13 दिसंबर को बैंक जाकर उन्होंने पैसे ट्रांसफर होने की जानकारी ली तो पता चला कि उनके पति के खाते से 3 लाख रुपए पहले ही किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिए गए हैं।

### बजाना खुर्द में रुपयों के लेनदेन को लेकर की युवक की पिटाई के बाद दी जान से मारने की धमकी ,मामला दर्ज

**गन्नौर । गांव बजाना खुर्द में** रुपयों के लेनदेन को लेकर की युवक की रास्ता रोक कर गाली गलौज के बाद मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। युवक ने मारपीट की शिकायत खुबडू झाल चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बजाना खुर्द के मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरा गांव के ही मंजीत के परिवार के साथ रुपया का लेन देन है, इनके रुपये देने में लेट हो गया। 10 फरवरी को अपने गांव के सरकारी स्कूल के पास रवीदास जयंती के लिए हलवाई करने के लिए गया हुआ था। मेरे साथ मेरे गांव का सुरेन्द्र भी था ,जब हम दोनों हलवाई करके वापीस जा रहे थे तो गांव का मंजीत मोटरसाईकिल पर आया और मेरा रास्ता रोक कर मेरे साथ मेरे साथ गाली गलौच करते हुए कहने लगा तू हमारे रुपये देगा या नहीं देगा और आरोप है कि मंजीत ने मेरे नाक पर मुक्का मारा , मुक्का लगते ही में गिर गया और मंजीत ने मुझे लात मुक्को से खुब पिटा। उसके बाद मुझे कुछ पता नहीं चला। वारदात की सूचना परिजनों को दी सूचना के बाद परिजनों के पर पहुंचे और उपचार के लिए खानपुर मेडिकल दाखिल करवाया ।

### ट्रक रुकवार कर चालक से की मारपीट, केस दर्ज

**गन्नौर । धतूरी रोड** पर अंबे धर्मकांटा के निकट एक ट्रक चालक के साथ अज्ञात हमलावरों ने मारपीट कर दी। ट्रक चालक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में खेड़ी तगा गांव के अनील कुमार ने बताया कि 25 फरवरी को वह अपना ट्रक धतूरी स्थित एक कंपनी से लोड कर रामनगर के लिए चला था। जब वह रामनगर पहुंचा तो कंपनी से फोन आया कि उनके ट्रक में गलत माल लोड हो गया है, जिस वजह से अपना ट्रक लेकर वापिस आ जाएं। जिसके बाद वह रामनगर से वापिस धतूरी के लिए चल दिया। जब वह अंबे धर्मकांटा के पास पहुंचा तो धतूरी की तरफ से एक कैंटर चालक ने इशारा करके उसके ट्रक को रुकवा दिया। जब वह ट्रक से नीचे उतरा तो कैंटर चालक उसके साथ गाली गलौज किया और कैंटर परिचालक ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान एक कार में सवार हो कर तीन युवकों ने लोहे की राड व डंडे से उस पर हमला कर उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। उसके बाद जब वह अपने ट्रक में गया तो ट्रक से दो लाख रुपये गायब थे। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धड़ल्ले से चली दो परीक्षा केंद्रों पर नकल





**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। शिक्षा विभाग** का नकल रहित परीक्षा करवाने का दावा पहले ही दिन फेल हो गया है। नकलचियों के आगे शिक्षा विभाग का प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। विभिन्न परीक्षा केंद्रों में धारा 144 तोड़कर युवक नकल फेंक रहे हैं। पहले दिन अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर जमकर नकल चल रही है। ऐसा ही मामला संवेदनशील परीक्षा केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलाना में देखने को मिला। जहां स्कूल की दीवार फांद कर युवक खिड़की से नकल करवाते नजर आए। इसके अलावा अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला में खिड़की से पर्ची फेंकते युवक नजर आए। परीक्षा केंद्रो से पुलिस प्रशासन भी नदारद रहा। राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुगथला में डायल 112 की टीम नकल रोकने का प्रयास करती दिखाई दी।

# प्रधानाचार्य ने मरणोपरांत अपनी देहदान का निर्णय लिया

**गन्नौर। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेड़ा के प्रधानाचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह रोहिला ने अपनी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर मरणोपरांत अपनी देहदान का निर्णय लिया है। मरणोपरांत देहदान किए जाने की घोषणा करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अंसारी नगर, नई दिल्ली को अंग दान-दाता प्रपत्र जमा करने के लिए भेज दिया है । उनके द्वारा किए गए कार्य की संरचना गांव के सरपंच प्रमोद ढाका, समाजसेवी संदीप ढाका के अलावा स्कूल के शिक्षकों ने सराहना की । सरपंच प्रमोद ढाका ने कहा कि मरणोपरांत देहदान कर हम किसी को जीवन दे सकते हैं। यह मानव जीवन में एक अहम



योगदान है। चिकित्सा जगत को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छी पहल है। यह स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में अहम कदम है। ज्ञात रहे की प्रधानाचार्य सुरेंद्र ने 1993 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाना से बतौर प्रवक्ता अपनी शिक्षा यात्रा शुरू की थी।

# नांगल सिरोही के शिव मंदिर में आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर आज से

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। श्री खाटू** श्याम का मेला फाल्गुन महीने में शुरू होकर होली पर्व तक चलता है। श्री श्याम फागुन मेले को लेकर गांव नांगल सिरोही पावर हाउस स्थित शिव मंदिर में आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रधान प्रमोद यादव ने कहा कि एक से आठ मार्च तक आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर लगाया जाएगा। प्रधान प्रमोद यादव ने कहा कि जीवन में धर्म-कर्म का विशेष महत्त्व रहता है। ऐसे धार्मिक कार्यों से जीवन में सरलता तथा व्यक्ति प्रगतिशील दिशा में बढ़ता है। सही दिशा में किया गया कार्य व्यक्ति को ऊंचाइयों की ओर लेकर जाता है। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि जो लोग खाटू वाले बाबा का सच्चे मन से उनकी पूजा आराधना करते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती हैं। प्रधान प्रमोद यादव ने बताया कि शिव मंदिर में श्री श्याम भक्तों के लिए भोजन, ठहरने सहित दवा का उचित प्रबंध किया गया है। शिविर में शिव भक्तों के लिए सुबह, दोपहर व शाम के लिए उचित भोजन की व्यवस्था की गई है तथा भोजन के साथ दूध, फल व बिस्किट आदि के उत्तम प्रबंध किए गए है।

# पोते सोमेश यादव के विवाह पर गोशाला में लगाई सवामणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बवानियां** निवासी पूर्व प्राचार्य लालचंद यादव ने अपने पोते सोमेश यादव की शादी के उपलक्ष्य में बुचियावाली गौशाला में एक सवामणी का आयोजन किया। इस दौरान गौशाला प्रधान नवीन राव ने सभी का स्वागत व धन्यवाद किया। गौरतलब है कि गांव बवानियां निवासी दिल्ली पुलिस में कार्यरत सोमेश यादव व रेलवे पुलिस में गांव दुलोट अहीर निवासी प्रीति यादव का विवाह बेहद सादगी के साथ संपन्न हुआ। इस विवाह में लगन और भात दोनों में एक-एक रुपये का शगुन के रूप में लिया गया। इस दहेज रहित शादी समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, यादव सभा प्रधान अभयराम यादव, पवन खैरवाल सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के अध्यक्ष और सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने वर वधु को अपना आशीर्वाद व बधाई दी। प्रधान नवीन राव ने कहा की गो-सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है। वहां साक्षात रूप में देवता वास करते है। गायों के मल मूत्र व गोबर से अनेक प्रकार की जीवन रक्षक दवाइयां बनाई जाती है, जो मनुष्य की बीमारी के दौरान उसकी रक्षा करती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने घर में एक-एक गाय पाले व उसकी सेवा करे।

# ताला तोड़कर बैटरी के 24 सेल चोरी

**गन्नौर। गांव उदेशीपुर में लगे इंडस कंपनी के** टावर से केबिन का ताला तोड़कर बैटरी के 24 सेल चोरी हो गए । इंडस कंपनी के कर्मचारियों ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस में दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में इंडस कंपनी में कार्यरत कर्मचारी सन्दीप ने बताया कि इन्डस टावर कम्पनी का एक टावर गाँव उदेशीपुर में लगा हुआ है। 25-26 फरवरी की रात को टावर पर लाइट भाग गई । सुबह लाईट भागने पर साईड डाऊन होने पर टैक्नीशियन शोभा राम ने जाकर चैक किया तो टावर पर लगे कैबिन का ताला तोड़ रखा था।

# विधायक ने अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई हलका** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने हलकावासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार में लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समस्याओं की सुनवाई के दौरान अकबरपुर बारोटा के सरपंच संजय चौहान ने गांव की फिरनी पर लाइट की व्यवस्था की मांग रखी, जिसे विधायक कृष्णा गहलावत ने तुरंत पूरा करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाइट लगाने का काम आगामी



दिवस से ही प्रारंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि फिरनी पर करीब 36 लाइट लगाई जाएगी, जिससे फिरनी पर रात्रि के समय अंधकार की समस्या दूर होगी। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में विशेष लाभ मिलेगी। सुरक्षा की दृष्टि से भी लाइट लगने पर विशेष लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने विशेष रूप से बिजली-पानी व सफाई व्यवस्था को लेकर समस्या रखी गई। बहालगढ़ में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की गई, जिस पर विधायक कृष्णा गहलावत ने संबंधित अधिकारियों को फोन पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहालगढ़ समेह पूरे हलके सफाई व्यवस्था को बेहतरीन किया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई हलके को पूर्ण रूप से समस्या मुक्त बनाया जाएगा। लोगों की हर प्रकार की समस्याओं को दूर करवाया जाएगा। साथ ही सुविधाओं को भी मजबूती दी जाएगी। इस अवसर पर अकबरपुर बारोटा के सरपंच संजय चौहान, सुरेंद्र, छोटू पतला, पूर्व पार्षद नंदकिशोर चौहान, ब्लॉक समिति चेयरमैन संजय,बहालगढ़ के सरपंच राजेश, मास्टर नरेंद्र, सुरजीत वाल्मीकि, अरूण, विनोद चौहान, प्रदीप आंतिल, सेरसा के पूर्व सरपंच भानू, नगर पालिका कुंडली की चेयरपर्सन शिमला देवी, मंजीत,रजत, दीपक खरब, सतपाल गुप्ता, ललित, विजय कुमार आदि शामिल रहे।

# आग लगने पर विधायक ने मौके पर जाकर जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। के** गांव डिगरोता में देर रात भीषण आग लगने से किसानों की करीब 95 एकड़ की एकत्रित की गई कड़बी (पशु चारा) जलकर राख हो गई।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।क्षेत्र के विधायक कंवर सिंह यादव गाँव डिगरोता में पहुंचे और किसानों से बातचीत की।विधायक कंवर सिंह यादव ने अधिकारियों को कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है।किसानों की भरपाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।भाजपा सरकार हमेशा ही किसानों की हितेषी रही है।विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा से ही किसानों की हित मे फैसला लिया है।

पिछले दिनों किसानों की हुई फसल बर्बाद में मुआवजे की राशि का भुगतान किया है।आग लगने से हुई कड़बी (पशु चारा) की भरपाई के लिए विधायक ने मौके पर पहुँचे उपमंडल अधिकारी अनिल कुमार यादव को निर्देश दिए है।साथ में किसानों को आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द किसानों की जलकर कड़बी का मुआवजा दिलवाया जाएगा।

# खराब मौसम व तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल को हुआ नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। वी**रवार की सुबह से खराब मौसम हुआ बूंदाबांदी के गेहूं की फसल कई जगह आड़ी हो गई है। जिसके कारण उत्पादन गिरने की संभावना है। गेहूं की फसल को भी नुकसान हुआ है। गुरुवार को भी मौसम खराब रहा है। दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रही । बादल छाए रहने के कारण होशंगाबाद में दिन का तापमान कम हो गया है। वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों का कहना है कि इस समय की बरसात किसानों के लिए बहुत



नुकसानदायक है। सिंचाई वाले हिस्से में गेहूं की फसल आड़ी हो गई है। हवा के कारण अगेती खड़ी गेहूं फसल आड़ी हुई है। किसान रमेश राठी ने बताया कि गेहूं फसल तेज हवा बूंदाबांदी से आड़ी हो गई है। जिससे दाने हल्के काले पड़ेंगे। हार्वेस्टर से कटाई में भी समस्या आएगी। दाने रह जाएंगे, नीचे से मशीन चलाई तो मिट्टी आएगी। किसान प्रेम ने बताया कि अगर इस समय तेज बरसात होती है तो गेहूं की फसल को बहुत नुकसान होगा।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**एस.डी. सीनियर** सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में वैज्ञानिक अनुप्रयोगों के महत्व के बारे में व्यापक रूप से संदेश फैलाने के लिए यह दिवस मुख्य रूप से मनाया जाता है। विद्यालय के प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बताया कि नेशनल साइंस डे यानी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर साल 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। यह दिन मशहूर भौतिक विज्ञानी चंद्रशेखर वेंकट रमन को समर्पित है, जिन्होंने देश के वैज्ञानिकी विकास में एक अहम भूमिका निभाई थी।

मानव कल्याण के लिए विज्ञान के क्षेत्र में सभी गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करना, विज्ञान के विकास के लिए सभी मुद्दों पर चर्चा करना तथा नई प्रौद्योगिकियों को लागू करना, देश में वैज्ञानिक सोच रखने वाले नागरिकों को अवसर देने के लिए। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना ही हम सब का उद्देश्य है।

# वितमंत्री बनी सीमा को मिला प्रथम स्थान, विपक्ष की भूमिका में रही सोनिया रही द्वितीय स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**मानवीकी एंव सोशल** साइंस विभाग के तत्वाधान में गीता यूनिवर्सिटी में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वितमंत्री द्वारा वित्त विधेयक प्रस्तुत किया गया। जिसपर सत्तापक्ष व विपक्ष में बहस हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागध्यक्ष डॉ भावना शर्मा ने किया।

उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वित्तीय कानून की भूमिका पर प्रकाश डाला। युवा संसद कार्यक्रम में



वित्त मंत्री बनी छात्रा सीमा ने वित्त विधेयक में सरकार के रोजकोष प्रबंधन, टैक्स नीति, बजट आवंटन और राष्ट्रीय विकास पर चर्चा की। वहीं विपक्ष की भूमिका निभा रहे छात्रों ने वित्त विधेयक विभिन्न पहलुओं को चुनौती और विधेयक की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े किए।

# आप शासित निगम में संसाधनों की कमी, व्यवस्था बनाए रखने में हो रही परेशानी: राठौर







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा क्षेत्र** के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर द्वारा क्षेत्र में सफाई अभियान के साथ-साथ निगम के मेंटेनेंस विभाग द्वारा बंद नालियों को सुचारू रूप से चालू रखने के लिए खुदाई कर पाईप लाइन भी बिछाने का कार्य को हरी झंडी दिखाई गई। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि क्षेत्र स्थित बडे नाले पूरे बीस फूटे रोड का पानी बाहर नाले में गिरता है, उस पानी को रास्ता देने के लिय मेरी निगरानी में पाइप लाइन बिछाने का काम करवाया जा रहा है। इसके साथ ही वार्ड स्थित जहांगीरपुरी के तकरीबन मदिरों के आस पास, चौक चौराहों व गली-मोहल्लों में जोरो शोरों से साफ सफाई करवाई गई। इसके साथ क्षेत्र को सुंदर दिखाने के लिए चौक-चौराहों और मंदिरों के सामने चूना भी लगाया गया। इस बीच राठौर ने क्षेत्रीय विधायक संजीव झा को घेरते हुए कहा कि पूर्व की केजरीवाल सराकर ने अपने शासनकाल के पूरे 11 साल बस इस जुगत में निकाल दिए की किस प्रकार से सरकारी खजाना खाली करके उसका दूरपयोग किया जाए। इसके साथ ही लोगों ने यह भी कहा कि दिल्ली की जनता आप के मंत्री, विधायक व आप के सभी नेताओं से पूरी तरह से तंग आ चूकि थी, नतीजन इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली से आम आदमी पार्टी का सफाया करके, दिल्ली की जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। तो वहीं राठौर ने कहा कि आप शासित नगर निगम में भी संसाधनों की भी काफी कमी बनी हुई है, निगम में कर्मचारियों का टोटा बना हुआ तो वहीं पाषदों को थोडे संसाधनों और गिने चूने कर्मचारियों से काम चलाना पड़ता है। अन्यथा, पंचायत संघ विधानसभा चुनावों की तरह भविष्य में भी विरोध ओर आंदोलन जारी रखेगा।

# दिल्ली की सूरत बदलने के लिए विधायकों ने उठाए कई मुद्दे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा सत्र के चौथे दिन विधायक अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सदन में विशेष उल्लेख के तहत उठा रहे हैं। विधायक करतार सिंह तंवर, शिखा राय, कुलवंत राणा ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया। वहीं, आज कुछ अखबारों में कैग की रिपोर्ट छपने के बारे में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज जो रिपोर्ट पेश होने वाली है, उसके कुछ अंश कुछ अखबारों में छपे हैं। इस पर कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताई है। इसलिए मीडिया के लोगों से अनुरोध है कि वे सदन में पेश होने से पहले कोई भी रिपोर्ट प्रकाशित न करें।



अन्यथा सदन में मामला उठने पर वे कार्रवाई करने पर मजबूर होंगे। शिखा राय ने ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई का मुद्दा उठाया। मोहन सिंह बिष्ट ने अपने क्षेत्र में सीवरेज की समस्या का मुद्दा उठाया। राजकुमार भाटिया ने अपने क्षेत्र में खाली पड़ी जमीन पर विकास कार्य कराने की मांग उठाई। उन्होंने आदर्श नगर क्षेत्र में रुके हुए राशन कार्ड बनाने के काम को शुरू कराने की मांग की।

**रोहिंग्या लोगों के राशन कार्ड बनाए गए**

उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में रोहिंग्या लोगों के राशन कार्ड बनाए गए हैं और इसकी भी जांच होनी चाहिए। तिलक राज अग्रवाल ने अपने क्षेत्र त्रिनगर में गंदे पानी आने का मुद्दा उठाया।

**शिक्षकों की कमी**

पटपड़गंज विधायक रविंद्र सिंह नेगी ने मदन मोहन सर्वोदय स्कूल की हालत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा एवं शराब मंत्री मनीष सिसोदिया ने इस स्कूल को अंतरराष्ट्रीय स्कूल के तौर पर प्रचारित किया था। लेकिन इस स्कूल की हालत दयनीय है। शिक्षकों की कमी है, 7000 बच्चे यहां पढ़ते हैं और उन्हें परेशानी होती है, कोई सुविधा नहीं है।

**शौचालय में कुंडी तक नहीं**

उन्होंने कहा कि लड़के-लड़कियों के लिए बने शौचालय में कुंडी तक नहीं लगी है, पिछली सरकार ने स्कूलों के पैसे हड़प लिए हैं। पिछली आप सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज लगाने में भी धांधली की, 5 लाख रुपये में लगने वाला राष्ट्रीय ध्वज 21 लाख रुपये में लगाया गया। स्कूलों की व्यवस्थाओं का राजनीतिकरण किया गया।

**सड़क का चौड़ीकरण**

गजेंद्र दराल, मनोज कुमार शौकीन, सूर्य प्रकाश खत्री ने भी अपने क्षेत्र की समस्याएं उठाईं। अजय महावर ने भजनपुरा-गामड़ी रोड को चौड़ा करने का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि कागजों में यह रोड 100 फीट चौड़ी है। लेकिन मौके पर इसकी आधी चौड़ाई भी नहीं है। संजय गोयल ने शाहदरा क्षेत्र में सीवर मेन लाइन की सफाई न होने का मुद्दा उठाया।

# गुरुद्वारा कमेटी ने गुरुद्वारा साहिब में अरदास तोड़ मरोड़ कर करने का लिया गंभीर नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा इंदर लोक में पंथ से निष्कासित रागी दर्शन सिंह से कीर्तन करवाने और उनके साथ आए दविंदर सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा अरदास तोड़-मरोड़ कर पेश करने का गंभीर नोटिस लिया है। मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए इसकी शिकायत श्री अकाल तख्त साहिब को कर दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए कमेटी के धर्म प्रचार विंग के मुखी सरदार जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि कल उनके ध्यान में यह मामला आया था कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा इंदर लोक में पंथ



से बाहर किए दर्शन सिंह रागी से कीर्तन करवाया गया और उसके साथ आए दविंदर सिंह हैप्पी नाम के व्यक्ति ने मौके पर सिख पंथक मयार्दा का बुरी तरह उल्लंघन करते हुए अरदास को तोड़ मरोड़ कर किया। उन्होंने कहा कि इस मामले की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिससे सिख संगतों में भारी गुस्सा है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा प्रबंधकों को आकर संगत के सामने बात करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह को की है।

सिंह साहिब ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक जांच कमेटी गठित की, जिसने मौके पर पहुंचकर सारे हालात का जायजा लिया और तथ्यों को इकट्ठा किया। उन्होंने बताया कि जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सिंह साहिब ज्ञानी रघबीर सिंह को सौंप दी है।

# मेयर सदन में हाउस टैक्स माफी को लेकर कर रहे नाटक: थान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत** संघ ने आम आदमी पार्टी के मेयर द्वारा नगर निगम सदन में हाउस टैक्स माफी का प्रस्ताव पास कराने को चुनावी नाटक करार दिया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का कहना है कि "आप" सरकार ने दिल्ली के गांवों और ग्रामीणों के साथ धोखा किया है क्योंकि यह घोषणा पहले भी दो बार की जा चुकी है। पहली बार 2022 नगर निगम चुनाव से पहले।
दूसरी बार 2 दिसंबर 2023 को पूर्व मेयर शैली ओबरॉय द्वारा। और अब तीसरी बार आप सांसद संजय सिंह ने फिर से यही घोषणा की है। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने



कहा कि हम लगातार गांवों के हाउस टैक्स, पार्किंग चार्ज, कन्वर्जन चार्ज को पूरी तरह माफ करने, गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखने और व्यावसायिक श्रेणी में अधिसूचित करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन इस बार भी निगम सदन के प्रस्ताव में गांवों को पूर्ण रूप से हाउस टैक्स मुक्त नहीं किया गया और न ही ग्रामीणों का जिक्र किया गया।
सिर्फ 100 गज तक के मकानों का हाउस टैक्स पूरी तरह माफ। 100 गज से 500 गज तक के मकानों का हाउस टैक्स 50% माफ। पंचायत संघ ने आरोप लगाया कि "आप" पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव को ध्यान में रखते हुए सिर्फ चुनावी स्टंट कर रही है। डीडीए द्वारा विकसित व सुविधाओ से युक्त क्षेत्रों की कोठियों को हाउस टैक्स माफी का लाभ मिलेगा, जबकि गांवों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि नगर निगम सदन में गांवों के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए जाएं: गांवों का हाउस टैक्स, पार्किंग चार्ज और कन्वर्जन चार्ज पूरी तरह माफ हो। गांवों को भवन उपनियमों से बाहर रखा जाए। 3. रोजगार बढ़ाने के लिए सभी गांवों को व्यावसायिक श्रेणी में अधिसूचित किया जाए।
पंचायत संघ सह-प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि "आप" पार्टी को इन मांगों को नगर निगम सदन में दोबारा पेश कराकर पास करवाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो भी राजनीतिक दल इन मांगों को पूरा करेगा, पंचायत संघ उसका समर्थन कर सकता है। अन्यथा, पंचायत संघ विधानसभा चुनावों की तरह भविष्य में भी विरोध ओर आंदोलन जारी रखेगा।

# 8वां वेतन आयोग: कैबिनेट सचिव के समक्ष रखा शिक्षकों का पक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजकीय विद्यालय** शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि 8वें वेतन आयोग का गठन हो चुका है और आयोग के पदाधिकारी इस पर कार्य शुरू कर चुके हैं। ऐसे में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का पक्ष रखने के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षक संघों और कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों को उचित समय मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से भारत सरकार के कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन से एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लॉई फेडरेशन (क्ढरएत्र) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी.पी. मिश्रा, श्री अतुल मिश्रा, श्री सुरेश रावत और श्री ऋषभ कुमार



शामिल थे। शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने कैबिनेट सचिव श्री टी.वी. सोमनाथन को एक पत्र सौंपकर यह निवेदन किया कि शिक्षकों का पक्ष उचित रूप से रखा जाए और सातवे वेतन आयोग की भांति शिक्षकों का वेतनमान तय करने के लिए गवर्नमेंट स्कूल टीचर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अतिरिक्त समय दिया जाए। इसके अलावा, वी.पी. मिश्रा ने सभी राजकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतनमान के उचित निर्धारण हेतु मान्यता प्राप्त हितधारकों को आमंत्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।
कैबिनेट सचिव महोदय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सही समय पर वेतन आयोग द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में कई बार कुछ तथाकथित सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता केवल खानापूर्ति के लिए आयोग में अपनी बात रखकर इतिश्री कर लेते हैं, जिससे विभिन्न ग्रेड पे के कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों का पक्ष पूरी तरह नजरअंदाज हो जाता है। ऐसे में, सभी कैडर के प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक आयोजित की गई, जो समयपूर्व होने के बावजूद सार्थक परिणाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# पीएम डिग्री विवाद: डीयू ने कहा- कोर्ट को रिकॉर्ड दिखाने में आपत्ति नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री के संबंध में डीयू की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्रीय सूचना आयोग ने डिग्री के बारे में सूचना का खुलासा करने का आदेश दिया था, जिसे डीयू ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। डीयू की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सीआईसी का आदेश रद्द किया जाना चाहिए। हालांकि मेहता ने कहा कि डीयू को कोर्ट को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है। डीयू की तरफ से पेश तुषार मेहता ने कहा कि 1978 की बैचलर ऑफ आर्ट (बीए) की




डिग्री है। नीरज नामक व्यक्ति द्वारा आरटीआई आवेदन के बाद, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 21 दिसंबर, 2016 को उन सभी छात्रों के रिकॉर्ड की जांच करने की अनुमति दी, जिन्होंने 1978 में बीए की परीक्षा पास की थी। इसी साल प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह परीक्षा पास की थी। डीयू ने 11 फरवरी को तर्क दिया कि सार्वजनिक हित के अभाव में केवल जिज्ञासा पूरी करने के लिए आरटीआई कानून के तहत निजी जानकारी मांगने का अधिकार नहीं देती है।

# '2020 दिल्ली दंगा कोई संयोग नहीं, सोची समझी साजिश थी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों को पांच वर्ष होने को आए हैं आज यह आवश्यक है कि हम इन दंगों की पृष्ठभूमि, करने वालों की मानसिकता और दंगा करने वालों के षडयंत्र को न केवल समझें बल्कि, यह सुनिचित करें कि इस प्रकार के दंगों की पुनरावृत्ति न हो। यह दंगे एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत भारत-विरोधी शक्तियों द्वारा कराए गए थे। समय का चुनाव ऐसा किया गया कि इन दंगों को मीडिया में अंतर्राष्ट्रीय कवरेज मिले और भारत की छवि को धूमिल किया जा सके। अतः अमेरिकी राष्ट्रपति श्री ट्रंप की भारत यात्रा एवं दिल्ली प्रवास का समय दंगों के लिए चुना गया।



**'भारत की राजधानी में भयंकर हिंसा फैलाना था मकसद'**

इससे पूर्व यह शक्तियां शाहीन बाग में सीएए के विरोध के आंदोलन में लगी हुई थी। सीएए के विरोध में उनके हाथ कुछ खास नहीं लग पा रहा था। तो उनका अगला कदम भारत की राजधानी में भयंकर हिंसा को फैलाना था। उमर खालिद जो इन दंगों और सीएए विरोध का एक मुख्य चरित्र था उसने 17 फरवरी 2020 को ही यह स्पष्ट कर दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान दंगे होंगे। इन दंगों के लिए भरपूर तैयारी की गई थी। लगभग 7 हजार लोग बाहर से बुलाए गए थे और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में हिंदुओं व उनके व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का उद्देश्य था। इन 7 हजार लोगों ने स्थानीय मुस्लिम लोगों के साथ मिलकर इन दंगों को अंजाम दिया। दंगा भड़काने के लिए मस्जिदों का खुलकर इस्तेमाल किया गया।

**इस दंगे में 500 लोग हुए थे घायल**

मुस्लिम प्रतिष्ठानों और स्कूलों का भी बेजा इस्तेमाल किया गया। इन दंगों के कारण एक आईबी अफसर, दो पुलिसकर्मी सहित 53 लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा। लगभग 500 लोग गंभीर रुप से जख्मी हुए। दंगों के बाद की पुलिस की जांच-पड़ताल में स्पष्ट हो गया कि दंगों से पहले, स्थानीय मुस्लिम समाज को यह संदेश दे दिया गया था कि वे अपने प्रतिष्ठान बंद कर दें। अपने बच्चों को स्कूलों से घर बुला लें और खुद को सुरक्षित कर लें, क्योंकि दंगा करने-कराने वाले अधिकांश लोग बाहर से आये थे और पहला काम जो उन्होंने किया था कि, जो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, उन्हें तोड़कर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

**हिंदुओं को इस कारण से बनाया गया था निशाना**

भारत में दंगें होना कोई नई बात नहीं है।

# शिवाजी कॉलेज ने वार्षिकोत्सव वाइब्रेशन 2025 का सफलतापूर्वक किया आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। शिवाजी कॉलेज** ने अपने वार्षिकोत्सव वाइब्रेशन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन 27-28 फरवरी 2025 को बड़े हर्षोल्लास के साथ किया। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आगाज गुरुवार, 27 फरवरी 2024 को माननीय सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज बतौर मुख्य अतिथि, श्री अनूप कुमार त्रिवेदी, बॉलीवुड अभिनेता एवं रंगमंच व्यक्तित्व, सुश्री ऋचा अनिरुद्ध, टीवी व्यक्तित्व और लेखिका जैसी देश की जानी मानी विभूतियों के करकमलों एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर माननीय प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज एवं सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो. दीपिका यादव, संकाय, कर्मचारी और छात्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज ने अपने स्वागत उद्बोधन में प्रेम और सौंदर्य की महत्ता के हवाले से सांस्कृतिक महोत्सव की उपयोगिता पर बल देते हुए छात्रों को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में पूरी तरह भाग लेने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि माननीय सुश्री बांसुरी स्वराज ने अपने संबोधन में कहा कि भारत न केवल एक राष्ट्र है, बल्कि एक जीवंत सभ्यता भी है। इस देश की नींव हमारे पूर्वजों के खून-पसीने से रखी गई है। भारत की आत्मा एक है, जिसे हमारी सनातन संस्कृति ने जिलाए रखा है। उनके प्रेरक शब्दों ने वार्षिकोत्सव को राष्ट्रवाद की भावना से भर दिया। इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार की अंतर-महाविद्यालयी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिनमें एकल और समूह नृत्य प्रदर्शन, फेस पेंटिंग, फोटोग्राफी, फैशन शो और वाद-विवाद प्रतियोगिता शामिल थी। उदघोष, एथेना, स्वरांजलि और विबग्योर जैसे कार्यक्रमों में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों का प्रतिनिधित्व करने वाले सैंकड़ों छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। पहले दिन, प्रसिद्ध डीजे मुनेका ने एक शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के भीतर नव ऊर्जा एवं उल्लास का संचार किया।

# महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 15 दिनों के विशेष स्वच्छता अभियान की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज। प्रयागराज** के संगम तट पर पिछले 45 दिनों से सनातन आस्था और अध्यात्म का अनवरत प्रवाह महाकुम्भ पर्व के रूप में सम्पन्न हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुम्भ का आयोजन जहां अपनी दिव्यता और भव्यता के लिए जाना गया तो वहीं स्वच्छता के भी कई कीर्तिमान बने। इसी क्रम में महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही शुक्रवार को 15 दिन चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किया। यह जानकारी मेले की विशेष कार्यधिकारी आकांक्षा राना ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री



के निर्देश पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और निर्मल बनाया जाएगा । गंगा सेवा दूतों ने मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर दी है। आने वाले 15 दिनों में प्रयागराज के संगम क्षेत्र, घाटों और मेले की स्थाई व आस्थाई सड़कों को साफ और स्वच्छ किया जाएगा।

**सीएम के निर्देश पर 15 दिनों के स्वच्छता अभियान की शुरूआत**

\विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम महाकुम्भ के अवसर पर सीएम योगी की मंशानुरूप महाकुम्भ को दिव्य-भव्य के साथ स्वच्छ महाकुम्भ के तौर पर भी संचालित किया गया। 15,000 से अधिक स्वच्छता मित्रों और लगभग 2000 गंगा सेवा दूतों ने निरंतर गंगा नदी और मेला क्षेत्र को साफ और स्वच्छ बनाये रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इसी क्रम में महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने स्वच्छता कर्मियों और गंगा सेवा दूतों को सम्मानित करने के साथ मेला क्षेत्र, संगम के घाटों और प्रयागराज नगर को स्वच्छ और निर्मल बनाने का निर्देश दिया है। ताकि महाकुम्भ के बाद भी तीर्थराज प्रयाग में आने वाले श्रद्धालु साफ और स्वच्छ संगम में पवित्र स्नान कर सकें।

**\संगम क्षेत्र को श्रद्धालुओं के लिए बनाया जाएगा स्वच्छ और निर्मल**

मेले की विशेष कार्यधिकारी ने सीएम योगी के निदेर्शों के अनुरूप शुक्रवार से महाकुम्भ मेला क्षेत्र की सफाई के विशेष अभियान की शुरूआत कर दी है। जिसके तहत अगले 15 दिनों तक निरंतर संगम के घाटों, मेला क्षेत्र, मंदिरों और स्थाई व अस्थाई सड़कों को साफ और स्वच्छ करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में लगाये गये 1.5 लाख अस्थाई शौचालयों को भी डिसमेंटल कर हटाया जाएगा। मेला क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण नैनी स्थित बसवार प्लांट में किया जाएगा। इसके साथ ही जल निगम नगरीय और ग्रामीण की ओर से बिछाई गई पाइप लाइन और विद्युत विभाग की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइटों को भी मेले क्षेत्र से हटाने का कार्य शुरू हो गया है।

# कुम्भ अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम की सफलता का श्रेय महाकुम्भ को: सत्यकाम

**प्रयागराज। उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के महाकुम्भ नगर के सेक्टर 7 में स्थित दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर के समापन समारोह में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि शिविर के माध्यम से आधिकाधिक लोगों को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कुम्भ अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम की सफलता का श्रेय महाकुम्भ को जाता है। कुलपति ने कहा कि हजारों लोगों ने इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने में दिलचस्पी दिखाई। पूरे मेला क्षेत्र में पंपलेट के माध्यम से कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया। विश्वविद्यालय ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुंभ गाइड की व्यवस्था की। इसके साथ ही जागरूकता



शिविर में अनेक श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई। कुलपति ने इसके लिए शिविर के नोडल अधिकारी डॉक्टर भदौरिया की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास हमेशा जन-जन तक शिक्षा को पहुंचाना है। दूरस्थ शिक्षा किसी भी उम्र में ग्रहण की जा सकती है। दूरस्थ शिक्षा व्यक्तित्व विकास में अत्यंत उपयोगी है। प्रो. सत्यकाम ने कहा कि हमें विश्वविख्यात कुंभ मेले की मेजबानी करने का सुअवसर मिला। ऐसे अवसर पर हमारा विश्वविद्यालय परिवार महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं की हरसंभव सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने में तत्पर रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के सरगना की तलाश में अमरोहा व बिजनौर में छापामारी जारी

**मुरादाबाद। अंतरराज्यीय** ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के सरगना अमरोहा निवासी बिजली विभाग के ठेकेदार सतपाल की तलाश में पुलिस ने शुक्रवार को भी बिजनौर और अमरोहा में दबिश दी, वह हत्थे नहीं चढ़ा। वहीं जांच-पड़ताल के बाद सतपाल के करीबी बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी पुलिस के रडार पर आ गए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि सतपाल की गिरफ्तारी के बाद पता चलेगा कि ट्रांसफार्मर और तार चोरी होने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं की जाती थी। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस पुलिस ने बीते सोमवार को अमरोहा के धनौरा थाना क्षेत्र के फदैड़ी सादात निवासी सरताज, उसके भाई इमरान, असलम, सलीम, बंटी और नीरज कुमार उर्फ जेई साहब को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने कबूला कि उन्होंने ही सिविल लाइंस क्षेत्र से ट्रांसफार्मर चोरी की थी। उन्होंने ठेकेदार सतपाल को गिरोह का सरगना बताया। इस मामले में कितने अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### उप्र के झांसी में भीषण सड़क हादसा, गुजरात के 4 लोगों की मौत

**झांसी। उत्तर प्रदेश** के झांसी जिले के चिरगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार के दरवाजे तोड़कर मृतकों व घायलों को निकाला जा सका। ये लोग गुजरात के रहने वाले थे। ये सभी श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद अयोध्या से रामलला के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे। झांसी-कानपुर हाइवे पर सुल्तानपुरा मोड़ फ्लाईओवर के ऊपर शुक्रवार को एक ट्रक में तेज गति कार पीछे से जा घुसी। इस भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। किसी तरह घायलों को कार से निकालकर मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर हीरा कंपनी के कर्मचारी जगदीश भाई (50), उनकी पत्नी कैलाश बेन (48), उनके साले विपिन भाई (54) और सरजह भावना बेन (51) मौत हो गई जबकि बेटी मिली (20) की हालत नाजुक बनी है। मृतक जगदीश के मित्र भरत ने बताया कि हीरा कंपनी के कर्मचारी जगदीश भाई गुजरात के सूरत के रहने वाले थे। बीती 22 फरवरी को जगदीश अपनी पत्नी कैलाश बेन, बेटी मिली, साले विपिन और विपिन की पत्नी भावना बेन के साथ महाकुंभ गए थे। वहां से अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन किए। गुरुवार को सभी लोग कार से सूरत के लिए रवाना हुए थे। आज सुबह सभी लोग झांसी में चिरगांव थाना खेत्र के सेमरी टोल प्लाजा के पास एक ढाबा पर रुके और चाय पी। इसके बाद वे रवाना हो गए। पीछे भरत अपनी फेमिली के साथ दूसरी गाड़ी में थे।

### विधानसभा में गम्भीर बीमारियों से पीड़ितों को विधायक नीरज बोरा ने दिलायी वित्तीय सहायता

**लखनऊ। लखनऊ उत्तर** से विधायक नीरज बोरा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में जानकीपुरम निवासी आकाश एंथनी गम्भीर ?बीमारी के उपचार के लिए मेरे पास सहायता मांगने आये थे। उनके उपचार के लिए विवेकाधीन कोष से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया। जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए आकाश एंथनी को उपचार के लिए एक लाख पचास हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। विधायक ने बताया कि आकाश के जैसे ही गंभीर बीमारी से पीड़ित ठाकुरगंज क्षेत्र में दौलतगंज निवासी रणरेंद्र प्रताप सिंह और फैजुल्लागंज निवासी अभिषेक कुमार दीक्षित उनके पास आये थे। दोनों के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिया गया और इसमें मुख्यमंत्री ने विवेकाधीन कोष से रणरेंद्र प्रताप को एक लाख सोलह हजार चार सौ रुपए की वित्तीय सहायता और अभिषेक कुमार दीक्षित के लिए तीन लाख पच्चीस हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

## सड़क हादसे में कोलकाता के तीन लोगों समेत चार की मौत

**चंदौली। उत्तर प्रदेश** के चंदौली जनपद के नौगढ़ मधुपुर मार्ग पर जयमोहिनी पोस्ता गांव के समीप गुरुवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुन वहां पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे लोगों की किसी तरह बाहर निकलवा कर उन्हें अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी पाते ही पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जनपद के चकिया पालपुर निवासी इश्तखार अहमद उर्फ प्रधान (45) पुत्र शेरा अली की बहन की शादी पश्चिम बंगाल के कोलकाता कमरहट्टी में हुई है।

# सम्भल जामा मस्जिद की साफ सफाई कराने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज। इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने एएसआई को सम्भल जामा मस्जिद की साफ सफाई कराने का निर्देश दिया लेकिन रंगाई पुताई के लिए आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने मस्जिद की इंतजामिया कमेटी को अगली सुनवाई तक एएसआई की रिपोर्ट पर आपत्ति प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही अगली सुनवाई के लिए चार मार्च की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने संभल जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को दिया है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एएसआई ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। एएसआई के अधिवक्ता मनोज



कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट के साथ पूरक शपथ पत्र सोमवार तक ई-फाइल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मस्जिद के मुतवल्ली की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि मस्जिद के अंदरूनी हिस्से को सुनहरे लाल, हरे और पीले जैसे तेज रंगों के साथ मोटी परतों में एनामेल पेंट से पेंट किया गया है, जो स्मारक की मूल सतह को छुपा रहा था। निरीक्षण में यह बात भी सामने आई कि आधुनिक एनामेल पेंट अब भी अच्छी स्थिति में है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि प्रवेश द्वार के साथ प्रार्थना हॉल के पीछे और उत्तर की ओर स्थित कक्षों में कुछ खराब होने के संकेत हैं। इसके अलावा द्वार का लिंटल खराब हो गया है जिसे बदलने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कक्ष खस्ता हालत में हैं, खासकर छत जो लकड़ी के छप्पर से भी बनी है। उन्होंने बताया कि एएसआई की संरक्षण और विज्ञान शाखा इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जहां तक दैनिक रखरखाव यानी सफाई, धूल हटाना और स्मारक के आसपास की घासफूस को हटाने का सवाल है, एएसआई यह कार्य करेगा बशर्ते मस्जिद की इंतजामिया कमेटी एएसआई को ऐसा करने में कोई बाधा न डाले। इस पर इंतजामिया कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि कमेटी केवल पुताई और रोशनी की व्यवस्था करना चाहती है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को परिसर में जमा धूल और घास साफ कराने का निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि वह रिपोर्ट पर आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं क्योंकि मस्जिद में रंगाई पुताई की आवश्यकता है, जो वार्षिक गतिविधि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सफाई के दौरान कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी। दूसरी ओर राज्य सरकार के महाधिवक्ता अजय मिश्र ने कहा कि कानून और व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। एडवोकेट हरिशंकर जैन ने भी शपथ पत्र दाखिल के लिए मंगलवार तक का समय मांगा।

# सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा नर्सरी से 8 तक की पुस्तकों में कोई बदलाव न हो: अनुज गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबाद । मुरादाबाद** पेरेंट्स ऑफ आल स्कूल एसोसिएशन ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की कि सभी बोर्ड में सत्र 2025-2026 के लिए पुस्तकें एवं पाठ्यक्रम में कोई बदलाव न हो। निजी स्कूलों के द्वारा प्रत्येक वर्ष फीस बढोतरी पर रोक लगे, जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक शीघ्र आहूत की जाए। मुरादाबाद पेरेंट्स ऑफ आल स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा कि सत्र 2025-2026 के




लिए स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी पर रोक लगायी जाये क्योंकि स्कूलों द्वारा सत्र 2022-23 में 12 प्रतिशत, 2023-24 में भी 12 प्रतिशत की दर से फीस बढ़ोतरी की गयी एवं सत्र 2024-25 में भी लगभग 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। इस प्रकार कुल 38 प्रतिशत की बढ़ोतरी तीन सालों में हो चुकी है। सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा नर्सरी से 8 तक की पुस्तकों में कोई बदलाव न हो।

## देवरिया में पुलिस ने अवैध होटल किया सील

**देवरिया। सलेमपुर** कोतवाली पुलिस द्वारा कस्बे के एक होटल में छापा मारने पर अवैध शराब और पेन ड्राईव जिसमें महिलाओं के अश्लील चलचित्र व फोटो मिले हैं। मजिस्ट्रेट की देख रेख में पुलिस द्वारा अवैध होटल को आज सील कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सलेमपुर क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ल एवं नायब तहसीलदार (मजिस्ट्रेट) गोपाल की संयुक्त टीम बनाकर आलोक होटल में संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस बल के साथ होटल में दबिश दी गई। जहां पर कुछ युवक व युवतियां मिले।

# राज्यपाल ने शैक्षणिक गतिविधियों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या। प्रदेश की** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय के नवीन पर में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में प्रयोगशाला, नवीन परिसर, निमार्णाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी भवन, सरदार पटेल एकात्मता केंद्र भवन, मल्टीपर्पस लेक्चर हॉल परिसर (प्रथम तल), निमार्णाधीन कुलपति आवास, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त अधिकारी आवास एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान, राज्यपाल ने विभिन्न कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को सीमित संसाधनों में भी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि संघर्ष और मेहनत ही सफलता की कुंजी है, और यदि छात्र कठिन परिश्रम एवं संकल्प के साथ अध्ययन करें तो वे अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को गंभीरता से समझने का आह्वान किया और कहा कि आज का युवा ही भविष्य का नेतृत्वकर्ता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को भी निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

# सीएम के कार्यक्रम को देखते हुए डीएम ने किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**बिजनौर** डीएम जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा , एडीएम प्रशासन विनय कुमार व एसपी सिटी ने अधिकारियों के साथ हीमपुर दीपा क्षेत्रान्तर्गत एग्रिस्टो कम्पनी में वीआईपी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कम्पनी परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा,यातायात व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं व तैयारियों के संबंध में सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । चांदपुर मार्ग पर बेल्जियम की एग्रिस्टो कंपनी की नई यूनिट बनेगी। इसकी नींव रखने के लिए वहां की राजकुमारी 65 प्रतिनिधियों के साथ दो मार्च को बिजनौर पहुंचेंगी। उनके साथ ही



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने की भी पूरी संभावना है। इस दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को डीएम जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा ने अधिकारियों के साथ एग्रिस्टो कंपनी स्थल पर पहुंचकर हेलीपैड समेत तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कम्पनी के फील्ड क्षेत्र में चार हेलीपैड बनायें गये हैं हीमपुर दीपा क्षेत्र में एग्रिस्टो कंपनी की दूसरी यूनिट लगनी है। इस यूनिट के लिए दो मार्च को भूमि पूजन होना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बेल्जियम के राजा के प्रतिनिधि के रूप में वहां की राजकुमारी 65 सदस्यों के साथ पहुंचेंगी। इनमें बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री समेत वहां की सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस दिन यहां पहुंच सकते हैं। इस कंपनी ने वर्ष 2022 में जिले में उत्पादन शुरू किया था। यहां के उत्पाद विदेशों को भी निर्यात किए जाते हैं। कंपनी करीब 750 करोड़ की लागत से फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज की यूनिट लगा रही है। डीएम जसजीत कौर ने बताया कि बेल्जियम की राजकुमारी और प्रतिनिधि आ रहे हैं।

# पोते ने दादा-दादी और दादा के भाई की बेरहमी से की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर। गोरखपुर के** झंगहा थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा स्थित कोईरान टोला में शुक्रवार सुबह एक खौफनाक हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे एक युवक ने अपने ही दादा, दादी और दादा के भाई की फावड़े से बेरहमी से हत्या कर दी। यही नहीं, उसने घर में बंधी भैंस पर भी जानलेवा हमला कर उसे मार डाला। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में इस्तेमाल किए गए फावड़े को भी बरामद कर लिया। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे यह



खौफनाक वारदात घटी। आरोपित रामदयाल मौर्य ने सबसे पहले घर में बंधी भैंस के सिर पर फावड़े से वार किया। भैंस की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। जब उसकी दादी द्रौपदी देवी (70) उसे रोकने आईं, तो उसने उन पर भी प्रहार कर दिया। दादी की चीख सुनकर उनके पति कुबेर मौर्य (72) और दादा के भाई साधु मौर्य (75) बचाने पहुंचे, लेकिन रामदयाल ने उन पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही तीनों बुजुर्गों की मौत हो गई। गांववालों ने जब इस भयावह दृश्य को देखा तो पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जबकि कुछ ने रामदयाल को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही झंगहा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर आरोपी को गांव के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हत्या की इस दिल दहला देने वाली घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गांववालों का कहना है कि रामदयाल मानसिक रूप से विक्षिप्त था और अक्सर अजीब हरकतें करता था। कुछ ग्रामीणों का यह भी मानना है कि हो सकता है कि हत्या के पीछे कोई पारिवारिक विवाद हो। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि क्या यह घटना किसी नशे या उकसावे का नतीजा थी या फिर कोई सोची-समझी साजिश थी। गोरखपुर के एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया, "हमें सूचना मिली थी कि एक युवक ने अपने दादा-दादी और दादा के भाई की हत्या कर दी है।

आरोपित को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही हत्या के पीछे के सही कारणों का पता चल सकेगा।" गांव में इस हत्याकांड के बाद मातम पसरा हुआ है।

# लद्दाख के तीरंदाजों को डीएम ने सौंपे आधुनिक धनुष

**टीम एक्शन इंडिया**
**देवरिया। कलेक्ट्रेट** परिसर में आज जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान के सहयोग से लद्दाख के तीरंदाजों को 2.5 लाख रुपये मूल्य के 7 आधुनिक धनुष प्रदान किए। धनुष प्राप्त कर तीरंदाजों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अब वे आधुनिक धनुषों के साथ अपने प्रशिक्षण को और बेहतर बनाएंगे। लद्दाख के तीरंदाजों का यह दल संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान में पिछले एक महीने से प्रशिक्षण ले रहा है। शुरूआत में हल्के वजन के धनुष के साथ अभ्यास कराया गया, साथ ही 5 किमी दौड़, ओपन जिम और



रबर व मिरर ट्रेनिंग के माध्यम से उनकी फिटनेस और तकनीक को निखारा गया। अब आधुनिक धनुष मिलने के बाद वे उन्नत स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान ने अजीत साहू, आईएएस, टोनीट ताशी, भाजपा कोषाध्यक्ष, लद्दाख, लोबजंग शेरब एलएएचडीसी लेह लद्दाख पार्षद खालत्सी निर्वाचन क्षेत्र के सहयोग से, प्रायोजकों के माध्यम से लद्दाख के तीरंदाजों को 2.5 लाख मूल्य के 5 रिकर्व शुरूआती धनुष और 2 कंपाउंड धनुष प्रदान किए गए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## रोहतक जेल में वापस लौटा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम

टीम एक्शन इंडिया
रोहतक। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम 30 दिन की पैरोल खत्म होने के बाद शुक्रवार को सुनारियां जेल लौट आएं। इस बार डेरा प्रमुख सिरसा डेरे में भी दस दिन रुके, जबकि बीस दिन वह यूपी के बरनावा आश्रम में रहे हैं। राम रहीम के आगमन को देखते हुए जेल परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी थी। जेल प्रशासन को पहले ही मैसेज था कि शाम करीब पांच बजे राम रहीम जेल पहुंचेंगे। साध्वी यौन शोषण मामले में बीस साल की सजा काट रहे राम रहीम 29 जनवरी को तीस दिन की पैरोल पर गए थे। पहली बार राम रहीम को सिरसा डेरे में जाने की अनुमति मिली थी और इसके बाद वह कड़ी सुरक्षा में सिरसा गए और करीब दस दिन तक वहां पर रहें है। इसके अलावा राम रहीम बरनावा आश्रम रहें है। शुक्रवार शाम को राम रहीम गाडियों के काफिले के साथ सुनारियां स्थित जेल पहुंचे। जेल प्रशासन ने सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम कर रखे थे।

## खाटूश्यामजी का वार्षिक फाल्गुन मेला शुरू

टीम एक्शन इंडिया
सीकर। बाबा खाटूश्यामजी मंदिर के पट खुलने के साथ ही वार्षिक फाल्गुन मेला शुरू हो गया है। तिलक और श्रृंगार के कारण गुरुवार रात 10 बजे से मंदिर में दर्शन बंद कर दिए गए थे, जो शुक्रवार शाम फिर से शुरू हो गए। पट खुलते ही मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और 'जय बाबा श्याम' व 'शीश के दानी की जय' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर बाबा का स्वागत किया, जबकि दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं। वार्षिक लक्खी मेले के दौरान भक्त निरंतर बाबा खाटूश्याम के दर्शन कर सकेंगे। यदि भीड़ कम होती है, तो मंदिर के पट बंद किए जाएंगे, अन्यथा केवल श्रृंगार और भोग के समय कुछ मिनटों के लिए पर्दा किया जाएगा। यह मेला 11 मार्च तक चलेगा, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। 10 मार्च को बाबा श्याम की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। भक्तों की सुविधा के लिए रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया गया है। मेले की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र को 9 सेक्टर में बांटा गया है, जबकि पुलिस ने इसे 22 सेक्टरों में विभाजित किया है। 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों और 6 ड्रोन कैमरों से मेले की निगरानी की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों को मिलेगा महाकुम्भ सेवा मेडल

**10 हजार का स्पेशल बोनस : मुख्यमंत्री, महाकुम्भ की पूणार्हुति कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने पुलिसकर्मियों से किया संवाद,**

टीम एक्शन इंडिया
**महाकुम्भ नगर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ 2025 की पूणार्हुति के अवसर पर गंगा मंडपम में आयोजित एक विशेष संवाद कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ को दुनिया का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक आयोजन करार देते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व और पुलिस बल के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। सीएम योगी ने कहा कि इस आयोजन ने आस्था और अर्थव्यवस्था के समन्वय का एक नया प्रतिमान स्थापित किया है, जिसे दुनिया ने देखा और सराहा। सीएम ने पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की। उन्होंने घोषणा की कि महाकुम्भ में ड्यूटी देने वाले 75 हजार जवानों को 'महाकुम्भ सेवा मेडल' और



प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। साथ ही, अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को 10 हजार रुपये का स्पेशल बोनस और सभी को फेज वाइज एक सप्ताह का अवकाश प्रदान किया जाएगा।

**हमारी पुलिस ने समाधान का रास्ता चुना और असंभव को संभव बनाया**

मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से अपने संबोधन में कहा कि महाकुम्भ जैसा विशाल आयोजन एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन हमने इसे एक ऊंची चोटी तक पहुंचाया। यह आप सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अगर हम समस्या के बारे में सोचते तो बहाने मिलते, लेकिन समाधान के बारे में सोचा तो रास्ते मिले। हमने समाधान का रास्ता चुना और इसे दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बनाया। उन्होंने पीएम मोदी के 'दिव्य-भव्य और डिजिटल कुम्भ' के थीम की

**आभार**

**▸▸ महाकुम्भ में उत्कृष्ट कार्य के लिए 75 हजार पुलिसकर्मियों और अन्य सुरक्षाकर्मियों के प्रति जताया आभार**

चर्चा करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने महाकुम्भ की आलोचना करने वालों को भी खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि जो महाकुम्भ का भागिदार बना होगा वहीं इसके स्किल और स्केल के बारे में समझ पाएगा। किसी कोने में बैठकर विद्वेष भाव से टिप्पणी कर देना आसान बात है। उन्होंने महाकुम्भ के दौरान पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की और कहा कि कई बार कुछ लोग जवानों को धक्का भी दे देते थे, तब भी हमारे जवानों ने सहनशीलता का परिचय दिया।

**आस्था और अर्थव्यवस्था का ऐसा अनोखा संगम दुनिया में कहीं नहीं दिखा**

सीएम योगी ने बताया कि प्रयागराज के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और महाकुम्भ में राज्य सरकार ने करीब साढ़े 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए, जिसके परिणामस्वरूप राज्य की अर्थव्यवस्था में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपये की अभूतपूर्व वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी आस्था को अर्थव्यवस्था के साथ इस तरह नहीं जोड़ा गया। भारत के ऋषियों ने कहा था कि यदि हम सही मार्ग पर चलें और आस्था का सम्मान करें, तो अर्थ और कामनाओं की सिद्धि स्वतः प्राप्त होगी। महाकुम्भ ने इसे साकार करके दिखाया।

## बदरीनाथ एसटीपी प्लांट से प्रदूषण के मामले में हाईकोर्ट सख्त



टीम एक्शन इंडिया
**महाकुम्भ नगर:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बदरीनाथ में स्थापित किए जा रहे एसटीपी प्लांट से भागीरथी नदी में हो रहे संभावित प्रदूषण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह कमेटी छह माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। जनहित याचिका डिंपल दुबे और अन्य ने दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि बदरीनाथ में बन रहे एसटीपी प्लांट से सीवर का पानी भागीरथी नदी को प्रदूषित कर रहा है। साथ ही, प्लांट की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है और इसे प्रस्तावित स्थान के बजाय अन्यत्र स्थापित किया गया है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन पर खतरा पैदा हो सकता है।

वहीं, जल संस्थान ने कोर्ट में जवाब देते हुए इन आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि एसटीपी प्लांट से कोई प्रदूषण नहीं फैल रहा है।

## करोड़ों डकारने वालों को चुनाव में सबक सिखाएगी जनता: हुड्डा



टीम एक्शन इंडिया
**रोहतक। सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय रोहतक महानगर की तरह विकास के नक्शे पर उभरा लेकिन पिछले दस साल में विकास की पटरी से उतर गया। यहाँ कोई नया विकास का काम नहीं हुआ। कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय जो इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया था वो भाजपा सरकार ने बीते करीब दस वर्षों में बर्बाद कर दिया। गंदे पानी की समस्या पिछले कई वर्षों से अनवरत जारी है। गर्मी का मौसम आते ही यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। लोगों पर लाखों रुपये के प्रापर्टी टैक्स थोप दिये गये। सड़कों की बदहाली किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि नई सडकें बनाना तो दूर, यह सरकार टूटी-फूटी सडको पर पैच वर्क तक नहीं करवा पाई। यह बात उन्होंने शुक्रवार को रोहतक के विभिन्न वार्डो में कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी सूरजमल किलोई व

**दावा**

**▸▸ कांग्रेस की सरकार के समय विकास का जो इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया वह भाजपा ने दस साल में कर दिया बर्बाद**

पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं व रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय बीजेपी ने कहा था कि एचकेआरएम के जरिए लगे कर्मचारियों को पक्का करेंगे लेकिन अब उनको हटाया जा रहा है।

सफाई कर्मचारी पक्के होना तो दूर, कई महीनों से सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह भी नहीं आ रही। लोगों के पीले कार्ड काटे जा रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि बीजेपी झूठ बोलने वाली पार्टी है।

## महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 15 दिनों के विशेष स्वच्छता अभियान

टीम एक्शन इंडिया
**महाकुम्भ नगर:** प्रयागराज के संगम तट पर पिछले 45 दिनों से सनातन आस्था और अध्यात्म का अनवरत प्रवाह महाकुम्भ पर्व के रूप में संपन्न हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुम्भ 2025 का आयोजन जहां अपनी दिव्यता और भव्यता के लिए जाना गया तो वहीं महाकुम्भ में स्वच्छता के भी कई कीर्तिमान बने। इसी क्रम में महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया। साथ ही अगले 15 दिन विशेष स्वच्छता अभियान चला कर महाकुम्भ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और निर्मल बनाने का निर्देश भी दिया है। मेले की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के मार्गदर्शन में स्वच्छता मित्रों और गंगा सेवा दूतों ने शुक्रवार से ही मेला क्षेत्र में विशेष



स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर दी है। आने वाले 15 दिनों में प्रयागराज के संगम क्षेत्र, घाटों और मेले की स्थाई व आस्थाई सड़कों को साफ और स्वच्छ किया जाएगा।

**सीएम के निर्देश पर 15 दिनों के स्वच्छता अभियान की शुरूआत**

विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम महाकुम्भ के अवसर पर लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ को दिव्य-भव्य के साथ स्वच्छ महाकुम्भ के तौर पर भी संचालित किया गया। 15,000 से अधिक स्वच्छता मित्रों और लगभग 2000 गंगा सेवा दूतों ने निरंतर गंगा नदी और मेला क्षेत्र को साफ और स्वच्छ बनाये रखने में कोई कसर बाकी नहीं

**स्वच्छता पर जोर**

**▸▸ महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु करेंगे स्वच्छ और निर्मल संगम में स्नान**

रखी। इसी क्रम में महाकुम्भ के समापन अवसर पर सीएम योगी ने स्वच्छता कर्मियों और गंगा सेवा दूतों को सम्मानित करने के साथ मेला क्षेत्र, संगम के घाटों और प्रयागराज नगर को स्वच्छ और निर्मल बनाने का निर्देश दिया है। ताकि महाकुम्भ के बाद भी तीर्थराज प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु साफ और स्वच्छ संगम में पवित्र स्नान कर सकें।

## जोधपुर में तीन पारियों में संपन्न हुई रीट, दूसरे दिन भी दिखी सख्ती

टीम एक्शन इंडिया
**जोधपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 शुक्रवार को लेवल 2 के लिए सुबह दस से दोपहर 12.30 बजे तक हुई। इसके साथ ही तीन पारियों में हुई परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। गुरुवार की भांति आज भी परीक्षा के दौरान नकल रोकने को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त रहे। रीट परीक्षा जिला नोडल अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर (शहर- प्रथम) उदय भानू चारण ने बताया कि रीट परीक्षा 27 फरवरी को दो पारियों में हुई थी।

## कार की खिड़कियों पर बैठ मांगे वोट

टीम एक्शन इंडिया
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद जिले में नगर निगम चुनाव प्रचार के आज आखिरी दिन प्रत्याशियों ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। बल्लभगढ़ सेक्टर-तीन में ऐसी ही तस्वीर सामने जहां कुछ युवक रोड में कार की खिड़कियों पर हाथों में पार्टी के झंडे लेकर बैठे नजर आए। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की जमकर अनदेखी की गई। जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कई इलाकों में चुनावी रैलियों और रोड शो के कारण जाम की स्थिति बन गई। खासकर मुख्य बाजारों और व्यस्त सडकों पर लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि शुक्रवार को रोड शो के दौरान कई गाडियों में युवक खिड़कियों के ऊपर बैठे हुए नजर आए। यह न केवल उनकी सुरक्षा के लिए खतरनाक है, बल्कि यह साफ तौर पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भी है। ट्रैफिक नियमों के अनुसार वाहन से बाहर लटकना या खिडकी के ऊपर बैठना गैरकानूनी है, लेकिन चुनावी जोश में समर्थक इन नियमों को ताक पर रखकर रोड शो में शामिल हो रहे हैं। इससे न केवल उनकी जान को खतरा हो सकता है, बल्कि सडक पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एक कार्यक्रम में मौजूद रहे।




दिव्य — महाकुम्भ में बिताए पल, संतों की वाणी और आध्यात्मिक अनुभूतियां सजीव बनी रहेंगी

## महाकुम्भ एक याद बन गया, लेकिन इसकी गूंज सदियों तक रहेगी

टीम एक्शन इंडिया
**प्रयागराज,: प्रयागराज** महाकुम्भ 45 दिनों तक आस्था, श्रद्धा और संस्कृति का केंद्र बना रहा। करोड़ों श्रद्धालुओं ने यहां पुण्य स्नान किया, संतों-महात्माओं के प्रवचन सुने और दिव्य वातावरण का आनंद लिया। अब जब महाकुम्भ का समापन हो गया है तो यह एक याद बनकर दिलों में बस गया है।

**संगम तट सूना, लेकिन स्मृतियां जीवंत**

महाकुम्भ के दौरान जो घाट भक्तों से भरे रहते थे, वे अब सूने हो चुके हैं। श्रद्धालु अपने-अपने गंतव्य की ओर लौट चुके हैं, लेकिन संगम की लहरों में अभी भी आरती की गूंज



महसूस होती है। महाकुम्भ में बिताए पल, संतों की वाणी और आध्यात्मिक अनुभूतियां श्रद्धालुओं के हृदय में सजीव बनी रहेंगी। महाकुंभ के सफल आयोजन में प्रशासन, सुरक्षा बलों और विशेष रूप से सफाई कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन कर्मयोगियों का आभार व्यक्त किया और उनके योगदान को सराहा। कुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई कार्य अभी भी जारी है।

संकल्प: गंगा-यमुना की निर्मलता और संस्कृति की रक्षा

महाकुंभ के समापन ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर भी चर्चा को तेज कर दिया है। महाकुम्भ ने एक बार फिर गंगा और यमुना की पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा दी है। इस भव्य आयोजन की समाप्ति के साथ, सभी को संकल्प दिलाया है कि मां गंगा और यमुना को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने में योगदान देंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस दिव्य अनुभव का आनंद ले सकें।